You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-43 ❑ मंगलवार, 11 मार्च 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



विद्यार्थी वर्ग शिक्षा हासिल करके रोजगार पाने की मानसिकता को बदलें और रोजगार पाने की बजाय रोजगार उत्पन्न करने वाले बनें। यदि हम ऐसा करते हैं तो यह समाज कल्याण व देश की उन्नति में बहुत बड़ा कदम होगा।
द्रौपदी मुर्मु

'आसन को धमकी' पर बिरला ने दयानिधि मारन को दी चेतावनी 11

गायक कुमार सानू ने कैंची धाम में टेका माथा 12

## नोएडा पावर कंपनी को भी अब सार्वजनिक करने होंगे बिजली आपूर्ति के आंकड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❑ यूपी राज्य विद्युत नियामक आयोग ने एनपीसीएल से मांगे बीते पांच साल के आंकड़े

❑ यूपीएसएलडीसी ने शुरू की कार्रवाई

लखनऊ। अब नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) को भी अपनी बिजली आपूर्ति के आंकड़े पब्लिक डोमेन में डालने होंगे। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के लोक महत्व के प्रस्ताव पर सुनवाई करते हुए सोमवार को इसके आदेश दिए। आयोग ने एनपीसीएल से बीते पांच साल के आंकड़े यूपी राज्य भार वितरण केंद्र (यूपीएसएलडीसी) को उपलब्ध करवाने के आदेश दिए हैं।

आदेश के बाद यूपीएसएलडीसी ने भी इस संबंध में अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। नोएडा पावर कंपनी पर आरोप थे कि वह अपने क्षेत्र में आने वाले तकरीबन 118 गांवों को रोस्टर से भी कम बिजली आपूर्ति कर रहा है। इसके उलट कंपनी का दावा था कि वह गांवों को 20-21 घंटे बिजली आपूर्ति करवा रहा है। जब आंकड़ों में यह विरोधाभास आया तो सोमवार को राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में इस संबंध में लोक महत्व का प्रस्ताव दाखिल किया। आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार और सदस्य संजय कुमार सिंह के सामने हुई मामले की सुनवाई में उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने एनपीसीएल के आंकड़े यूपीएसएलडीसी की वेबसाइट पर न होने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब सभी बिजली कंपनियों के आंकड़े यूपीएसएलडीसी पब्लिक डोमेन में डालता है तो एनपीसीएल को इससे छूट क्यों? मामले की सुनवाई के बाद नियामक आयोग ने एनपीसीएल के पांच साल के आंकड़े अपलोड करवाने के आदेश दिए हैं। आयोग के आदेश के बाद यूपीएसएलडीसी ने एनपीसीएल से आंकड़े मांगने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उपभोक्ता परिषद ने कंज्यूमर राइट रूल-2020 की धारा-10 के तहत नोएडा क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से 24 घंटे बिजली दिए जाने का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अगर उपभोक्ताओं ● शेष पेज 11 पर

## कई जिलों में जमीनों के सर्किल रेट जल्द बढ़ेंगे

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❑ जिन जिलों में वर्षों से नहीं हुआ सर्किल रेट का पुनरीक्षण वहां प्राथमिकता पर कार्यवाही को योगी सरकार कर रही सुनिश्चित

❑ 1 जनवरी 2024 से लेकर अब तक प्रदेश के 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी

❑ प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसानों का होगा सबसे ज्यादा फायदा

❑ कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण में किसानों को जमीन का सही मूल्य मिलने का मार्ग होगा प्रशस्त




लखनऊ। राज्य सरकार लखनऊ समेत कई जिलों में जल्द ही जमीनों के सर्किल रेट का पुनरीक्षण कर बढ़ाने जा रही है। जिन जनपदों में वर्षों से जमीनों की सर्किल रेट का पुनरीक्षण नहीं हुआ है, वहां प्राथमिकता पर इस कार्रवाई को पूरा किए जाने पर फोकस किया जा रहा है। एक जनवरी 2024 से अब तक प्रदेश के 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट को बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुछ जिलों में पुनरीक्षण प्रक्रिया जारी है, वहीं अन्य जिलों में भी इसे जल्द ही शुरू किए जाने की योजना है।

जमीन के सर्किल रेट का पुनरीक्षण होने का सबसे बड़ा फायदा किसानों को मिलता है। पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने पर कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण में किसानों को जमीन का सही मूल्य मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है। यही कारण है कि योगी सरकार द्वारा प्रदेश में जारी विकासपरक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सभी जिलों में जमीनों के सर्किल रेट से जुड़ी पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरा कर मूल्य बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश स्टाम्प (संपत्ति का मूल्यांकन) की द्वितीय संशोधन नियमावली-2013 नियम 4 (1) के तहत जिलाधिकारी द्वारा अगस्त में वार्षिक रूप से जिले के विभिन्न भागों में स्थित कृषि व अकृषक भूमि का न्यूनतम मूल्य प्रति हेक्टेयर-प्रति वर्गमीटर की दर निर्धारित किए जाने का उल्लेख है। आवश्यकता होने पर जिलाधिकारी द्वारा वर्ष के मध्य में भी सर्किल दर सूची का पुनरीक्षण का कार्य किया जा सकता है। ऐसे में, प्रदेश में एक जनवरी 2024 से लेकर अब तक 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हाल ही में मुख्य सचिव के समक्ष हुई समीक्षा बैठक में इस विषय पर विचार-विमर्श किया गया था, जिसमें मुख्य सचिव द्वारा निर्णय लेते हुए पुनरीक्षण की कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया था। जिन जिलों में वर्षों से पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, उनमें लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, बागपत, इटावा, कन्नौज, हापुड़, बुलंदशहर, मेरठ, महाराजगंज, कुशीनगर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, एटा, कासगंज, मुजफ्फरनगर, बदायूं, झांसी, जालौन, ललितपुर, संत कबीरनगर, कौशाम्बी व प्रयागराज आदि प्रमुख हैं। इन सभी जिलों में जल्द ही पुनरीक्षण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। वहीं शामली, सहारनपुर, मीरजापुर, अलीगढ़, बांदा, हमीरपुर, आगरा, सुल्तानपुर, अमेठी व गौतमबुद्ध नगर समेत कई जिलों में फिलहाल पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है।

## संक्षेप

### ईडी ने भूपेश बघेल के घर पर की छापेमारी

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन और आर्थिक अनियमितताओं से जुड़े मामलों में सोमवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवम कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल और उनके पुत्र चैतन्य बघेल के घर पर छापेमारी की। ईडी की टीम ने श्री बघेल भिलाई-3 पदुम नगर स्थित घर के साथ-साथ अन्य 14 ठिकानों पर छापेमारी की है, जहां महत्वपूर्ण दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है। इसी बीच, प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सुबह से ही गहमा गहमी बनी हुई है। प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शर्मा ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर ईडी टीम श्री बघेल के भिलाई निवास पर पहुंची है।

### एयर इंडिया के विमान को मिली बम की धमकी

मुंबई। मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाले एयर इंडिया के विमान (एआई119) को सोमवार को बम की धमकी के बाद बीच उड़ान से ही वापस लौटना पड़ा। एयर इंडिया के बयान के अनुसार, उड़ान भरने के आठ घंटे बाद विमान के शौचालय में विस्फोट की धमकी भरा नोट मिला। बोइंग 777 विमान, जिसमें 303 यात्री और 19 चालक दल के सदस्य सवार थे, अजरबैजान के ऊपर से उड़ रहा था। उसी दौरान, विमान ने अपना रास्ता बदला और मुंबई लौट आया। लैंडिंग के बाद, विमान की जांच की गई लेकिन बाद में, पता चला कि धमकी भरा अलर्ट झूठ था। मुंबई पुलिस के जोन-8 के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घटना की पुष्टि की और कहा कि यह शौचालय में पाया गया एक सामान्य धमकी भरा नोट है। प्रक्रिया के अनुसार आगे की जांच जारी है।

## 10 से 25 हजार मूल्य के भौतिक स्टाम्प पेपर होंगे चलन से बाहर

❑ कैबिनेट की बैठक में मेडिकल कॉलेज, मेट्रो परियोजना और स्मार्ट सिटी योजना सहित 19 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। योगी सरकार की मंत्रिमण्डल की बैठक में 19 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है। सोमवार को लोकभवन में आयोजित बैठक के उपरांत वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कुल 19 प्रस्तावों पर चर्चा हुई और सभी को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। इन प्रस्तावों में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, शहरी विकास और कर्मचारी कल्याण से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं।

बैठक में बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण, आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम और द्वितीय कॉरीडोर के लिए भूमि हस्तांतरण, स्मार्ट सिटी योजना का विस्तार और केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए समय सीमा का निर्धारण किया गया है। मंत्रिमण्डल ने स्टांप को लेकर भी बड़ा फैसला लिया है। 10,000 से 25,000 मूल्य तक के भौतिक स्टाम्प पेपर को चलन से बाहर करने का निर्णय लिया है। अब इनके स्थान पर ई-स्टाम्प का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में 5,630 करोड़ रुपये से अधिक के स्टाम्प को बीड आउट किया जाएगा। पुराने स्टाम्प 31 मार्च 2025 तक मान्य होंगे। उसके बाद इन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह निर्णय स्टाम्प प्रणाली में पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए लिया गया है।

### 2425 रुपये प्रति कुंतल के हिसाब से होगी गेहूं की खरीद

योगी कैबिनेट ने सोमवार को गेहूं के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करते हुए इस साल 17 मार्च से 15 जून तक सरकारी खरीद करने का निर्णय लिया है। इस बार केंद्र सरकार ने गेहूं के रेट में 150 रुपये बढ़ोतरी की है। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। इसी क्रम में खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल 8 एजेंसियों द्वारा प्रदेश भर में लगभग 6,500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यह खरीद इलेक्ट्रानिक प्वांइट ऑफ परचेज मशीन के माध्यम से किसानों के बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा क्रय केंद्रों व मोबाइल क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद होगी। ई पॉप पर की गई गेहूं खरीद के अतिरिक्त किसी भी खरीद को मान्यता नहीं दी जाएगी। मोबाइल क्रय केंद्रों पर होने प्रत्येक खरीद का ई पॉप डिवाइस द्वारा अक्षांश देशान्तर भी कैप्चर किया जाएगा। प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद रणवीर प्रसाद के मुताबिक बटाईदार किसान भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं बेच सकते हैं। बटाईदार किसान व मूल किसान के बीच लिखित सहमति से मूल किसान के भूलेख तथा उसके आधारलिंक्ड मोबाइल पर ओटीपी भेज कर पंजीकरण कराया जाएगा। सभी क्रय एजेंसियों द्वारा किसानों से क्रय गेहूं के मूल्य का भुगतान केंद्र सरकार के पीएफएमएस पोर्टल के जरिए कम से कम 48 घंटे में होगा।

कैबिनेट बैठक में बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 14.05 एकड़ भूमि को निःशुल्क हस्तांतरण को मंजूरी दी गई। यह भूमि जिला कारागार से चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित की गई है। मेडिकल कॉलेज का निर्माण 12.39 एकड़ भूमि पर किया जाएगा, जबकि शेष लगभग दो एकड़ भूमि पर स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चित्तू पांडेय की मूर्ति स्थित है, जिसके सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया गया है। मेडिकल कॉलेज का नामकरण भी चित्तू पांडेय के नाम पर किया जाएगा। बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए राजकीय कृषि विद्यालय के नाम दर्ज 4,570 वर्ग मीटर भूमि को चिकित्सा शिक्षा विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित करने का फैसला लिया गया है। यह भूमि ग्राम वलीपुरा में स्थित है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 27 स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की जा रही है। स्वशासी राज्य चिकित्सा ● शेष पेज 11 पर

## सरकारी नौकरी पाने के लिए फर्जीवाड़ा करना गंभीर अपराध

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक सरकारी भर्ती परीक्षा में फर्जी उम्मीदवार का इस्तेमाल करने के आरोपी दो व्यक्तियों की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि यह अपराध लोक प्रशासन और कार्यपालिका में लोगों के विश्वास को कम करता है।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने राजस्थान उच्च न्यायालय के जमानत आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील को स्वीकार कर लिया।

पीठ ने कहा, हम इस तथ्य से अवगत हैं कि एक बार जमानत दिए जाने के बाद उसे सामान्यतः रद्द नहीं किया जाता है, और हम इस दृष्टिकोण का पूरी तरह से समर्थन करते हैं। हालांकि, यहां अपनाया गया दृष्टिकोण प्रतिवादी-आरोपी के कथित कृत्यों के समग्र प्रभाव और समाज पर इसके प्रभाव को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। अदालत ने कहा कि वास्तव में भारत में उपलब्ध नौकरियों की तुलना में सरकारी नौकरी चाहने वालों की संख्या कहीं अधिक है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि इंद्राज सिंह नामक व्यक्ति ने सहायक अभियंता सिविल (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 की शुचिता से समझौता किया, क्योंकि उसकी ओर से एक 'डमी (फर्जी) उम्मीदवार' परीक्षा में शामिल हुआ। उपस्थिति पत्रक के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की गई थी तथा फर्जी अभ्यर्थी की तस्वीर मूल प्रवेश पत्र पर चिपका दी गई। शीर्ष अदालत ने सात मार्च के अपने आदेश में आरोपियों को दो सप्ताह के भीतर संबंधित अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया है कि प्रत्येक नौकरी के लिए निर्धारित प्रवेश परीक्षा या साक्षात्कार प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है। पीठ ने कहा, इस प्रक्रिया में पूर्ण ईमानदारी बरती जा रही है, जिससे जनता में इस बात का विश्वास और अधिक बढ़ गया है कि जो लोग इन पदों के वास्तविक हकदार हैं, उन्हें ही इन पदों पर बिठाया गया है। इसने कहा कि प्रतिवादियों द्वारा कथित रूप से किया गया कृत्य लोक प्रशासन और कार्यपालिका में लोगों के विश्वास कम कर सकता है।

## संभल में भाजपा नेता की जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में भाजपा के वरिष्ठ नेता की जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जुनाबई के अंतर्गत के ग्राम दबथरा हिमाचल निवासी भाजपा नेता गुलफाम सिंह यादव सोमवार दोपहर के समय अपने गांव में स्थित पशुशाला में बैठे थे कि तभी बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति आए और गुलफाम सिंह यादव को जहरीला इंजेक्शन मार दिया। जहरीला इंजेक्शन लगते ही गुलफाम सिंह यादव तड़पने लगे। गुलफाम यादव को सीएचसी ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उनको हायर सेंटर अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। अलीगढ़ में ● शेष पेज 11 पर

## उत्कृष्ट विधायिका के रूप में स्थापित हो रही है यूपी विधानसभा: महाना

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने सामेवार को कहा कि प्रदेश की विधानसभा पूरे देश में एक उत्कृष्ट विधायिका के रूप में स्थापित हो रही है। विधानभवन के प्रेक्षागृह में पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि पूर्व में विधायकों के समूह बनाकर संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। अब आगामी समय में एक विशेष 'संवाद कार्यक्रम' आयोजित किया जाएगा, जिसमें विधायक यह साझा करेंगे कि उन्होंने बीते वर्षों में अपनी विधानसभा के विकास के लिए क्या-क्या कार्य किए और किस प्रकार उनकी सकारात्मक छवि निर्मित हुई। इससे विधायकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के युवा विधायकों का एक सम्मेलन भी लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन कॉमनवेल्थ ● शेष पेज 11 पर

## वानुआतु के प्रधानमंत्री ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का निर्देश दिया: रिपोर्ट

एजेंसी



नई दिल्ली। वानुआतु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने नागरिकता आयोग को पूर्व आईपीएल प्रमुख और भगोड़े ललित मोदी को जारी वानुआतु पासपोर्ट रद्द करने का निर्देश दिया है।

रिपोर्टों और प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक कथित प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री नापत ने कहा कि हालांकि जांच में कोई आपराधिक दोष सिद्ध नहीं हुआ है, लेकिन हाल ही में उन्हें बताया गया कि इंटरपोल ने अपर्याप्त साक्ष्य के कारण ललित मोदी पर अलर्ट जारी करने के भारतीय अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया है। प्रेस विज्ञप्ति में प्रधानमंत्री के हवाले से कहा गया है, मैंने नागरिकता आयोग को श्री मोदी के वानुआतु पासपोर्ट को रद्द करने की कार्यवाही तुरंत शुरू करने का निर्देश दिया है। श्री नपत के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है जबकि उनके आवेदन के दौरान की गई इंटरपोल स्क्रीनिंग सहित सभी मानक पृष्ठभूमि जांचों में कोई आपराधिक दोष सिद्ध नहीं हुआ, मुझे पिछले 24 घंटों में पता चला है कि इंटरपोल ने पर्याप्त न्यायिक साक्ष्य के अभाव में श्री मोदी पर अलर्ट नोटिस जारी करने के भारतीय अधिकारियों के अनुरोधों को दो बार अस्वीकार कर दिया है। इस तरह की कोई भी चेतावनी श्री मोदी के नागरिकता आवेदन को स्वतः ही अस्वीकार कर देती। उन्होंने कहा है कि वानुआतु का पासपोर्ट एक विशेषाधिकार है, न कि अधिकार, और आवेदकों को वैध कारणों से नागरिकता दिखानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में उनकी सरकार ने निवेश कार्यक्रम के माध्यम से अपनी नागरिकता के लिए उचित प्रक्रिया को मजबूत किया है। बयान में कहा गया है कि अद्यतन प्रक्रिया में इंटरपोल सत्यापन सहित ट्रिपल-एजेंसी जांच शामिल है। वानुआतु दक्षिण प्रशांत महासागर में एक द्वीप राष्ट्र है, जो ऑस्ट्रेलिया के पूर्व और न्यूजीलैंड के उत्तर में स्थित है। इसमें 83 द्वीपों का एक द्वीपसमूह शामिल है, जिनमें से 65 पर लोग रहते हैं। वानुआतु ऑस्ट्रेलिया और फिजी के बीच में स्थित है। इसकी राजधानी और सबसे बड़ा शहर पोर्ट विला है, जो इफ़ेट द्वीप पर स्थित है। सात मार्च को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया था कि पूर्व आईपीएल प्रमुख ललित मोदी ने वानुआतु की नागरिकता हासिल कर ली है और उन्होंने अपना भारतीय पासपोर्ट जमा करने के लिए लंदन स्थित भारतीय ● शेष पेज 11 पर

## हाईकोर्ट की ग्रुप डी भर्ती की मुख्य परीक्षा में सेंध, कोचिंग संचालक समेत चार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ एसटीएफ ने चिनहट व गोमतीनगर विस्तार थाने में लिखाई एफआईआर

❑ प्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल व लोएला इंटरनेशनल स्कूल से आरोपितों को पकड़ा

❑ कोचिंग संचालक भी बना था साल्वर

❑ दो अभ्यर्थी लखनऊ नहीं आए, उनके साल्वर पहुंचे



लखनऊ। एसटीएफ ने हाईकोर्ट की ग्रुप डी भर्ती की मुख्य परीक्षा में भी नकल कराने वाले गिरोह ने सेंध लगाने की कोशिश की। एसटीएफ ने रविवार को इस गिरोह में शामिल कोचिंग संचालक समेत तीन साल्वर व एक अभ्यर्थी को लखनऊ के दो परीक्षा केन्द्रों से पकड़ा। इन लोगों को चिनहट स्थित प्रज्ञा बालिका इंटर कालेज व गोमतीनगर विस्तार स्थित लोएला इंटरनेशनल स्कूल से गिरफ्तार किया है। कोचिंग संचालक व मुख्य अभ्यर्थी फिरोजाबाद से आए थे जबकि दो अन्य साल्वर मथुरा व राजस्थान से आए थे। इस गिरोह के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है।

एसटीएफ के एएसपी अवनीश्वर श्रीवास्तव के मुताबिक गिरफ्तार लोगों में साल्वर फिरोजाबाद के रसूलपुर निवासी वेद प्रकाश, मुख्य अभ्यर्थी रिंकू गुज्जर, साल्वर मथुरा के राया निवासी हरेन्द्र और राजस्थान के भरतपुर निवासी बनवारी शामिल है। इनके पास चार प्रवेश पत्र, छह फर्जी आधार कार्ड, चार प्रश्न पुस्तिका, चार ओएमआर शीट, दो सिटिंग प्लान बरामद हुआ है। एसटीएफ को इस मुख्य परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। इस पर ही एसटीएफ ने यह कार्रवाई की।

एएसपी के मुताबिक, वेद प्रकाश प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग चलाता है। वह अपने यहां तैयारी करने वाले छात्रों से परीक्षा में पास कराने के नाम पर रुपये लेता था। कई परीक्षाओं में वह खुद ही साल्वर बनकर बैठा। कोचिंग में ही रिंकू गुज्जर उसके सम्पर्क में आया था। लेखपाल भर्ती परीक्षा में रिंकू के स्थान पर वेद प्रकाश साल्वर बनकर शामिल हो चुका है। रिंकू का चचेरा भाई सोमेन्द्र सिंह और दोस्त तरुण चाहर है। रिन्कू के कहने पर ही वेद प्रकाश ने इन दोनों के स्थान पर परीक्षा देने के लिए हरेन्द्र व वनवारी को तैयार किया था। इसके बदले उन्हें 50-50 हजार रुपये देने को कहा गया था।

एसटीएफ के मुताबिक, लोएला स्कूल में आगरा के तरुण चाहर और राजस्थान के सोमेन्द्र सिंह को परीक्षा देनी थी। इनमें रिंकू गुज्जर का भाई सोमेन्द्र है। ये दोनों परीक्षा केंद्र नहीं पहुंचे। इनके स्थान पर परीक्षा देने के लिए साल्वर हरेन्द्र व बनवरी आए थे। इन दोनों को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया था। एएसपी ने बताया कि तरुण और सोमेन्द्र वांछित हैं। इनकी तलाश की जा रही है। गिरोह के लोग परीक्षा में पास कराने के लिए चार से पांच लाख रुपये वसूलते थे। सोमेन्द्र को दो साल पहले हिरासत में लिया गया था। पर, तब पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया था। उसे तब एक परीक्षा में सेंधमारी करने के आरोप में उठाया गया था।

# जब भेदभाव मिटाकर गले मिले तो समझो होली है : डॉ. वाचस्पति

## विजय दिवस पर उड़े अबीर-गुलाल, लोकगीतों से सजी महफिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बारा, प्रयागराज। समाज में हर त्योहार का अपना महत्व होता है। होली सबसे खास त्यौहार है, क्योंकि इसमें समाज का हर वर्ग रंग में सराबोर होकर हृदय से एक दूसरे से गले मिलकर उत्सव को उत्साह से मनाते है। रंगों के इस त्योहार में किसी का भेदभाव नहीं होना होता, तभी होली के रंग का उत्साह समाज को खुशहाल बना सकता है। यह बातें विधायक बारा डॉ वाचस्पति ने कही। सोमवार को विजय दिवस एवं होली मिलन समारोह के कार्यक्रम में एमवी कॉन्वेंट स्कूल, कनकनगर शंकरगढ़ में बारा विधायक ने कहा कि हृदय का मिलन ही होली मिलन है। अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी गई। इस कार्यक्रम में बिरहा गायिका रेनू रेशमी सीमा सरगम, राम भवनपाल, बबलू दीवाना और शोभा लाल ने होली के गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि फूल चंद्र पटेल ने किया। प्रमुख रूप से डॉ विनोद त्रिपाठी, विजय कुमार श्यामू निषाद, चेयरमैन प्रतिनिधि छेदीलाल कोटार्य, विधायक मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, राजू द्विवेदी, कमलेश पांडेय, संदीप पटेल, राजकुमार पटेल, अमर सिंह पटेल, पप्पू गर्ग, उमा वर्मा, गुड्डू पटेल, उमा शंकर बिंद, धीरज सिंह, रुद्र मिश्रा, मसुरियादीन वर्मा, सुरेश कुमार केसरवानी ओम शांति, नेहा कनौजिया, ज्योति कनौजिया, शालिनी श्रीवास्तव, सोमनाथ वर्मा, प्रकाश सिंह, अरविंद केसरवानी, नितेश केसरवानी, अर्पित जायसवाल, सुभाष कुशवाहा, राकेश पाठक, चंचल द्विवेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अखिलेश पटेल, जगत शुक्ला, वंदना सिंह, दिनेश प्रजापति, आशीष पाल, नितेश निषाद, प्रकाश सिंह, राम जतन बंसल, अवध बिहारी, पारस नाथ कोल, भाजपा, अपना दल एस, निषाद पार्टी, एम वी ग्रुप के पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# किसी क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ नहीं किया हूं सौतेला व्यवहार: मुकेश कोल

## भागीरथी गार्डन में आयोजित हुई क्षेत्र पंचायत प्रमुख की बैठक, विकास योजनाओं पर हुआ मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव। अपने कार्यकाल के दौरान किसी भी क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ सौतेला व्यवहार नहीं किया हूं, सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के क्षेत्र में विकास कार्य भी कराए गए हैं। यह बातें ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल ने भागीरथी गार्डन में आयोजित क्षेत्र पंचायत कोरांव की बैठक को संबोधित करने के दौरान कही। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से प्रस्ताव सुझाव व शिकायतें आमंत्रित किया। जिसके तहत क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने प्रस्ताव सुझाव भी दिए। उन्होंने विकास के नए प्रस्तावो को शामिल करने हेतु सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को आश्वासन दिया। क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चतुर्वेदी उर्फ पिंटू चौबे ने क्षेत्रीय समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साधन सहकारी समितियां जिनको ब्लॉक एवं संबंधित सभी विभागीय स्तर से बिल्कुल बंद करने की कवायद होनी चाहिए। उन्होंने गर्मी के दिनों में पेयजल संकट से निपटने हेतु पहले से ही व्यवस्थाएं बना लेने की बात कही। इसी तरह जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेश पटेल ने विभागीय अनुदान योजनाओं की जानकारी न मिलने व क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा ग्राम प्रधानों को किसी भी विभाग में सृजित किए गए नए पदों के बारे में जानकारी न देने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अफसरो खरी खोटी सुनाई और भविष्य में जनप्रतिनिधियों के सम्मान का ध्यान रखने की नसीहत दी। इसी तरह एमएलसी मानसिंह यादव के प्रतिनिधि यादवेंद्र अहीर ने कहा कि जो भी प्रस्ताव एमएलसी के आए हैं उन तक पहुंचाने का काम करूंगा। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दीपक पटेल ने भी जन समस्याओं को उठाया। खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी सहायक विकास अधिकारी पंचायत में संबोधित कर ग्राम प्रधानों व अन्य कर्मचारियों के कार्य दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिक्षा विभाग से एआरपी अवधेश मिश्रा, सिंचाई विभाग से जिलेदार महेश कुमार, बाल विकास से मधु गुप्ता, पशु चिकित्सक डॉ संजीव सिंह आदि ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को क्षेत्र पंचायत सदस्य उमाशंकर सिंह, अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश मंत्री दिलीप सोनी, रमाकांत सिंह, देवराज सिंह, गणेश शंकर तिवारी आदि ने संबोधित किया।

# करछना ब्लाक : जाब कार्ड धारकों का होली रंगों का त्योहार रहेगा : बदरंग

- चार महीने से कार्य की दो करोड़ रुपए मज़दूरी का भुगतान नहीं हुआ है
- हज़ारों परिवारों में मनरेगा मजदूरों के घरों में होली का रंग रहेगा फीका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज। जनपद प्रयागराज के सभी विकास खंडों में विगत चार महीने से मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कार्य कर चुके जाब कार्ड धारकों मनरेगा मजदूरों के खाते में एक रूपये नहीं आए अपने कार्य की मज़दूरी के लिए मनरेगा मजदूर रोज बैंक का चक्कर लगा रहे हैं, वहीं होली जैसे त्यौहार पर उनके घरों में त्योहार कैसे मनाएंगे यह डर सता रहा है होली का त्योहार चंद दिन रह गए हैं यह चिंता चेहरे पर दिखाई दे रही है विकास खंड करछना के अंतर्गत 80 ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में अमली जामा पहनाने की कड़ी में मनरेगा योजना? के अंतर्गत कार्य करने वाले मनरेगा मजदूर? की मज़दूरी लगभग दो करोड़ के आसपास मज़दूरों की मज़दूरी बकाया है सरकार रोज कमाने वाले और उसी पर दिनचर्या का खर्च का बोझ उठाने वाले मजदूरों के लिए होली जैसे त्यौहार पर भी उनके मेहनत मजदूरी का भुगतान मौजूदा सरकार कर पाने में बिफल रही है, वहीं विकास खंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कार्य करने वाले रोजगार सेवकों का विगत आठ महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा सका है, जिससे मनरेगा मजदूरों एवं रोजगार सेवकों के घरों में होली का त्योहार का रंग फीका पड़ गया है, कैसे अपने बच्चों को त्योहार पर खुशियां मनायेंगे यह सरकार को इस ओर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

# आर्यावर्त एकेडमी में कक्षा 8 वीं पास छात्राओं का विदाई समारोह सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव (प्रयागराज) । जमुनापार क्षेत्र के विकास खंड कोरांव में सोमवार को आर्यावर्त एकेडमी में कक्षा 8 वीं में अध्यनरत छात्रों का विदाई समारोह आयोजित हुआ जिसमें मिस्टर फ़ेयरवेल अनुभव मिश्रा और मिस फ़ेयरवेल अरायना त्रिपाठी चुने गए । छात्रों के लिए शिक्षकों के द्वारा विभिन्न गेम्स और एक्टिविटीज भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर नीरज पांडेय जी ने कहा कि - जीत लो हर लम्हा बीत जाने से पहले, क्योंकि लौटकर यादें आतीं हैं वक्त नही। प्रधानाचार्य धीरज पाण्डेय जी ने कहा कि हम सभी शिक्षकों की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद आप बच्चों के साथ हमेशा रहेंगी फ़ेयरवेल सेरिमनी में शिखा मिश्रा एवं हिमांशु सिंह के द्वारा बहुत ही प्रभावशाली एंकरिंग की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य धीरज पांडेय नीरज पांडेय, अजय कुमार सिंह, आर्यन सर, हिमांशु, अंकित, आमरीन, इशिता, जैस्मिन, पुष्पा सिंह, आकांक्षा, प्रतिभा, अलीशा एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## आखिरकार आठ साल की मासूम का कौन हैं कातिल, एक सप्ताह बाद भी पुलिस कातिल तक नहीं पहुंच पाई



**करछना प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जमुनापार क्षेत्र अंतर्गत थाना करछना के रिपोर्टिंग पुलिस चौकी भीरपुर अंतर्गत एक गांव में बीतें एक सप्ताह पूर्व एक आठ वर्षीय मासूम बच्ची की हत्या कर दी गई थी जिसका शव उसके घर के पास गेंहू के खेत में पाया गया था, हत्यारों ने मासूम बच्ची को रात सोते समय बिस्तर पर से उठा ले जाकर रात हत्या कर दी थी, मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को पूछ ताछ के लिए हिरासत में लिया था, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी मासूम बच्ची की हत्या में शामिल कातिल तक पुलिस नहीं पहुंच पाई, मामले को लेकर जल्द खुलासा किया जा सके इसके लिए तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा कर रहे हैं जांच और एसटीएफ टीम के अलावा करछना पुलिस भी मामले में पर्दाफाश कर पाने में कामयाब नहीं हो सकीं, सोमवार को मृतका की मां को थाने में बुलाया गया और हिरासत में लिए गए लोगों को करछना थाना में एसटीएफ टीम ने अलग अलग बयान एकत्रित कर हत्या के करीब पहुंचने की कड़ी जोड़ने में जुटी है, वहीं हत्या के एक सप्ताह बीत जाने के बाद कातिलों तक नहीं पहुंच पाई है करछना पुलिस जिससे पुलिस पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है।

## सपाइयों ने कोरांव पुलिस की मौजूदगी में एसडीएम कों सौपा ज्ञापन



**कोरांव (प्रयागराज),कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल के आह्वाहन पर सपाइयों ने दलित उत्पीड़न अरुण पटेल हत्याकांड सपा नेताओ पर धान खरीद की शिकायत मात्र से फर्जी मुकदमा नगर पंचायत कोराव में पत्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ न दिया जाना उक्त बढ़वारी कला क्रय केंद्र का स्थान परिवर्तन करने विवादित भ्रष्टाचारी विपणन निरीक्षक के स्थानांतरण करने ग्राम सभा दोहथा में कब्रिस्तान की भूमि पर अराजक तत्वों द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द को बिगड़ने के उद्देश्य से अवैध निर्माण करने समेत अन्य मुद्दों को लेकर सपाइयों ने जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि दलित सपा नेता रविंद्र जाटव प्रधान का मुकदमा नहीं लिखा जाना निंदनीय है तहसील एवं थाना में फरियादियों को न्याय के लिए दर दर की ठोकरें खानी पड़ रही है। नगर पंचायत कोराव में पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है गौशाला में भारी भ्रष्टाचार यदि मांगो कों नहीं माना गया तो समाजवादी पार्टी जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करने को बाध्य होगे जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। इस दौरान सपाइयों ने जमकर नारेबाजी की सपा कार्यकर्ताओं के तेवर देख प्रशासन सकते में आ गया।उप जिलाधिकारी कोराव आकांक्षा सिंह ने आश्वासन दिया कि तीन दिन के अंदर समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा और जो समस्या पुलिस विभाग से संबंधित है उसके लिए पुलिस के आला अधिकारियों से वार्ता कर न्याय दिलाया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से सनाउल्लाह खान, जयशंकर भारती, अजीत यादव, महेंद्र, सरोज ललन पटेल, रामप्रवेश कुशवाहा, प्रमोद मिश्र पयासी, राजेश पांडे, रविंद्र जैसल, महताब खान, शहादत अली इसराइल अली रामानुज यादव पवन सोनकर, अजीत पटेल, दिनेश पटेल, ओम प्रकाश कुशवाहा, वंश राज यादव, मंगल देव कोल, रामदेव कोल राजकुमार कोल श्याम करण यादव सीमा अंसारी, अनूप आदिवासी, महेंद्र यादव, विनय सोनकर, शिवदानी पाल, संत पाल, रोहिणी पाल, रंजना जैसल, डाक्टर रऊफ, मंगल कोल, दीपक पटेल आदि कार्यकर्ता धरना मे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सपा नेता समाजसेवी प्रमोद मिश्र पयासी द्वारा किया गया अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल द्वारा किया गया मुख्य अतिथि के रूप मे जिला अध्यक्ष यमुनापार पप्पू लाल निषाद उपस्थित रहे।

## पसमांदा मुस्लिम समाज ने की वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अपील

**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने सोमवार को एक बयान जारी करते हुए वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ देशभर के पसमांदा मुस्लिम समाज के नेताओं से 11 मार्च 2025 को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। अनीस मंसूरी ने कहा कि संसदीय समिति द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम के मसले पर एकतरफा रिपोर्ट पेश की गई है, जिसे भाजपा के दबाव में तैयार किया गया है। समिति ने पसमांदा मुस्लिम समाज के नेताओं और देशभर के प्रबुद्ध मुस्लिम समाज के व्यक्तियों की राय को पूरी तरह से नकार दिया। यह अधिनियम पसमांदा समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि इससे न केवल समाज के अधिकारों पर खतरा मंडरा रहा है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना भी करता है। अपने संदेश में अनीस मंसूरी ने पसमांदा मुस्लिम समाज के सभी नेताओं और सदस्यों से आग्रह किया कि वे आज अपने-अपने जिलों में काला फीता बांधकर विरोध दर्ज करें। साथ ही, वे अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करें, ताकि विरोध का संदेश व्यापक स्तर पर फैल सके।

# शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों के 294 लाख करोड़ रुपए डूब गए : संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शेयर बाजार में भारी गिरावट से खुदरा निवेशकों को हुए भारी नुकसान और नियामक तंत्र की प्रभावशीलता पर नियम 267 के तहत तत्काल चर्चा के लिए सोमवार को सस्पेंशन ऑफ बिजनेस का नोटिस दिया है। उन्होंने कहा है कि पिछले पांच महीने से शेयर बाजार में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके परिणाम स्वरुप बीएसई में 15, निफ्टी में 16 और मिड व स्मॉल कैप इंडेक्स में 20 से 25 फीसद की गिरावट से निवेशकों के 294 लाख करोड़ रुपए डूब गए। इस गंभीर मुद्दे पर सदन में चर्चा जरूरी है, ताकि सरकार गिरते शेयर बाजार के प्रभावों को कम करने और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए कदम उठा सके। राज्यसभा के सभापति को संबोधित चर्चा से संबंधित नोटिस में संजय सिंह ने कहा है कि मैं सदन का ध्यान शेयर बाजार में आई हालिया भारी गिरावट की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। पिछले पांच महीनों में शेयर बाजार में अभूतपूर्व गिरावट देखी गई है, जिसने करोड़ों खुदरा निवेशकों को व्यापक आर्थिक क्षति पहुंचाई है। विशेष रूप से, मध्य और निम्न आय वर्ग के निवेशकों पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ा है। सितंबर 2024 में, बीएसई बेंचमार्क इंडेक्स में लगभग 15 प्रतिशत की गिरावट हुई, जबकि निफ्टी अपने सर्वोच्च स्तर से 16 प्रतिशत नीचे आ गया। इसके अतिरिक्त, मिड और स्मॉल कैप इंडेक्स में 20 से 25 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई, जो मुख्य सूचकांकों की तुलना में और भी अधिक चिंताजनक है। यह अत्यंत विचारणीय है कि छोटे शहरों के करोड़ों खुदरा निवेशकों ने मुख्यतः मिड और स्मॉल कैप कंपनियों में पूंजी निवेश किया था, जिससे उन्हें अपार वित्तीय हानि सहनी पड़ी। इस अवधि में निवेशकों को कुल 294 लाख करोड़ का नुकसान हुआ है। संजय सिंह ने कहा है कि इस संदर्भ में यह अनिवार्य हो जाता है कि हम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) समेत अन्य संबंधित नियामक निकायों की कार्यप्रणाली एवं प्रभावशीलता की गहन समीक्षा करें। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इन निकायों द्वारा बाजार में होने वाले हेर-फ़ेर, अत्यधिक सट्टेबाजी समेत अन्य अनियमित गतिविधियों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं या नहीं। साथ ही, निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीतियों का क्रियान्वयन कितना कारगर रहा है, इसका भी आकलन आवश्यक है। संजय सिंह अंत में सभापति से अनुरोध करते हुए कहा है कि नियम 267 के तहत इस गंभीर मुद्दे पर सदन में विस्तृत चर्चा कराई जाए, ताकि सरकार इस संकट के प्रभावों को कम करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठा सके।

## हत्यारों को फांसी दो के नारें के साथ पत्रकारों ने निकाला कैंडल मार्च

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की बदमाशों द्वारा की गई हत्या के विरोध में लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। पत्रकार की दिनदहाड़े हत्या होने से पत्रकारो मे काफी रोष है। जिसके चलते हर जिले से न्याय की आवाजे उठने लगी है। रविवार को लखनऊ के पत्रकारो में भी रोष दिखाई दिया और श्री बालाजी पत्रकार एसोसिएशन के नेतृत्व में सैकड़ो पत्रकारों और कई पत्रकार संगठनों के पदाधिकारी ने एकजुट होकर कैंडल मार्च निकाला। जिसमें यह कैंडल मार्च भिठौली तिराहे से शुरू होकर इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे तक पहुँचा, जहां पत्रकार की हत्या के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान पत्रकारो ने नारेबाजी करते हुए हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की। पत्रकारों के प्रदर्शन के दौरान पहुँचे गाजीपुर एसीपी को श्री बालाजी पत्रकार एसोसिएशन की तरफ से मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। हत्यारों के ऊपर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए 10 बिंदुओं में ज्ञापन दिया गया। कैंडल मार्च के दौरान श्री बालाजी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष गुड़िया निगम, लखनऊ मीडिया संगठन के संरक्षक अमित त्रिवेदी, पुष्पेंद्र सिंह व विजय मिश्रा उर्फ बुलेट समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# किसान, गरीब व नौजवान छात्र विरोधी है भाजपा : पप्पू लाल

- दलित उत्पीड़न पुलिस प्रशासन के भ्रष्टाचार तथा क्षेत्रीय जन समस्याओं को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन
- पटेहरी में हुई अरुण हत्याकांड के आरोपियों के घर बुलडोजर चलाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय कोरांव पर सोमवार को सुबह 10 बजे से लेकर सायं 4 बजे तक क्षेत्रीय समस्याओं, दलित उत्पीड़न तथा हत्या के आरोपियों को जेल न भेजने के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने एक दिवसीय प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। प्रदर्शन में शामिल समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार गरीब किसान नौजवान छात्र विरोधी है। जब से प्रदेश में और देश में भाजपा की सरकार बनी है। देश और प्रदेश का युवा जहां अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है, वहीं गरीब लाचार हैं। उन्होंने अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि जो भी समस्याएं हैं उनका त्वरित निदान कराया जाए। इसी तरह समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललन सिंह पटेल ने भी मौजूदा सरकार पर तंज कसते हुए क्षेत्रीय समस्याओं पर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। जिला उपाध्यक्ष राजेश पांडेय ने भी सरकार की जन विरोधी नीतियों की निंदा किया। विधानसभा महासचिव ग्राम प्रधान रविंद्र जैसल जाटव ने कहा कि दलित उत्पीड़न बढ़ रहे हैं, पुलिस और प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। दलित अपने आप को असहाय महसूस कर रहे हैं।

जापान में शामिल प्रमुख रूप से विधानसभा महासचिव पर किए गए हमले में अभी तक एफ आई आर न करने को लेकर जहां नाराजगी जाहिर की गई वहीं तत्काल मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की गई। इसी तरह ग्राम पंचायत पटेहरी में अरुण कुमार पटेल की बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपियों को जेल भेजने व उनके घरों पर सरकार द्वारा बुलडोजर चलवाए जाने की मांग की गई। क्षेत्रीय समस्याओं सहित कुल 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। आक्रोशित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी आकांक्षा सिंह ने कहा कि जो भी समस्याएं हैं तीन दिन के भीतर निदान कराया जाएगा। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल ने कहा है कि अगर समस्याओं का निधन नहीं हुआ तो 200 ट्रैक्टरों के साथ जिला मुख्यालय पर घेराव किया जाएगा। ज्ञापन देने के दौरान प्रमुख रूप से शहादत अली, मंगलदेव कोल, पवन सोनकर, महताब खान, अनूपा आदिवासी, सीमा अंसारी, रोहिणी प्रसाद पाल, शिवदानी पाल, संत पाल, दिनेश पटेल, यादवेंद्र अहीर, इसराइल अली, रामानुज यादव, रामदेव निडर, विनय सोनकर, समेत भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। धरना प्रदर्शन का संचालन समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद मिश्र पयासी ने किया।

# सनातन संत समिति ने महाकुंभ के भव्य आयोजन के लिए प्रकट किया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सोमवार को सनातन संत समिति लखनऊ मण्डल ने महाकुंभ 2025 के भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार को हार्दिक बधाई देते हुए आभार प्रकट किया है। चौक के पुरानी सब्जी मंडी स्थित संगत आश्रम में एक कार्यक्रम के दौरान सनातन संत समिति लखनऊ मंडल के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरी के नेतृत्व में महासचिव महंत स्वामी धर्मेंद्र दास महाराज व सचिव स्वामी कौशिक चैतन्य महाराज, स्वामी भास्करानंद तथा स्वामी अर्जुन दास, स्वामी आशुतोष गिरी, महंत मनीषा नंद, स्वामी वीरेंद्र दास आदि ने उत्तर प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया है। वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरी ने बताया की इस महान आयोजन के दौरान सनातन संत समिति, लखनऊ मंडल द्वारा विभिन्न स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठान एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था जिससे करोड़ों श्रद्धालु लाभान्वित हुए। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद अदा करते हुए कहा की आपके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महाकुंभ को ऐतिहासिक और अद्वितीय बनाने के लिए जो प्रयास किए गए वे सराहनीय हैं।

उन्होंने कहा की आपकी सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और आध्यात्मिकता के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने में जो तत्परता दिखाई वह प्रशंसनीय है। हमें गर्व है कि उत्तर प्रदेश को आपके जैसा संवेदनशील, दूरदर्शी और धार्मिक परंपराओं के प्रति आस्थावान मुख्यमंत्री प्राप्त हुआ है।

उन्होंने कहा की सनातन संत समिति, लखनऊ मंडल, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा और उत्तर प्रदेश सरकार के हर सकारात्मक प्रयास में अपना पूर्ण सहयोग देता रहेगा। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आपकी नेतृत्व क्षमता से प्रदेश निरंतर प्रगति करे और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को विश्वभर में गौरव प्राप्त हो।

# 40 ब्राह्मणों ने नैतिक पार्टी की ली सदस्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नैतिक पार्टी के सौजन्य से ब्राह्मण हित नीति निर्देशक सभा की एक गोष्ठी होटल स्टार फिल्ड, मड़ियांव लखनऊ में सम्पन्न हुई । नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र भूषण पांडेय, पूर्व न्यायाधीश व राज्यपाल के विधि सलाहकार ने बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि ब्राह्मण महान है । आजादी के बाद ब्राह्मणों को शास्त्र व संविधान दोनो के आदर्श पर चल कर स्वयं को और देश को महान बनाने का संकल्प लेना चाहिए।। ब्राह्मण को किसी प्रकार से हीन भावना का शिकार नहीं होना चाहिए । किसी के विरोध का परवाह नहीं करना चाहिए बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक कर्तव्य का पालन करते हुए व्यक्तिगत व सामूहिक रुप से अपने को उत्कर्ष पर पहुंचाने के लिए सत प्रयास करना चाहिए । उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियां वोट के लालच में ब्राह्मणों को अपमानित कर रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राधिका प्रसाद पांडेय ने कहा कि नैतिक पार्टी अकेली पार्टी है जो ब्राह्मणों के हित के लिए खुल कर संघर्ष कर रही है इसलिए ब्राह्मणों को भाजपा छोड़ कर नैतिक पार्टी से निडर हो कर जुड़ना चाहिए । 2027 में विधानसभा चुनाव में नैतिक पार्टी सभी सीटों से चुनाव लड़ेंगी । ब्राह्मणों को नैतिक पार्टी को अपनी पार्टी समझ कर जिताना चाहिए ।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक रामेश्वर पांडेय, सहित दिनेश चंद्र तिवारी, आई बी पांडेय, डा बी के सिंह डॉ. एस एन मिश्रा, ब्रजभूषण दूबे, पंकज त्रिपाठी, शैलेन्द्र शुक्ल, डी एन सिंह ,मुकेश, अराधना रावत, राकेश त्रिपाठी, पंकज तिवारी आदि ने भी अपने विचार रखे । कार्यक्रम में ही 40 ब्राह्मणों ने नैतिक पार्टी की ।




बालागंज चौराहे पर खुदी पड़ी सड़क से आम जनता को दिक्कत का सामना करना पड़ा था। जिसको लेकर खबर चलाने पर लोक निर्माण विभाग द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर निस्तारण किया गया

# निजीकरण हेतु बीड ओपनिंग के विरोध में बिजली कर्मियों ने घेरा शक्ति भवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। संघर्ष समिति के सयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि पूर्वांचल विधुत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विधुत वितरण निगम के निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसलटेंट नियुक्त करने के लिए टेक्निकल बीड खोले जाने के विरोध में आज बिजली कर्मचारियों ने शक्ति भवन घेर लिया । बिजली कर्मियों के विरोध के चलते टेक्निकल बीड नहीं खोली जा सकी। बीड खोलने की तारीख 15 मार्च तक बढ़ाई गई है। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज प्रदेश भर में बिजली कर्मचारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी लखनऊ में आज सुबह से ही सभी कार्यालयों के बिजली कर्मचारी और अभियंता शक्ति भवन पहुंचने लगे और बीड खोलने के निर्धारित समय से पहले शक्ति भवन को घेर लिया। राजधानी लखनऊ के अलावा प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर भी आक्रोशित बिजली कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के दौरान जोरदार विरोध प्रदर्शन किए। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली का निजीकरण जिस प्रकार से किया जा रहा है वह प्रक्रिया पूरी तरह से गैरकानूनी है। निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसलटेंट नियुक्त करने की निविदा में कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट (हितों के टकराव) के प्राविधान को हटा दिया गया है। यह सीबीसी की गाइडलाइंस का उल्लंघन है। ऐसा करने से यह आभास मिल रहा है कि निजीकरण के पीछे कोई जनहित नहीं है बहुत बड़ा घोटाला होने वाला है। संघर्ष समिति ने ऐलान किया है कि 15 मार्च को प्रदेश के समस्त जनपदों परियोजना मुख्यालयों और राजधानी लखनऊ में और बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। निजीकरण के विरोध में समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध के कार्यक्रम जारी रहेंगे। साथ ही माननीय जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन दो अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत बिजली कर्मी समस्त जनपदों में माननीय सांसदों और माननीय विधायकों को निजीकरण के विरोध में ज्ञापन देंगे।

आज राजधानी लखनऊ के अलावा वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, मिर्ज़ापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध प्रदर्शन किए गए।

# रात के अंधेरे की आड़ में प्रतिबंधित लकड़ी काटने वाले ठेकेदारों पर मुकदमा दर्ज


कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा, लखनऊ। थाना क्षेत्र के लोनहा गांव में बीती सात ऽआठ मार्च की दरम्यानी रात को अवैध रूप से हरियाली के दुश्मनों ने 9 हरे भरे फलदार पेड़ों पर आरा चला कर उन्हें जमींदोज कर दिया और जब तक ग्रामीण या पेड़ों के मालिक तक इसकी खबर होती लकड़हारे द्वारा काटी गई लकड़ी को भी गायब कर दिया गया। 8 मार्च को 12 बजे विभागीय सक्रियता के चलते सूचना पाकर बीट प्रभारी वनरक्षक प्रकाश चंद्र ने मौके पर जाकर पेड़ों के मालिक श्यामलाल पुत्र सोमनाथ से बात और मौके पर पड़ताल की तो पता चला की आठ आम व एक महुआ का पेड़ काटा गया है। लकड़ी के मालिक ने बताया कि मेरी जानकारी के बगैर चोरी से यह पेड़ लकड़ी के ठेकेदार वाहिद पुत्र अली हुसैन निवासी खुशहालगंज के द्वारा काटे गए हैं, जिस पर प्रकाश चंद्र सिंह ने मौके पर विभागीय जांच पड़ताल के बाद बंथरा थाने पर उक्त ठेकेदार के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में जब उप क्षेत्रीय वन अधिकारी ए. के. सिंह ने बताया की हरियाली और पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता है क्षेत्र में कहीं भी अवैध रूप से लकड़ी कटान करने वाले लकड़हारों को बक्शा नहीं जाएगा। इस मामले पर कठोर से कार्रवाई की जा रही है।

# वक्फ अल्लाह की मिल्कियत है,सरकार मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दखल न दे : अकील ख़ान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज तंजीम उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अकील खान ने और तमाम मुस्लिम संगठनों के लीडरों एवं जिम्मेदार साथियों के द्वारा और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड की जानिब से देश की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर में 13 मार्च 2025 को वक्फ बिल के खिलाफ एक बड़े विरोध प्रदर्शन का आयोजन करने जा रहा है जिसमें जमीअत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी और महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने इस प्रदर्शन का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि सरकार का मौजूदा वक्फ बिल पर अडिंग रहना मुस्लिम वक्फ की धार्मिक पहचान को समाप्त करने की कोशिश है।पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अकील खान ने स्पष्ट किया कि वक्फ किसी व्यक्ति की संपत्ति नहीं है बल्कि अल्लाह की मिल्कियत है इसकी बुनियादी स्थिति में किसी भी प्रकार का परिवर्तन यह हस्तक्षेप न केवल शरीयत के सिद्धांतों के खिलाफ है बल्कि संवैधानिक अधिकारों का भी उल्लंघन है पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज तंजीम उत्तर प्रदेश और देश एवं प्रदेश की अन्य मुस्लिम तंजीमे केंद्र सरकार से स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि वह मुसलमानों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप से बाज आए और इस बिल को लेकर उठाई गई आपत्तियों पर गंभीरता से विचार करें। इस अवसर पर पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज तंजीम ने सभी न्याय प्रिय नागरिकों से एवं धार्मिक एवं सामाजिक लीडरों से अपील करते हैं कि इस शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में पूरी ताकत के साथ भाग ले और लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए अपना सक्रिय योगदान दे।

# शिव परिवार प्राण–प्रतिष्ठा के साथ भंडारे का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज क्षेत्र के रायभान खेड़ा गांव में सिंह परिवार द्वारा मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा कर सात दिवसीय शिव महापुराण कथा की समाप्ति के बाद धूमधाम गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई जिसके बाद विशाल भंडारे का हुआ आयोजन किया गया । मोहनलालगंज के रायभान खेड़ा गांव में राजन सिंह, अमर सिंह सहित पूरे परिवार द्वारा नर्मदेश्वर शिवलिंग सपरिवार प्राण प्रतिष्ठा की गई तत्पश्चात शिव महापुराण कथा आचार्य संत श्री कृष्ण मुरारी महाराज द्वारा कथा का गुणगान किया गया वही चार मार्च से कथा का शुभारंभ किया गया और नौ मार्च को शिव बारात निकली गई जो विभिन्न मार्गो से होते हुए मोहनलालगंज कस्बा स्थित काले वीर बाबा मंदिर पर पूजा अर्चना कर शिव पार्वती की मनमोहक झांकी निकाली गयी वही शिव बारात का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया बारात में शिव पार्वती,हनुमान जी, काली जी,समेत कई सुंदर-सुंदर झांकियां निकाली गई वही 10 मार्च को हवन पूजन के साथ कथा समापन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । भंडारे के शुभ अवसर पर विधायक अमरेश रावत और मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह दुर्गेश सिंह दीपू योगेंद्र सिंह प्रवेंद्र सिंह भूपेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिंह भंडारी किसान मोर्चा अध्यक्ष अभय सिंह साधन सहकारी समिति अध्यक्ष आशीष सिंह सहित काफी संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे ।

## आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की शालापूर्व शिक्षा पर क्षमतावर्धन कार्यशाला आयोजित

बीकेटी,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाल विकास विभाग ने लखनऊ जनपद में शालापूर्व शिक्षा को सुदृढ़ करने हेतु ''क्रियाकलाप से बाल शिक्षण कार्यक्रम का संचालन कर रहा है।बीकेटी परियोजना के खंड विकास कार्यालय के सभागार में सोमवार को परियोजना की 60 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को ईसीसीई के क्षेत्र में समझ विकसित करने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ईसीसीई प्रशिक्षकों प्रणाली,सलोनी,अंकेश,मधु इत्यादि ने संचालित करते हुये आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों के साथ स्वागत,मुक्तखेल,भावगीत,नेमटैग गतिविधियों का दोहराव और कैलेंडर और मौसम तालिका की गतिविधि पर समझ विकसित करने हेतु गतिविधियों का वीडियो दिखाकर,डेमोंस्ट्रेशन और रोल प्ले करके गतिविधियों को सिखाया तथा सभी को गतिविधियों से संबंधित सहायक सामग्री भी प्रदान की गई।इस प्रशिक्षण में संदर्भदाता के रूप में बाल विकास परियोजना कार्यालय से मुख्यसेविका शैलजा मिश्रा,पूनम और अरुणा ने प्रशिक्षण में सहयोग किया। कार्यशाला में जानकारी दी गई की लखनऊ के 520 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को शालापूर्व शिक्षा पर प्रशिक्षित किया जा रहा है।इसी क्रम में माह मार्च 2025 में लखनऊ के 5 परियोजना से सभी 520 केन्द्रों की कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण 7 समूहों में किया जा रहा है। आयोजित कार्यशाला में सीडीपीओ जय प्रताप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## यूपी के अलीगढ़ से महिला समेत चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले की टप्पल पुलिस ने जट्टारी चौकी अंतर्गत नई बस्ती से एक महिला समेत चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये लोग एक ही परिवार के हैं और 17 साल से यहां पर अवैध रूप से रह रहे थे। पुलिस अधीक्षक (देहात) अमृत जैन ने सोमवार को बताया कि मूल रूप से बांग्लादेश के बागडंडा निवासी मकसूद खान उसकी पत्नी साहिना, बेटे मोहम्मद तौफीक, मोहम्मद साबिर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इन लोगों ने स्वीकार किया कि वे जट्टारी स्थित नया बस्ती में अवैध रूप से रह रहे थे। 17 साल पहले वर्ष 2008 में वे आगरा रेलवे स्टेशन से सियालदह ट्रेन से बेना पुल बॉर्डर होते हुए बस से अलीगढ़ पहुंचे थे। वह कबाड़ बीनने काम कर रहे थे। इसी पते से उन्होंने अपने बेटों के आधार कार्ड बनवाए और तीन मोबाइल फोन भी खरीदे। पुलिस इन लोगों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# भव्य व दिव्य तरीके से सरोजनी नगर में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे डॉ. राजेश्वर सिंह : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सरोजनीनगर आभार दिवस में बोले सीएम योगी : डॉ. राजेश्वर सिंह की प्रतिबद्धता, समर्पण और सेवा भाव आदर्श जन प्रतिनिधि की पहचान**

**सरोजनीनगर आभार दिवस : सीएम योगी ने किया सरोजनी नगर में संचालित 41 विभागों की 4118 परियोजनाओं का अवलोकन, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और दया शंकर सिंह रहे साथ**



लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सोमवार को 'तीन साल बेमिसाल - सरोजनीनगर आभार दिवस' पहल के अंतर्गत विकास प्रदर्शनी का अवलोकन एवं सीएसआर फण्ड से विकास कार्यों का लोकार्पण / शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के डॉ. अम्बेडकर सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम में दौरान सीएम योगी ने सरोजनीनगर में पूर्ण कराए गए 4,000 से अधिक कार्यों का अवलोकन किया, इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीएसआर फण्ड से पूर्ण कराये गए कार्यों ग्रामसभा पहाड़पुर में 2 करोड़ ( CSR ) की लागत से विकसित कंपोज़िट मॉडल स्कूल, भगवान परशुराम की प्रतिमा, पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रतिमा, सरोजनीनगर वृद्धाश्रम में कराए गए विकास कार्य, सरोजनीनगर तहसील में कराए गए विकास कार्य, 10 तारा शक्ति केंद्र, 5 ओपन एयर जिम, रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं सशक्तिकरण केंद्र का वर्चुअल लोकार्पण साथ ही 25 मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु सोलर लाइट, हैंडपंप एवं बेंच की व्यवस्था कार्य, 20 परिषदीय विद्यालयों में 5-5 झूले,15 स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी/ स्मार्ट बोर्ड पैनल की स्थापना शिलान्यास, 5 टडइप में सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थापना और विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक विद्यालय में वृक्षारोपण कार्य के शुभारंभ कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास किया। साथ ही 25 मेधावियों को लैपटॉप एवं 25 को साइकिल वितरण के क्रम में 5 मेधावियों को सम्मानित किया। सी दौरान सरोजनी नगर से अमृतसर और करतारपुर यात्रा पर गए श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री को पवित्र जल और प्रसाद भी प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान सी एम योगी ने सरोजनीनगर की जनता का अभिनन्दन करते हुए कहा कि 3 वर्ष पूर्व आज के दिन ही डॉ. राजेश्वर सिंह को अपना विधायक चुना था। इन तीन वर्षों के दौरान आते जाते देखा, समाचार पत्रों में डॉ. राजेश्वर सिंह बारे में पढ़ता रहा, यहाँ की योजनओं को शासन से स्वीकृति ली जाती थी। सरोजनी नगर इतना भव्य और दिव्य तरीके से आगे बढ़ सकता है यह आज की प्रदर्शनी में आकर, देख कर अच्छा लगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को रंग भरी एकदशी के पर्व से जोड़ते हुए कहा कि राजेश्वर सिंह ने पूरी सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र को विकास योजनाओं के साथ होली के रंग का तमगा चढ़ाकर और भी सुहावना बना दिया है।

वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मठता, बुद्धि और समाज सेवा का अभूतपूर्व संगम डॉ. राजेश्वर सिंह के व्यवहार से देखने को मिला है। अपनी मेहनत के बल पर पुलिस सेवा में आये थे, जिनमे मन में सेवा का भाव है वो कभी न कभी प्रस्फुटित जरुर होता है। प्रशासनिक सेवा से इस्तीफ़ा देने के बाद इन्होने अपनी मेहनत और पुरुषार्थ के बल पर, मन में सेवा का भाव लेकर कार्य किया। उसी सेवा भाव का परिणाम है कि आज 41 विभागों की 4118 परियोजनाओं को 3 वर्ष में धरातल पर उतारा गया है, हर वर्ग को समाहित किया है, ऐसा पुरुषार्थ मैंने अपने 37 साल के सार्वजानिक जीवन में कभी नहीं देखा। इस से पूर्व सरोजनी नगर विधायक डॉ.राजेश्वर सिंह ने सीएम योगी का स्वागत करते हुए कहा कि सरोजनीनगर की जनता हर्षित, प्रफुल्लित और भाव विभोर है। कार्यक्रम के उद्देश्य का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने कहा लोकतंत्र के अजेय योद्धा, सनातन के ध्वजवाहक मुख्यमंत्री योगी की सुशासन, दूरदर्शिता और दृढ़ नीतियों से उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभाओं में विकास की गतिमान धारा की भव्यता और वृहदता का अनुमान जनता के बीच एक साथ प्रस्तुत ही लगाया जा सकता है। विधायक डॉ. सिंह ने बताया की 8 सालों के योगी राज में प्रदेश की तस्वीर बदल गयी है। आज 40 से अधिक विभाग प्रदर्शनी के माध्यम से हजारों करोड़ की लागत से संपन्न कार्यों को प्रदर्शित कर रहे हैं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का स्वागत करते हुए डॉ. सिंह ने उन्हें 9 बार लगातार जीतने वाले अजेय, आदर्श राजनेता, 8.08 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट देने वालेआर्थिक नीतियों के शिल्पकार और राज्य के वित्तीय युग दृष्टा बताया।

कार्यक्रम के दौरान सुप्रसिद्ध कवयित्री और गायिका अनामिका जैन अम्बर और अनन्या सिंह ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री कौशल किशोर, महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल, पूर्व दर्ज़ा प्राप्त राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी, पूर्व सांसद रीना चौधरी, राम मनोहर लोहिया विधि विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह, रेरा अपीलीय अधिकरण के सदस्य रामेश्वर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, नान्नक चंद लखमानी, राजेश सिंह चौहान, गोविंद पांडेय, शंकरी सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी, गंगाराम अंबेडकर, पुष्कर शुक्ला, जे. एस. चड्ढा जी, राजकुमार पटेल व अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# खैराबाद नगरपालिका में 40 करोड़ 27 लाख का बजट सर्वसम्मति से बोर्ड द्वारा पारित

**नगर पालिका परिषद खैराबाद बोर्ड की विशेष बैठक बेबी गुप्ता की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। नगर पालिका परिषद खैराबाद बोर्ड की विशेष बैठक बेबी गुप्ता की अध्यक्षता में40 करोड़ 27 लाख का बजट सर्वसम्मति से बोर्ड द्वारा पारित पूर्व निर्धारित तिथि व समय के अनुसार अपराह्न 02:00 बजे सम्पन्न हुई। जिसमें नगर के विकास के परिपेक्ष्य में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 40 करोड़ 27 लाख का बजट सर्वसम्मति से बोर्ड द्वारा पारित किया गया। वित्तिय वर्ष 2025-26 के बजट में नगर की आधार भूत संरचना, सड़क, नाली, पेयजल व्यवस्था, जलनिकासी, प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था व रोजगार सृजन हेतु व्यवस्थायें की गई है, जिसे की नगर चतुर्दिक विकास सम्भव हो सके, साथ ही बजट में सृजनात्मक कार्यो पर भी बल दिया गया। बोर्ड द्वारा नगर की आय बढ़ाने के लिए भी बैठक में बल दिया गया एवं आय बढाने के साधनों के साथ.साथ उससे सम्बन्धित निमावलिया भी बनाने हेतु अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। अध्यक्ष महोदया द्वारा नगर के विकास में सहयोग एवं साथ.साथ चलने हेतु वार्ड सभासद गण का आभार प्रकट किया गया एवं तत्पश्चात सधन्यवाद बोर्ड की बैठक समाप्त हुयी।

बोर्ड बैठक में विष्णु कुमार, हबीब, श्रीमती मुन्नी, युसुफ खॉ उमेश, शबेनाज़, सुनील, फरजन्द अली, आलोक बाजपेई, राकेश चन्द्र, मो0 मुर्सलीन, मोमिना, जफरयाब बेग, शकील अहमद, मो0 नसीम खॉ, मो0 जावेद, सऊद अहमद, कविता, साबिर अली, हसीन अहमद, राशदुन निशां, शायरून निशां, नासरा बानों, रोशन जहॉ, महरून निशा व प्रेम शंकर गुप्ता अधिशासी अधिकारी, मनोज राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं नदीम आल लिपिक उपस्थित रहें।

# सीतापुर में पत्रकार की दिनदहाड़े हत्या के विरोध में पत्रकार संगठनों ने किया पैदल मार्च

**मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को सौंपा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। महोली तहसील के दैनिक जागरण अखबार के पत्रकार राघवेंद्र के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए पत्रकारों ने किया जोर दार प्रदर्शन, राघवेंद्र के हत्यारों को फंासी दो के नारों से गूंजा सीतापुर, मृतक पत्रकार के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए , पत्रकारों ने की मांग ।

पत्रकारों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन देते हुए पत्रकार राघवेंद्र के हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए ,पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाए ,सीतापुर पत्रकार संघ के नाम से समस्त पत्रकार संघों के एक सैकड़ा से अधिक पत्रकार सीतापुर की महोली क्षेत्र में पत्रकार राघवेंद्र की दिनदहाड़े हत्या के हत्यारों को गिरफ्तारी के लिए पैदल मार्च निकालते हुए सीतापुर जिला अधिकारी व सीतापुर पुलिसअधीक्षक को ज्ञापन सौंपा । मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीतापुर जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को सौंपते हुए पत्रकारों ने पत्रकार राघवेंद्र के हत्यारों को एनएसए के अंतर्गत जल्द गिरफ्तार किया जाए ,पत्रकार के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए और पत्रकार सुरक्षा कानून बनाई जाए, मृतक पत्रकार के बच्चों को निशुल्क शिक्षा कराई जाय और पत्रकार की पत्नी को उसकी योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी दी जाय । इन मांगों को तत्काल संज्ञान में लिया जाए ।नेतृत्वकर्ता यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसियेशन (उपजा) के जिला अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, एन यू जे आई के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ,श्रमजीवी पत्रकार संघ के पंकज सक्सेना ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी पत्रकार एकजुट हैं और पत्रकार सुरक्षा सर्वोपरि है उपरोक्त मांग पूरी न होने की स्थिति में जोरदार आंदोलन किया जाएगा सीतापुर के सैकड़ों पत्रकार पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं ।

# मनरेगा के तहत हो कार्यो में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार

**मनरेगा योजना को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे प्रधान सचिव रोजगार सेवक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत कुनेहटा लक्ष्छी रामपुर में ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक एवं सचिव की मिली भगति से मनरेगा योजना के नाम पर भ्रष्टाचार पनप रहा है। सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर उत्तरी में विकास कार्य मनरेगा योजना के तहत एक कार्य चल रहा है जिसमें ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक एवं सचिव द्वारा विकास कार्य की आड़ में बढ़ा चढ़ाकर लोगों की उपस्थिति मास्टर रोल पर चढ़ाई जा रही है। जो फोटो अपलोड होती है उस फोटो में सिर्फ कुछ आदमियों के चित्र दिख रहे हैं जबकि मास्टर रोल पर कुछ महिलाओं के नाम भी दर्ज है। सूत्रों ने बताया कि लोगों की उपस्थिति बढ़ा चढ़ाकर दर्ज होती है सरकार की आंखों में धूल झोंक कर सरकारी धन को हड़पने का काम किया जा रहा है। मस्टर रोल पर करीब 19 लोगों की उपस्थिति दर्ज होती है। सरकार की महत्वपूर्ण योजना महात्मा गांधी मनरेगा गारंटी को जमकर चुना लगाया जा रहा है । वही ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि हैंडपंप मरम्मत व रिबोर के नाम पर सात बार में लगभग 356000 रुपयो का भगतान कराया गया है जिसमे काफी अनिमितायें बर्ती गयी है। यही नही पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल चित्रकारी , पेन्ट , गेट अवशेष उच्चीकरण कार्य के नाम पर दो बार मे लगभग 309000 रुपयो का भुगतान कराया गया है। जिसकी ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच करने की मांग की है । यही नही पूर्व माध्यमिक विद्यालय में टाइलीकरण, व्हील चेयर, ठेलिया मरम्मत आदि के नाम पर लाखों रुपयों का भुगतान कराया गया है।

# तहसील बिसवां के सभी पत्रकारों ने पत्थर शिवाला परिसर से काली पट्टी बांधकर नारेबाजी करते हुए पहुंचे तहसील परिसर

- अधिवक्ताओ ने भी शामिल होकर इस घटना की घोर निंदा की और विरोध प्रकट किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिसवा (सीतापुर)। बीते दिनों महोली के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस अभी तक अभियुक्त को पकड़ न सकी है। जिससे जनपद सीतापुर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है। इसी प्रकरण को लेकर को तहसील क्षेत्र के सभी पत्रकारों ने पत्थर शिवाला परिसर से काली पट्टी बांधकर नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंचे। पत्रकारों ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी बिसवा मनीष कुमार को सौपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि मृतक पत्रकार के हत्यारे को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और उसे जेल भेजा जाए। मृतक के परिवार को समुचित सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाए। परिवार के एक सदस्य को नौकरी व परिवार को मुआवजा के तौर पर एक करोड़ की मदद प्रदान की जाए। घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए एवं मृतक पत्रकार के बच्चों को निशुल्क शिक्षा व्यवस्था की जाए।

अधिवक्ताओ ने भी शामिल होकर इस घटना की घोर निंदा की और विरोध प्रकट किया। तहसील परिसर बिसवा स्थित शहीद स्थल पार्क पर वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र नाथ सिंह,अशोक श्रीवास्तव, अरूण नाथ सिंह, नीरज श्रीवास्तव, पीयूष बाजपेई, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, अश्वनी त्रिपाठी, संतोष कठेरिया, आनंद मेहरोत्रा, हिफाजत अली, अशोक श्रीवास्तव, राजीव बाजपेयी, विजय अवस्थी, मधुकर वर्मा, संकेत वर्मा आशुतोष तिवारी, हरिशंकर गुप्ता, विनोद कुमार सोनी अनुराग पाठक पंकज शुक्ला राकेश नंद, पंकज वर्मा, नैय्यर सकेब प्रवीण श्रीवास्तव, अतुल त्रिवेदी, मिश्रीलाल, सतेंद्र जोशी, शशि गौरव, जीशान खां, रवि गौरव श्रीवास्तव सैकड़ो पत्रकार सहित कमलेंद्र बाजपेयी, सत्य प्रकाश सिंह, रजनीश मिश्रा, इंद्रपाल वर्मा, अनमोल मौर्य, प्रमोद श्रीवास्तव, प्रदीप गौतम सहित बिसवा बार एसोसिएशन व बिसवा लायर्स एसोसिएशन के अधिवक्ता गण ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करके श्रद्धांजलि दी।

# ग्राम पंचायतों में लगा भ्रष्टाचार का घुन पनपने नही दे रहा विकास

- स्नान घर व जीना निर्माण के नाम पर लाखों का भुगतान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। जहाँ उत्तर प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने का प्रयास कर रही हैं वही ग्राम पंचायतो में भ्रष्टाचार थमने का नाम नही ले रहा है। ब्लाक स्तर से लेकर प्रधान , पंचायत सचिव ग्राम पंचयातो में विकास के लिए स्वीकृत हुए धन को अपने खाने कमाने का जरिया बनाये हुए है। जिम्मेदार इस पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। मामला विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर उत्तरी का है, जहां ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव और रोजगार सेवक की चलती तिगड़ी के भ्रष्टाचार का खेला हो रहा है। न ही अधिकारियों का डर है न ही जाँच का। पंचायत राज व्यवस्था पर लगातार भ्रष्टाचार हावी होता जा रहा है लगभग सभी विकास कार्यों पर घोटाले का ग्रहण लग चुका है जिसका प्रमुख कारण कमीशन बाजी व घोटाले बाजी बताया जा रहा है। विकास कार्यो में हुआ भ्रष्टाचार चर्चा का विषय बन चुका है खाऊ कमाऊ नीति पर सन्चालित विकास कार्यों में पंचायत से लेकर ब्लॉक तक जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत की दशा बहुत ही दयनीय है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अमृत सरोवर मतकुट्टा के पास स्नान घर निर्माण के नाम पर चार बार मे लगभग 445000 रुपयों का भुगतान कराया ग्रामीणों ने बताया कि ऐसा कोई स्नान घर तो यहां आसपास बना नही है। वही पर एक लैट्रिन व एक बाथरूम बना हुआ है, जिसमे लैट्रिन में ताला लगा रहता है। वही अमृत सरोवर पर बने जीना जिसकी लागत लगभग 314000 रुपये है, जिसमे काफी अनिमितायें बरती गई है। जिसकी हालत काफी दयनीय नजर आ रही है।

यही नही ग्राम पंचायत में ठेलिया कार्य के लिए लगभग 14500 रुपये का भुगतान कराया गया । जब कि खण्ड विकास अधिकारी राजेश तिवारी भ्रष्टाचार के काफी विरुद्ध हैं जिस ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की शिकायत मिलती है उसकी जांच कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हैं अब देखना यह है की ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर उत्तरी की जांच होती है या फिर ऐसे ही चलता रहेगा।

**क्या बोले जिम्मेदार**

जब खण्ड विकास अधिकारी राजेश तिवारी को फ़ोन किया गया तो उन्होंने बताया कि जांच कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# पत्रकारों के लिये भी जारी की जाए पत्रकार बीमा योजना : सुनील राजवंशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने महोली क्षेत्र के दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार हत्याकाण्ड प्रकरण के बाद कहा कि देश मे पीएम व मुख्यमंत्री के द्वारा हर वर्ग के विकास के लिये योजनाएं जारी की गई है जिससे लोग जारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे है लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ पत्रकार समाज में जागरूकता फैला रहे है और रह वर्ग की लड़ाई अपनी लड़ाई समझकर जान जोखिम में डालकर लड़ाई लड़ रहे है। अधिकतर पत्रकारों का कोई भी निर्धारित मानदेय नही होता है वह निःस्वार्थ भाव से हर पीड़ित की लड़ाई को अपनी लड़ाई समझकर लड़ रहे है। कभी कभी तो समाज की लड़ाई लड़ते लड़ते पत्रकारों को बड़ा मुआवजा भी भुगतना पड़ता है। पत्रकारों के साथ हो रही दुर्घटनाएं चिन्ता का विषय है कहीं मार्ग दुर्घटना मे पत्रकार की मौत हो रही है तो कहीं लम्बी बीमारी के चलते पत्रकार की मौत हो जाती है तो कहीं भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर पत्रकार को दिन दहाड़े रोड पर गोलियों से भून दिया जाता है। जैसा कि राघवेन्द्र बाजपेई हत्याकाण्ड में हुआ है। समाज सेवा कर रहे पत्रकारों की किसी भी प्रकार से मृत्यु हो लेकिन अपने पीछे वह अपना परिवार छोड़ जाते है जिन्हे बाद में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। शासन के द्वारा हर वर्ग के लिये योजनाएं लागू की गई है। जैसे कि किसान की मौत के बाद किसान बीमा योजना के तहत किसान के परिवार को मरणोपरान्त शासन से पांच लाख रूपये का लाभ दिया जाता है इसी प्रकार प्रदेश सरकार को चाहिए अगर किसी पत्रकार के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो उनके परिवार के भरण पोषण के लिये पत्रकार बीमा योजना संचालित करनी चाहिए जिससे पत्रकार परिवारो को आर्थिक तंगी में कुछ सहायता शासन से मिल सके।

## शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे उप निबन्धक कार्यालय

**बहराइच ।** अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालयों में माह मार्च 2025 के सभी कार्य दिवस में निबन्धन कार्य सांय 6 बजे तक सम्पादित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विभागीय वेबसाइट के पब्लिक पोर्टल पर पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन के स्लॉट बुक करने का समय भी बढ़ा कर अपरान्ह 04:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालय माह मार्च 2025 के अन्तिम रविवार को सामान्य कार्य दिवस की भांति खुले रहेंगे तथा विलेख पंजीकरण का कार्य सूचारू रूप से सम्पादित किया जायेगा।

# थानाध्यक्ष और नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में हुई पीस पार्टी की बैठक

**नशे की हालत में गाड़ी स्टंट करते मिले तो, होली थाने में होगी, निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रदेश लहर, मछरेहटा-सीतापुर । थाना मे मछरेहटा मे थानाध्यक्ष अमित पाण्डेय और नायब तहसीलदार मिश्रिख की अध्यक्षता मे पीस पार्टी की बैठक हुई जिसमे होने वाले होली और रमज़ान के त्यौहार को लेकर चर्चा हुई। थानाध्यक्ष अमित पाण्डेय के द्वारा से उक्त त्यौहारों को लेकर होने वाली समस्याओ को जानने की कोशिश की गई और निदान का भरोसा दिलाया इसके अतिरिक्त थानाध्यक्ष के द्वारा अवगत कराया गया कि पुलिस प्रशासन ने त्यौहारों को लेकर सारी व्यवस्थाएं सुदृढ़ कर ली हैं। होली के दिन कोई भी शराब पीकर गाड़ी स्टंट करते हुए मिलता है तो उसकी होली थाना परिसर होगी और यदि कोई व्यक्ति अवैध शराब बेचते, लेते, पिलाते हुए या कोई ऐसी अमानवीय घटना घटित होती है तो उसमे सम्मिलित सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई होगी , एवं कहीं पर कोई अप्रिय घटना घटित होने की आशंका होती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस मौके उक्त पुलिस प्रशासन, ग्राम प्रधान, एवं क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शकील मर्डर केस : डॉक्टर ने हत्या को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया था हार्ट अटैक!

- आईजी के निर्देश पर एसओजी को सौंपी गई थी जांच की जिम्मेदारी
- इलेक्ट्रॉनिक व मैन्युअल साक्ष्यों के आधार पर किया खुलासा, पति संग मिलकर प्रेमिका ने की थी हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र में जनवरी माह में एक युवक को घर से बुलाकर उसकी नृशंस हत्या कर आंखों को निकाल लिया गया और शव को एक झाड़ में फेंक दिया गया। इस मामले में मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। दरअसल, कत्ल की एफआईआर न लिखने के पीछे डॉक्टर की वह पोस्टमार्टम रिपोर्ट थी, जिसमें युवक की मौत की वजह हार्ट अटैक बताई गयी थी।ऐसे में अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम बिरमापुर के रहने वाले 35 वर्षीय शकील अहमद 15 जनवरी को घर से कहीं जाने के लिए निकला, लेकिन देर रात तक वापस नहीं आया। परिजन द्वारा 16 जनवरी को इटियाथोक थाने में शकील अहमद की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गयी। 17 जनवरी को इटियाथोक के लखनीपुर गांव के पास एक झाड़ी में शकील की क्षत-विक्षत लाश मिली, जिसकी दोनों आंखें निकली हुई थीं। कान कटे हुए थे और चेहरे पर जख्म थे। इस पर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई। इस मामले में इटियाथोक पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक आया है। ऐसी परिस्थिति में हत्या का केस नहीं दर्ज किया जा सकता है। इस पर पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े किए गए। सपा नेता मसूद आलम खान मृतक की पत्नी खुशनुमा को लेकर आईजी अमित पाठक से मिले और पूरे मामले से अवगत कराते हुए जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। घटना की गंभीरता को देखते हुए आईजी ने एसपी विनीत जायसवाल से अपनी निगरानी में एसओजी से जांच कराने का निर्देश दिया। एसओजी ने इस घटना की गहनता से पड़ताल की और शकील अहमद की हत्या का खुलासा करते हुए मृतक की प्रेमिका व उसके पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दरअसल, एसओजी इलेक्ट्रॉनिक और मैन्युअल साक्ष्यों के आधार पर तफ्तीश शुरू की तो उसके हाथ हत्यारोपियों तक पहुंच गये। इटियाथोक रेलवे स्टेशन के पास से इसी थाना क्षेत्र के रानीजोत अयाह गांव के रहने वाले मोहम्मद वकील पुत्र सूबेदार खां और उसकी पत्नी सबीना को गिरफ्तार कर लिया।

हत्याभियुक्तों ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मोहम्मद वकील ने बताया कि उसकी पत्नी सबीना का प्रेम प्रसंग बिरमापुर गांव के रहने वाले शकील से चल रहा था। इसकी जानकारी होने पर उसने अपनी पत्नी को डांटा और समझाया, जिससे वह मान गई थी और शकील से दूरी बनाने का वादा करते हुए नये सिरे से जिंदगी की शुरूआत करने की बात कही थी, लेकिन शकील हाथ धोकर सबीना के पीछे पड़ा था। यहां तक कि उसने सबीना के आपत्ति जनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देनी शुरू कर दी थी। परेशान होकर पति-पत्नी ने शकील को रास्ते से हटाने की साज़िश रची और 15 जनवरी की रात सबीना ने शकील को फोन कर अपने घर बुलाया, जहां वकील पहले ही छुपकर घात लगाए बैठा था। जैसे ही शकील घर में दाखिल हुआ, वैसे पति-पत्नी ने मिलकर तकिए से उसका मुंह दबाकर दम घोंट दिया। सांस न ले पाने से उसकी मौत हो गयी। इसके बाद मोटरसाइकिल पर लादकर पेराड़ नाले के पास झाड़ियों में फेंक दिया था।

## कार्डियोजेनिक शॉक से हुई थी शकील की मौत: डॉ. जय प्रकाश

शकील के शव का पोस्टमार्टम करने वाले सीएचसी बभनजोत के एमओ डॉ जय प्रकाश का कहना है कि शकील की मौत कार्डियोजेनिक शॉक के कारण हुई थी। उन्होंने बताया कि यह एक जानलेवा मेडिकल इमरजेंसी है, जिसमें हृदय अचानक शरीर में पर्याप्त रक्त पंप करने में अस्मर्थ हो जाता है। इससे अंग विफल हो सकते हैं और अगर तुरंत इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि हार्ट रूक जाने, सांस रूक जाने,ग्लूकोज घट जाने, पानी कम हो जाने, खून कम होने, इंफ़ेक्शन हो जाने से कार्डियोजेनिक शॉक हो सकता, जिसमें जान जा सकती है। उन्होंने बताया कि इससे आदमी के मरने के बाद कारण स्पष्ट पता नहीं चल सकता है। इसलिए क्लीयर नहीं कहा जा सकता है कि किस कारण मौत हुई। ?

# अशोक विद्यापीठ में रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने का सच्चाई की खुली पोल

- अफवाह कहने वालो के मुंह लगा ताला, बोलती बंद
- डीआईओएस ने केन्द्र व बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक के निलंबन का किया है अनुमोदन, उठा सच से पर्दा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कार्यालय – जिला विद्यालय निरीक्षक, कुशीनगर।

कुशीनगर। '' सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नही। '' आखिरकार यह फलसवा जिले में चरितार्थ हुई। कल तक जिले के माध्यमिक शिक्षा विभाग के हुक्मरान और कथित बडे बैनर के मीडिया संस्थान से जुडे लोग लखनऊ से प्रकाशित समाचार पत्रों द्वारा उजागर किये गये रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले को झुठलाने के लिए ऐडी-चोटी एक किये हुए थे लेकिन अब उसकी सच्चाई सामने आ गयी है और मामले को अफवाह कहने वाले लोगो का मुह पर ताला जड गया है। कहना ना होगा कि रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले में अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक व बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक बनाये गये जितेन्द्र स्मारक इटर कालेज के सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया गया है जिसका अनुमोदन डीआईओएस ने 5 मार्च को किया है। जनपद के फाजिलनगर विकास खण्ड क्षेत्र के नकटहा मिश्र स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज द्वारा 1 मार्च को रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज व जितेन्द्र स्मारक इंटर कालेज के प्रबन्धक को विभागीय पत्र जारी किया है। पत्रांक /परीक्षा 2025/ 9036-45 /2024-25 दिनाँक -5 मार्च-2025 के पत्र मे डीआईओएस ने कहा है कि अपने पत्र दिनांक 3 मार्च-2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा 2025 में परीक्षा केन्द्र 1038 अशोक विद्यापीठ इण्टर कालेज, नकटहां मिश्र, कुशीनगर पर तैनात केन्द्र व्यवस्थापक कश्यप कुमार, प्रवक्ता/ कार्यवाहक प्रधानाचार्य द्वारा हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा में मूल पेपर सेट न वितरित कर वैकल्पिक पेपर सेट (822-बीएके) परीक्षार्थियों को वितरण कर परीक्षा सम्पन्न कराने के कारण प्रबन्ध समिति की आयोजित बैठक दिनाक 2 मार्च-2025 के प्रस्ताव संख्या -दो के तहत कश्यक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है तथा प्रकरण की तथ्यात्मक एवं अभिलेखीय जांच के लिए जांच समिति का गठन किया गया है। डीआईओएस ने अपने आदेश मे कहा है कि अशोक विद्यापीठ इण्टर कालेज के प्रबन्ध समिति द्वारा पारित प्रस्ताव क्रम में कश्यप कुमार के किए गये निलम्बन का अनुमोदन प्रदान किया जाता है।

साथ ही निलम्बन अवधि के दौरान कश्यप कुमार को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। इसी कडी मे जितेन्द्र स्मारक इंटर कॉलेज नरायनपुर कोठी के प्रबंधक को पत्रांक/परीक्षा - 2025- 9046 -55 के जारी आदेश में डीआईओएस ने कहा है कि अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए बनाये गये बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक दुर्गेश कुमार यादव सहायक अध्यापक जितेन्द्र स्मारक इंटर कालेज नरायनपुर कोठी के निलंबन का अनुमोदन किया है। डीआईओएस ने निलंबन के दरम्यान दुर्गेश कुमार यादव को जीवन निर्वाह भत्ता देय करने व आरोपी दोनो शिक्षको के खिलाफ विस्तृत जांच कराकर आख्या उपलब्ध कराने का आदेश दोनो प्रबन्धको को दिया है।

### एक नजर घटना पर

बतादें कि फाजिलनगर ब्लाक अन्तर्गत नकटहा मिश्र स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में शनिवार 1 मार्च को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा के रिजर्व में रखे गये अतिरिक्त प्रश्नपत्रो से परीक्षा कराये जाने के मामले को लखनऊ से प्रकाशित समाचार पत्रों ने उजागर किया था। इसके बाद इस मामले को पचाने के लिए डीआईओएस और विद्यालय प्रशासन ने अफवाह का नया खेल शुरु कर दिया। सूत्र बताते है। अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज के कारगुजारियों की जानकारी जब डीआईओएस को हुई तो वह प्रयागराज जा रहे थे और बीच रास्ते से वापस कुशीनगर लौट आये। इसके बाद डीआईओएस रात मे ही विभागीय सहायक लिपिक व एक प्रधानाचार्य के साथ अशोक विद्यापीठ परीक्षा केन्द्र पहुंचे और सीधे स्ट्रांग रूम की जांच –पडताल की, जबकि रात में जिलाधिकारी व सचिव बोर्ड परीक्षा के निर्देश के बिना परीक्षा केन्द्र का स्ट्रांग रुम खुलवाने का अधिकार डीआईओएस को नही है। महत्वपूर्ण बात यह है कि रात मे स्ट्रांग रूम खुलवाने के लिए डीआईओएस ने डीएम और सचिव बोर्ड से अनुमति लेना भी मुनासिब नही समझा। हालाकि सूत्रो के दावे मीडिया पुष्टि नहीं कर रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक शनिवार की रात्रि मे अशोक विद्यापीठ परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर स्ट्रांग रूम खुलवाये या नही इसकी सत्यता वहा लगे सीसीटीवी कैमरा से प्रमाणित किया जा सकता है। इसके अलावा शनिवार की रात्रि दस बजे से तीन बजे तक के बीच डीआईओएस के मोबाइल लोकेशन की जांच करा दी जाये तो सच्चाई परत–दर–परत सामने आ जायेगी।

### खबर को झुठलाने के लिए अफवाह का शुरू किया गया खेल

काबिलेतारीफ है कि लखनऊ से प्रकाशित समाचार पत्रों ने जब रिजर्व पेपर से परीक्षा कराये जाने (रिजर्व पेपर लीक)का खुलासा किया तो इस गंभीर मामले को जिले के शिक्षा विभाग के हुक्मरान, विद्यालय व जिम्मेदारो के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाये अपने विभागीय कारीदें और विद्यालय प्रशासन के साथ मिलकर अफवाह का रुप देने का खेल शुरु कर दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस खेल में कुछ बडे बैनर के मीडिया संस्थान भी सच्चाई के विपरीत लामबंद हो गये। नतीजतन वह डीआईओएस की तरफदारी करते हुए न सिर्फ डीआईओएस की भाषा बोलना शुरू कर दिये बल्कि कि इस जघन्य प्रकरण का पटाक्षेप करने के लिए रिजर्व पेपर से बोर्ड परीक्षा कराने का मामला वायरल शीर्षक से बकायदे खबर प्रकाशित कर चौक–चौराहों पर डीआईओएस का पक्ष रखने लगे। विडम्बना यह है कि यह मीडिया संस्थान प्रकाशित व वायरल खबरो का पड़ताल करना भी मुनासिब नही समझा।

### लाखों में किया गया था मामले को मैनेज

विश्वस्त सूत्रों का दावा है कि इस मामले को पचाने के लिए विभाग–ए–शहंशाह ने विद्यालय प्रशासन से लाखो रुपये की डिलिंग की थी। हालाकि सूत्रो के दावे को संवाददाता द्वारा पुष्टि नही किया जा रहा है लेकिन इसकी चर्चा विभागीय गलियारों मे भी है।

### क्या कहते है जानकार

माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज से जुडे विशेषज्ञों का कहना है कि बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन व पारदर्शी तरीके से सकुल संपन्न कराने की गरज से आपातकालीन स्थिति के लिए रिजर्व में रखे गये पेपर से परीक्षा कराने व रिजर्व पेपर लीक किये जाने के मामले मे केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के खिलाफ तत्काल विभागीय कार्रवाई व मुकदमा दर्ज कराने के साथ साथ जुर्माना व विद्यालय को डिबार करते हुए परीक्षा निरस्त करने और निरस्त परीक्षा का सम्पूर्ण खर्च संबधित परीक्षा केन्द्र से वसूलने का प्राविधान है। किन्तु सत्यता प्रमाणित होने के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने अब इस दिशा मे कोई कार्रवाई नही की और मामले को झूठलाने में लगे है।

### प्रदेश की है पहली घटना

कहना ना होगा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा 2025 में कुशीनगर जिले के फाजिलनगर ब्लाक क्षेत्र के अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज नकटहा मिश्र में रिजर्व मे रखे गये पेपर से इम्तिहान कराने का प्रदेश में यह पहला मामला है। ऐसा विभाग से जुडे लोगो का दावा है। ऐसे मे इस मामले से जुडे लोगो व जिम्मेदारो के खिलाफ समुचित कार्रवाई न होना अपने आप मे एक सवाल बना हुआ है।

### 24 फरवरी से 1 मार्च तक का बण्डल खुलवाकर करायी जाए जांच

विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे 24 फरवरी से प्रारंभ हुए बोर्ड परीक्षा का इम्तिहान 1 मार्च तक रिजर्व पेपर से हुआ है। सूत्रो के दावे की सत्यता जानने के लिए जरूरी है कि संकलन केन्द्र (बुद्ध इंटरमीडिएट कुशीनगर) पर 24 फरवरी से 1 मार्च तक संपन्न हुए अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज का जमा किये गये बंण्डलो की जांच करा दी जाये तो दूध का दूध पानी का पानी स्पष्ट हो जायेगा।

# गोद लेने में बेसिक शिक्षा विभाग बनायेगा रिकॉर्ड : बीएसए

- जनांदोलन के माध्यम जनपद होगा टीबी मुक्त–डीटीओ
- बीआरसी परिसर में 50 टीबी रोगियों में वितरित हुआ पौष्टिक आहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पड़रौना, कुशीनगर। 100 डे टीबी खोज अभियान के तहत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं सीडीओ गुंजन द्विवेदी के प्रेरणा एवं निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे टीबी रोगियों के गोद लेने के कार्यक्रम के क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग पड़रौना द्वारा सोमवार को बीआरसी के प्रांगण में 50 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया।

कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामजियावन वर्मा ने कहा कि टीबी रोगियों को गोद लेना पुनीत कार्य है। उन्होंने ने कहा कि गोद लेने का जो अभियान चल रहा है उसमें बेसिक शिक्षा विभाग नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। जो भी शिक्षक या शिक्षिका गोद लिए लिया है उन रोगियों से भावनात्मक लगाव रखते हुये उस मरीज से महीने में एक बार जरूर बात कर उसके स्वास्थ्य की जानकारी ले ले। विशिष्ट अतिथि जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन.त्रिपाठी ने कहा कि जनांदोलन के द्वारा ही हम जनपद को टीबी मुक्त बना सकते है। उन्होंने इस पुनीत कार्य हेतु बेसिक शिक्षा विभाग के प्रति आभार भी प्रकट किया तथा टीबी रोग के लक्षणों एवं उपचार के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार ने कहा कि समाज के सम्भ्रांत व्यक्ति द्वारा गोद लेकर मरीजों को जो पोषण पोटली दिया जाता है उसे दवा के साथ मरीज खाकर शीघ्र स्वस्थ होकर समाज के मुख्य धारा में जुड़ जाता है। अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षक शिक्षा कार्य के साथ सामाजिक कार्यो में भी अग्रणी भूमिका में रहते है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रवींद्र पांडेय ने किया। अतिथियों का स्वागत बीईओ मुकेश नारायण सिंह ने किया तथा आभार शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप पांडेय ने किया। इस दौरान एसटीएस सन्तोष यादव, एसटीएलएस विशाल, सुधीर श्रीवास्तव, लक्ष्मीश्री मिश्र, नीतू सिंह, प्रवीण पांडेय, अमरदीप शुक्ल, राकेश यादव, इंद्रजीत मणि, दुर्गेश त्रिपाठी अन्य शिक्षक एवं शिक्षका उपस्थित रहे।

### फंदे से लटककर युवक ने की आत्महत्या

**पडरौना, कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बलडीहा में सोमवार की सुबह एक 21 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही तुर्कपट्टी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बलडीहा निवासी सुभाष यादव के दो पुत्रों में विकास यादव (21) सबसे छोटा था। बताया जाता है कि रविवार की रात विकास रोज की तरह खाना खाकर लगभग 9 बजे अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह काफी देर तक जब विकास अपने कमरे से बाहर नहीं निकला और कोई आवाज भी सुनाई नहीं दी, तो परिजनों को आशंका हुई। जब घरवालों ने कमरे के पीछे की खिड़की से झाँककर देखा, तो अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गए। विकास कमरे में गमछे के सहारे फंदे से लटका हुआ था। परिजनों ने तत्काल घटना की सूचना तुर्कपट्टी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# स्कॉउट हमें प्रकृति से प्रेम व पर्यावरण संरक्षण सिखाता है : डा. सत्येंद्र गौतम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। बुद्ध पीजी कालेज,कुशीनगर में रोवर/रेंजर्स तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ सोमवार को हुआ। मुख्य अतिथि बीएड विभागाध्यक्ष प्रो विभ्राट चंद कौशिक ने कहा कि स्कॉउट प्रशिक्षण से निस्वार्थ भाव से देश की सेवा के लिए नैतिक चारित्रिक तथा मानसिक विकास होता है। इससे सेवा भाव के विकास के साथ-साथ विषम परिस्थितियों और कम संसाधनों में जीवन जीने की कला भी आती है। डा. सत्येंद्र गौतम ने संबोधित करते हुए कहा कि स्कॉउट हमें प्रकृति से प्रेम व पर्यावरण संरक्षण सिखाता है । छात्र जीवन में इस प्रकार के मानवतावादी प्रशिक्षणों का विशेष योगदान है। डॉ ज्ञानेश सिंह ने कहा कि रोवर / रेंजर प्रशिक्षण शिविर व्यक्तित्व के निखार के साथ कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार बनाता है। तीन दिनों तक चलने वाले शिविर से शिविरार्थीयों में असीम ऊर्जा का संचार हो इस आशा के साथ सभी को शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत रोवर्स लीडर डॉ राजीव राय ने करते हुए कहा कि तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में स्काउट गाईड संगठन की इतिहास , प्रतिज्ञा , नियम , टेंट पिचिंग , पुल निर्माण , झंडारोहण , गाँठ फ़ांस बन्धन , प्राथमिक सहायता , फ़ायर फाइटिंग , मार्च पास्ट , सीटी संकेत , खोज चिन्ह संकेत आदि की प्रशिक्षण दी जाएगी। इसके पहले झंडारोहण के साथ अतिथियों को स्कार्फ पहनाया जाने के साथ शिविर प्रारम्भ हुई । प्रशिक्षण देने का कार्य जिला प्रशिक्षण आयुक्त मु. इजहारुल खान, निवेदिता श्रीवास्तव, एनपी सिंह द्वारा किया जा रहा है । संचालन मु. इजहारुल खान ने किया।आभार रेंजर्स लीडर डॉ अंशू यादव ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर डा. यज्ञेश नाथ त्रिपाठी, डा. दुर्गविजय पाल सिंह, डा. सीपी सिंह, डा. शंभू दयाल कुशवाहा, डा. सुबोध गौतम, डा. कमाल हसन आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

- शादी का सामान लेकर घर जाते समय हुआ हादसा, शादी की खुशियां मातम में बदली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। चचेरे भाई की शादी का सामान लेकर घर लौट रहे बाइक सवार युवक को मलिहाबाद के ढेढेमऊ गांव के निकट अज्ञात वाहन ने ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल युवक को गंभीर अवस्था में सीएचसी पहुंचाया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव की शिनाख्त करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक़ जनपद उन्नाव के बबुरी तहसील हसनगंज निवासी सौरभ लखनऊ एयरपोर्ट पर संविदा पर काम करता था। सौरभ के चचेरे भाई सुजीत की आज सोमवार को बारात जानी थी। घर में शादी होने के चलते सौरभ गांव से बारात का कुछ सामान लेने मलिहाबाद गया था। घर वापसी के दौरान शाम लगभग साढ़े 7 बजे मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ढेढेमऊ पुलिया के निकट अज्ञात वाहन ने सौरभ की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरो ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पिता घनश्याम माता सुनीता भाई अनुराग व दो बहने सुभाषिनी, जानवी है जिनका रो रोकर बुरा हाल है। घर पर शादी की तैयारी चल रही थी शाम को सौरभ की खबर सुनते ही शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गई है।

# सीतापुर पत्रकार हत्या कांड को लेकर कुशीनगर पत्रकारों में आक्रोश

## श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के पत्रकारों ने हत्यारों की गिरफ्तारी और पत्रकार सुरक्षा कानून की एक स्वर में की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। सूबे के सीतापुर में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी की दिन दहाड़े गोली मारकर की गई हत्या को लेकर पत्रकारों में भारी आक्रोश है। घटना की पत्रकार संगठनों ने कड़ी निंदा करते हुए हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने और देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की एक स्वर मांग की है। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन कुशीनगर के जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने देश में आए दिन पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पत्रकार की निर्मम हत्या लोकतंत्र की हत्या है। सरकार और जनता के बीच एक सेतू की तरह काम करने वाला पत्रकार अपने कर्तव्यों का निर्वहन बखूबी करता है। सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दे और पत्रकारों के हित में कानून लाए। श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला महामंत्री संजय चाणक्य ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का प्रहरी कहा जाता है। आज भाजपा की सरकार में विकसित भारत निर्माण का संकल्प चल रहा है लेकिन जिस तरह से सीतापुर के पत्रकार की हत्या की गई और अब तक हत्यारे प्रशासन की गिरफ्त से बाहर हैं जो व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी है। प्रदेश की योगी सरकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड का जल्द से जल्द पर्दाफाश करें। नहीं तो पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पत्रकार सड़क पर उतरेंगे।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के उपाध्यक्ष ज्योतिभान मिश्र ने कहा कि आए दिन पत्रकारों के साथ घट रही घटनाओं पर रोक लगाई जाय। उन्होने सरकार से पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग करते हुए कहा कि सीतापुर में हुई घटना मानवता पर कड़ा प्रहार है, पीड़ित परिवार को न्याय दिया जाय। संगठन मंत्री ने सीतापुर में हुए राघवेंद्र हत्याकांड की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की ताकि घटना का सही तरीके से खुलासा हो सके। आगे कहा कि पीड़ित परिवार के साथ इस दुःख की घड़ी में सभी पत्रकार साथ हैं। सरकार पत्रकारों के हक में उनकी सुरक्षा के लिए पूरे देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करे। पत्रकारों ने कहा मारे गए पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाय तथा सरकार पीड़ित परिवार के आश्रितो को पचास लाख रुपये मुआवजा व दिवंगत पत्रकार के पत्नी को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराये। पत्रकारों ने चेताया कि अगर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो देशभर के पत्रकार सडक से लेकर सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# शिल्प प्रदर्शनी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नेशनल हैण्डी क्राफ्ट डेवलपमेन्ट प्रोग्राम के अंतर्गत तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शनी व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुशीनगर क्रोशिया हेंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कुशीनगर द्वारा हरिओम पैलेस तमकुही राज में आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ मास्टर क्राफ्ट परसन मयूरी विश्वकर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमें फ्रोचेट क्राफ्ट प्रदर्शनी, कल्चर प्रोग्राम एवं क्राफ्ट से सम्बंधित विभिन्न तरह की जानकारी दी गयी। विषय विशेषज्ञों द्वारा जीएसटी मार्केटिंग, जीआई टैग, मुद्रा लोन पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर कार्यालय विकास आयुक्त वारणती से आये वस्त्र शिल्प संवर्धन आधिकारी शेर सिंह द्वारा शिल्पियों को विभिन्न तरह के योजनाओं और उससे होने वाले काम के बारे में बताया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर शिल्पी समेत मयूरी विश्वकर्मा, तनवीर आलम, अनिल निषाद, सगुफ्ता अंसारी उपस्थित रहें।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। किसी भी व्यक्ति के लिए विदाई सबसे भावुक क्षण होता है। यह जानते हुए कि किसी से बिछड़ना दूसरे के लिए संयोग का माध्यम बनता है। ये बातें उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौरा बिहार के प्रधानाध्यापक रविन्द्र पांडेय ने कही। श्री पांडेय सोमवार को उमवि अमेया पश्चिम में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह के विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि दुनिया में एकमात्र शिक्षक ही ऐसा व्यक्ति है जो कभी सेवानिवृत नहीं होता। अजय कुमार सिंह बिहार शिक्षा विभाग के कर्मचारी होने के नाते भले ही सेवानिवृत हो गये हों लेकिन एक शिक्षक होने के नाते कभी सेवानिवृत नहीं हो सकते। विद्यालय की शिक्षिका अंजलि मिश्रा ने कहा कि इन्होंने इस विद्यालय में मात्र एक वर्ष का ही सेवा प्रदान किया लेकिन इस दौरान अपने कार्यो, विचारों से जो अमिट छाप छोड़ा है उसे जीवन पर्यंत भुलाया नहीं जा सकता है। विद्यालय की छात्राएं नव्या मिश्रा, कृति, रिया, काजल, अर्चना,आरोही, अंतिमा , हनी, पीहू, वंदना आदि ने विद्यालय से विदा हो रहे अपने प्रिय गुरू द्वारा सिखाये गये अपने बातों को याद करते रूधे गले से अपने संस्मरण सुनाये। छात्राओं द्वारा भाव विह्वल विदाई देख सभी की आंखे नम हो गयी। सेवानिवृत हो रहे अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि साथी शिक्षकों के सहयोग,स्नेह एवं छात्रों के लगन एवं निष्ठा देखकर समय कब बीत गया, पता ही नहीं चला।उन्होंने विदाई समारोह में आये सभी सुधिजनों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष विश्वरंजन स्वरूप पाठक एवं शिक्षक राजेश राम ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान तुलसीराम,ज्योति भूषण राव, देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सुधीर कुशवाहा,सच्चिदानंद दूबे, अरूण कुमार तिवारी, मनोज राय, रंजना तिवारी, सुमन यादव, जूली कुमारी, सतीश कुमार मिश्रा,कन्हैया कुमार राव,वशिष्ठ राम,जियाऊल हक खान, जाकिर अंसारी, प्रदीप राम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद ऊर्फ ओसियर सिंह, प्रधान संघ सेवरही अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, ग्रापए जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ पांडेय, अंजनी सिंह, जगदम्बा राय, मृत्युंजय पांडेय, शैलेष बंटी, हारून अंसारी, अजय शर्मा आदि रहे।

### बाजार में खड़ी बाईक चोरी, पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

**पडरौना, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिकटा निवासी एक व्यक्ति की बाइक रविवार की देर शाम कुबेरस्थान कस्बे से चोरी हो गई। काफी तलाश के बाद भी बाइक का सुराग न मिलने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिकटा निवासी संतोष कुमार सिंह अपनी एचएफ डीलक्स बाइक (नंबर यूपी 57 ए 8202) लेकर रविवार की शाम कुबेरस्थान साप्ताहिक सब्जी बाजार पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक बाजार के उत्तरी गेट के पास लगभग 6 बजे खड़ी की और सब्जी खरीदने लगे। सब्जी खरीदने के बाद जब वे वापस लौटे तो उनकी बाइक मौके से गायब थी। संतोष कुमार सिंह ने आस–पास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। पास के सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की गई, मगर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद वाहन स्वामी ने थाना कुबेरस्थान पहुंचकर तहरीर दी। पीड़ित ने पुलिस से जल्द से जल्द बाइक बरामद करने की मांग की है।

# मंजिल है चैंपियन बनने की! बैडमिंटन और बॉक्सिंग के धुरंधर दिखाएंगे दम

मीरजापुर (एजेंसी)। खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एवं बॉक्सिंग संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक/बालिका बैडमिंटन एवं जूनियर बालक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जनपद में जिला एवं मण्डल स्तरीय ट्रायल्स का आयोजन 17 मार्च को किया जाएगा। जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स का आयोजन 17 मार्च को सुबह 11:00 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम, भिस्खुरी पहाड़ी में होगा। ट्रायल्स में जूनियर बालक/बालिका बैडमिंटन और जूनियर बालक बॉक्सिंग के खिलाड़ी शामिल होंगे। वहीं मण्डल स्तरीय ट्रायल्स का आयोजन भी 17 मार्च को ही होगा। दोपहर 1:30 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम, भिस्खुरी पहाड़ी में तथा दोपहर 3:00 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम, जिला खेल कार्यालय, मुशीलाटपुर, भदोही में मण्डल स्तरीय चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, विन्ध्याचल मण्डल के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर सकते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**


भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 01.04.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 02402025 dated 08.03.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 47-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर (प्रथम) सुलतानपुर के तहत सुलतानपुर–उतरेटियॉ सेक्शन में समपार सं.–87, 91, 110, 111, 112, 113, 114, 122, 126, 130, 132, 134, 155, 160, 164 एवं 169 पर बने एलएचएस में सुधारात्मक कार्य जैसे जोड़ों पर दबाव ग्राउटिंग द्वारा सील बन्द करना सैम्पवेल की सफाई, रिटेनिंग वाल को ऊचा करना, एप्रोच पर सेड का विस्तार, पीपीसी का कार्य और जल भराव को रोकने के लिए अन्य कार्य का प्रावधान। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 32258216.97 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 311300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 18.03.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 01.04.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

**नोट** : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 750/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पड़रीकृपाल में मनरेगा का फर्जी मस्टररोल का खेल जारी, धनौली और तुर्कडिया में



❒ डीसी मनरेगा, एपीओ व प्रधान और सचिवों की मिलीभगत से सिर्फ कागजों में ही निपटा दिए जाते मजदूर

❒ क्या डीसी मनरेगा जनार्दन यादव पूर्ववर्ती सरकार अखिलेश यादव के नीतियों पर कर रहे हैं कार्य...?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। मनरेगा में फर्जी मस्टररोल और फर्जी भुगतान के मामले में पंडरी कृपाल ब्लॉक का नाम सबसे पहले सामने आता था।लेकिन एक कहावत गांव में कही जाती है कि तरबूज को देख कर खरबूज भी रंग बदलता है।ठीक उसी तरह जिम्मेदार अधिकारी भी उसी तरह मनरेगा कार्यों में फर्जी मस्टर रोल और उनके भुगतान में सभी ब्लाकों को पीछे छोड़ अव्वल नंबर पर अपनी जड़े जमाने में जुटा है।

यह है पूरा मामलाः हम बात कर रहे हैं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की।जिसके तहत केंद्र सरकार तमाम निचले स्तर के गरीबों और असहाय मजदूरों को वर्ष में मनरेगा योजना के तहत सौ दिन का रोजगार देने के लिए कटिबद्ध है।परंतु देखा जा रहा है कि केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संसदीय क्षेत्र में डीसी मनरेगा,एपीओ व ग्राम प्रधानों और सचिवों के भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है।केंद्र सरका र की महत्वकांक्षी योज ना मनरेगा के नियमों को ताक कर रख कर खुद की खाऊ कमाऊ नीति से उसकी गाइड लाइन के विपरीत फर्जी मस्ट रोल जारी क़र भुगतान कराने में लगे हैं जानकारों की माने तो कड़ाके की धूप उमस भरी गर्मी में तापमान तकरीबन तीस डिग्री सेल्सि यस जो सुबह से ही पसीने से सराबोर कर देने वाली रही और सभी लोग अपने अपने घरों में या पेड़ की छांव में बैठे रहने को मजबूर थे तो ग्राम पंचायत धनौली और तुर्काडी हा के प्रधान और सचिव भी बाहर निकले के लिए सोचते होंगे।लेकिन इस भीषण गर्मी में भी डीसी मनरेगा और एपीओ की मिलीभगत से ग्राम प्रधान और सचिव गांवों में मनरेगा के मस्टरोल से खेल करने में जुटे थे।ब्लॉक कर्म चारियों के साथ मिलीभगत कर लाखों का वायरा न्यारा कर रहे थे और जिम्मेदार अपनी जेब भर रहे हैं।

### विकासखंड पंडरी कृपाल के गांव धनौली और तुर्काडीहा में चल रहा फर्जी मस्टररोल का खेल

धनौली गाँव में रविवार 9 मार्च 2025 को उमस भरी गर्मी तापमान तीस डिग्री सेल्सियस में एक ही फोटो से फर्जी तरीके से चल रहे हैं मस्टरोल।वही तुर्काडीहा ग्राम पंचायत में तीन प्रोजेक्ट पर 47 मजदूर कार्य कर रहे हैं जो अधिक तर एक ही फोटो के सहारे अपलोड किया गया है।जो साफ-साफ भ्रष्टाचार की को दर्शाता है।वही ग्राम पंचायत धनौली में एक प्रोजेक्ट पर 60 मजदूर कार्य करते हुए म स्टर रोल में दिखाया गया है।जो की एक ही मजदूर सभी फोटो में अदृश्य तरीके से काम कर रहे हैं।यह तो महज एक बानगी है।तमाम अन्य ग्राम पंचायतों में भी मनरेगा योजना में यही खेल जारी है।गांवों में फर्जी तरीके से मस्टररोल चालू कर ब्लॉक अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर मनरेगा मजदूर अदृश्य होकर जॉब कार्डों में अपनी हाजिरी लगा कर प्रतिदिन तकरीबन लाखो रूपए केंद्र सरकार को चपत लगा कर भुगतान कराने में लगे हैं।

### क्या कहती हैं मुख्य विकास अधिकारी..!

इस बारे में मौखिक रूप से बात करने पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि मामला संज्ञान में है। जांच करवा कर कार्रवाई की जाएगी।

### ईमानदारी से जांच हो तो नपेंगे कई जिम्मेदार

अगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तो केंद्र सरकार के लाखो रुपए गबन होने से बच जाएंगे और शायद ही पड़री कृपाल ब्लॉक भी सीबीआई जांच की जद में आने से बच जाएगा। ईमानदारी पूर्वक से अगर मनरेगा में हुए कार्यों की जांच हुई तो तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सकती हैं।

# अमेरिका में हिंदू मंदिर को अपवित्र करने पर प्रवासी भारतीय सुशील मिश्रा ने की निंदा

**प्रवासी भारतीय समाजसेवी सुशील मिश्रा ने घटना में शामिल लोगों के खिलाफ 'कड़ी कार्रवाई' की मांग की**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक प्रमुख हिंदू मंदिर की दीवारों पर अज्ञात व्यक्तियों ने भारत विरोधी नारे लिख कर इसे विरूपित कर दिया।अमेरिका में हिंदू समुदाय के पवित्र स्थलों को निशाना बनाने की यह एक और घटना है।प्रवासी भारतीय समाज सेवी सुशील मिश्रा ने बताया कि सैन बर्नार्डिनो काउंटी के चीनो हिल्स शहर में स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र किया गया।चीनो हिल्स लॉस एंजिलिस काउंटी की सीमा पर है।वही समाज से भी सुशील मिश्रा ने बताया कि बीएपीएस पब्लिक अफ़े यर्स' ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'एक और मंदिर अपवित्र किया गया।इस बार यह घटना कैलिफोर्निया में चीनो हिल्स में हुई।प्रवासी भारतीय हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है।चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया में समुदाय एक साथ है और हम कभी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे।पोस्ट में घटना का ब्योरा दिए बिना कहा गया, ''हमारी साझा मानवता और आस्था यह सुनिश्चित करेगी कि शांति एवं करुणा कायम रहे।''

❒ समाज सेवी सुशील मिश्रा ने कहा-घृणा एवं असहिष्णुता से भरा ऐसा कृत्य अस्वीकार्य


### प्रवासी भारतीय सुशील मिश्रा ने अमेरिका में हिंदू मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखने की निंदा

प्रवासी भारतीय समाज सेवी सुशील मिश्रा ने रविवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखकर इसे विरूपित किए जाने वाली घटना की निंदा की और कहा कि घृणा एवं असहि ष्णुता से भरे ऐसे कृत्य पूरी तरह अस्वीकार्य हैं।प्रवासी भारतीय सुशील मिश्रा ने कहा हम सभी प्रवासी भारतीय और हिंदू समुदाय के लोग इस घटना की कड़े शब्दों में निं दा करते है।

### प्रवासी भारतीयों ने घटना पर जताई आपत्ति

प्रवासी भारतीयों ने कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर को अपवित्र करने की घटना की रविवार को कड़ी निंदा की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ ''कड़ी कार्रवाई'' की मांग की।प्रवासी भारतीयों ने घटना के मद्देन जर पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया।वही विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि सरकार ने कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर को अपवित्र करने संबंधी घटना की खबर देखी है और ''हम इस तरह के घृणित कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।'' स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं।''

### जिले में बढ़ रहा है अपराध, युवती की गला रेतकर हत्या



**गोंडा,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र में बढ़ रहा है अपराध का ग्राफ दूसरे माह में या दूसरी हत्या है,जानकारी के अनु सार इटियाथोक थाना क्षेत्र बरेली बिश्रामपुर गांव में एक चौबीस वर्षीय शकीना की गला रेतकर हत्या कर दी गई है।मृतक शकीना का शव उसके घर से कुछ ही दूरी पर स्थित एक बाग में मिला है।इटियाथोक पुलिस के अनुसार मृतका के गले पर धारदार हथियार से वार के निशान मिले हैं।वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार शकीना ने डेढ़ साल प हले बलरामपुर के सूर्यदयालपुर निवासी मोहम्मद नसीम से प्रेम विवाह किया था।परिवार वाले इस शादी के खिला फ था शादी के बाद से वह अपने पति के साथ मायके में ही बरेली विश्रामपुर रह रही थी।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत और क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा पहुंचे।डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने भी जांच की।इटियाथोक थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पुलिस ने मृतका की मां और पति से पूछताछ कर रही है।परिजनों की शि कायत के आधार पर जांच की जा रही है और कड़ी कार्र वाई की जाएगी।

### बहराइच महोत्सव में आयोजित हुआ आशा कार्यकर्त्ता सम्मेलन, कार्यों के लिए किया सम्मानित

**बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में आयोजित बहराइच महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को आशा कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं और आशा संगिनियों सहित स्वास्थ्य अधिकारियों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्य रूप से संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन की स्थायी विधि, टीकाकरण और गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आशाओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उनके मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं। इसके अलावा, बलहा खंड विकास अधिकारी संदीप तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने आशा कार्यकर्ताओं के साथ ही बेहतर कार्य करने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी सम्मानित किया, जिनमें जिला स्वास्थ्य एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह, डीपीएम सरजू खान, डीसीपीएम मो. राशिद, यूपी टीएसयू के यशपाल मिश्रा, विशेश्वरगंज के बीसीपीएम धर्मेंद्र मिश्रा, तेजवापुर के बीसीपीएम रोहित वर्मा, पखरपुर के बीसीपीएम मो. शकील, अरुण मौर्या, चंद्रेश्वर पाठक, जेके चौबे और कामिनी शुक्ला शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, जनपद की तीन सर्वश्रेष्ठ आशा संगिनी-बलहा ब्लॉक की संजू वर्मा, पखरपुर की हेमवती सिंह और तेजवापुर की अर्चना देवी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुँचाने का बखूबी कार्य कर रही हैं, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। संस्थागत प्रसव और नवजात देखभाल की सुविधा बढ़ने से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। हमें आशा है कि आगे भी इनके प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार होगा। कार्यक्रम के दौरान मंथन कल्चर सोसायटी, गोंडा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे महोत्सव का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया।

प्राथमिक विद्यालय अजीतपुर की छात्र-छात्राओं ने डांस किया जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती बसेरा, सिसई हैदर की बच्चियों ने बॉलीवुड सॉन्ग पर डांस किया, अजीजपुर कुमोलिया के छात्र द्वारा योग किया गया। बाबा सुंदर सिंह मूक बधिर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा राम आएंगे सॉन्ग पर डांस किया गया। प्रोबेशन विभाग की तरफ से मंथन सोसाइटी कलर के कलाकारों द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। प्रोबेशन विभाग की तरफ से सराहनीय कार्य करने वाली महिला आरक्षियों, समूह सखियों दुग्ध उत्पादन व आटा चक्की के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। जबकि शिवम द्वारा सूफी बैण्ड की प्रस्तुति 'नैन से नैन मिले जबसे मोह श्याम दरस की आस' व थारे बिना लगे न मारा जिया रे' तथा 'तू माने या न माने दिलदारा' की मनमोहक प्रस्तुति की गयी।

# शहर सहित गांवों में भी सजने लगे जुआ के फड, पुलिस मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। नगर व देहात कोतवाली क्षेत्र के शहर में ग्रामीण क्षेत्रों में जुआ के फड सुबह ही सज जाते हैं ताश के पत्तों पर हजारों के दाव लगाकर लोग भाग्य आजमा रहे हैं।भाग्य के मोह जाल भरे खेल में सैकड़ो परिवार तबाही का शिकार हो चुके हैं नगर कोतवाली क्षेत्र के मिश्रौलिया पुलि स चौकी जानकीनगर डीजल सेड़ के पास व ओवर ब्रिज के आस पास चौकी क्षेत्र के आदि मोहल्ले में धड़ल्ले से जुए के फंड सज रहे हैं।वही देहात कोतवाली क्षेत्र के चौ की क्षेत्र खोराहसा व दर्जी कुआं के आसपास गाँवो में धड़ ल्ले से धड़ल्ले से जुए के फंड सज रहे हैं।वही सूत्र बता रहें हैं कि कोतवाली देहात पुलिस द्वारा सजने वाले फड़ो की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है चारों तरफ नेटवर्क खोराहसा पुलिस चौकी क्षेत्र में सजने वाले फड के संचा लकों का नेटवर्क क्षेत्र में चारों तरफ फैला हुआ है इन्हें राज नीतिक संरक्षण के साथ ही पुलिस से भी इनकी अच्छी सेटिंग है इसके अलावा फड से आस-पास गांव में उनके गुर्गे हमेशा तैनात रहते हैं जैसे ही कोई खतरे का अंदेशा दिखाई पड़ता है तो वहां से ही पुलिस आते-जाते दिखाई देती है वह फड संचालकों को तत्काल फोन करके सूचना देकर अलर्ट कर देते हैं।

# अबीर गुलाल उड़ाते हुए निकली भव्य निशान यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। सोमवार को फागुन महोत्सव पर भव्य निशान यात्रा अबीर गुलाल उड़ाते हुए श्री श्याम प्रभु एवं दादी राणी सती मंदिर कमेटी की ओर से निकाली गई। निशान यात्रा में काफी तादाद में महिला पुरुष शामिल हुए जो अपने हाथों में धर्म ध्वजा ( निशान ) लेकर श्याम के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। फागुन मेला एवं निशान उत्सव के इस दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पहले दिन निशान यात्रा नगर के विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर निशान को प्रभु से स्पर्श कराकर पुनः खाटू श्याम प्रभु मंदिर पहुंचकर खाटू श्याम को निशान अर्पित किए गए। यात्रा में श्याम भक्त हाथों में श्याम नाम की पताका लिए भजनों की धुन पर नाचते- गाते श्याम प्रभु के जयकारों के साथ अबीर- गुलाल उड़ाते श्याम प्रभु का गुणगान करते चल रहे थे। मन्दिर से यात्रा निकलकर विश्वनाथ मंदिर पहुची जहां भक्तों ने निशान स्पर्श कराकर पुनः मन्दिर पहुचकर निशान अर्पित किया। निशान यात्रा में रुपैइडीहा, मिहींपुरवा, मटेरा, रिसिया, नील कोठी, चीनी मिल, बरदहा, शिवपुर, इमामगंज, नेपालगंज, नवाबगंज, बनगई, चंदेलाकला, आलमपुरवा, भवनियापुर रामगढ़ी, भुलौरा, कोयलहवा, कमचियारा, कोरियनपुरवा, सिलेटनगंज सहित लगभग दो दर्जन से अधिक स्थानों से श्याम प्रेमी पैदल निशान लेकर खाटू श्याम प्रभु के चरणों में अर्पित किए। इस मौके पर निशान यात्रा का श्याम प्रेमियों ने जगह-जगह फूल मालाओं से तथा इत्र से स्वागत किया। इस मौके पर रामस्वरूप अग्रवाल, गुड्डू एरेन, सुरेश गोयल, आनद पोद्दार, प्रतीक अग्रवाल, सुरेश शाह चमन चौरसिया, अनामिका टेकडीवाल, अंजू पोद्दार, अंशु अग्रवाल, आशा डालमिया प्रीति अग्रवाल, संजू पोरवाल, प्रीति अग्रवाल सहित सैकड़ो की संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

# हिंदी साहित्य सुरभि संस्थान की ओर से होली पर हुई काव्य संध्या



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर में हिंदी साहित्य सुरभि की ओर से होली पर काव्य संध्या का आयोजन संस्था के अध्यक्ष सत्येन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी को रंग गुलाल लगा कर और टोपी व माला पहनाकर सम्मानित किया गया और इसके पश्चात धीरेन्द्र सिंह चंदेल ने काव्य वंदना कर गोष्ठी का प्रारम्भ किया तदोपरांत डॉ दिनेश चन्द्र ने श्रंगार रस से सभी को अपने रस में सराबोर किया और डा अशोक कुमार गुप्ता ने होली है बिरज मा गीत गाया और सभी को होली के रंग में रंग दिया। प्रकाश वीर गुप्ता ने मुक्तकंठ से सुंदर रचना प्रस्तुत किया तो वहीं महिलाओं में मौजूद डा वीरांगना श्रीवास्तव, श्वेता सिंह व खूशबू शर्मा ने सुंदर रचना प्रस्तुत किया। आदेश अग्रवाल ने अपने कटाच्छ से सभी का मनोरंजन किया और रजनीकांत मिस्त्रा ने भी अपनी प्रस्तुत की।

इस अवसर पर मुक्तेश्वर कुमार पोद्दार, उमेश शाह, डॉ आनंद अग्रवाल, अभिलाष श्रीवास्तव, मनोज कुमार गुप्ता, धर्मेंद्रकांत श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, एडवोकेट सुरेश चौधरी सहित सभी सम्मानित प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# पत्रकारों की सुरक्षा के लिए बने क़ानून : केके मिश्रा

❒ एसडीएम,सीओ को ज्ञापन सौंपते हुए पत्रकार प्रेस एसोसिएशन के सदस्य, हत्यारे को फांसी व परिवार क़ो मिले एक करोड़



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कैंसरगंज बहराइच। सीतापुर में दैनिक जागरण के महोली संवाददाता राघवेंद्र बाजपेई की शनिवार को गोली मारकर नृशंस हत्या किए जाने के विरोध में पत्रकारों ने एसडीएम व सीओ कैसरगंज कैसरगंज को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही की मांग की पत्रकार प्रेस एसोसिएशन के देवीपाटन मण्डल अध्यक्ष के.के.मिश्रा के नेतृत्व में पत्रकारों ने उपजिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद व क्षेत्राधिकारी रबी खोखर को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पत्रकार के हत्यारे को फांसी,मृतक पत्रकार के परिजन को एक करोड़ रुपये का मुआवजा,पत्रकार के परिवार की सुरक्षा, मृतक पत्रकार के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है।इस अवसर पर सतेन्द्र शुक्ला,दीपभान सिंह,प्रदीप जायसवाल, संजय श्रीवास्तव, उत्तम वर्मा, संतोष श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, एस.के.गुप्ता, पुत्तीलाल यादव,राम कृपाल यादव,आसुतोष सिंह समेत तमाम पत्रकार रहे मौजूद।

# संस्कारशालाओं के शिक्षकों का हुआ प्रशिक्षण, खेली होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नगर के कृष्णपुरी रूपईडीहा रोड स्थित सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मन्दिर प्रांगण में पंचवटी श्री सीताराम आश्रम द्वारा संचालित सभी 20 संस्कारशालाओ के शिक्षको का प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ अनिता शुक्ला, डा वीरांगनाकांत व पवन वर्मा द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में परम श्रधेय गुरुदेव पण्डित रविशंकर गुरुभाई की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में आगामी 6 माह के आश्रम की योजनाओं के विषय मे विस्तृत चर्चा करते हुए शिक्षको को मानदेय के साथ साथ बच्चो के बैठने के लिए चटाई, टॉफी, परिचय पत्र व मां सरस्वती का बोर्ड वितरित किया गया। कार्यक्रम में पण्डित राम उजागर मिश्र, राधे श्याम मौर्य, उमेश चंद्र शाह, पवन दुबे, ओम पोद्दार, हरी शर्मा आदि की उपस्थिति में सभी ने होली पर्व को अबीर गुलाल व फूलो वाली होली खेलने के बाद मिष्ठान आदि का वितरण किया गया।

# जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। सोमवार को उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर स्थित तहसील महोली के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की 8 मार्च को जिस प्रकार दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की गई है, वह सरकार की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान है। इस घटना से पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है तथा अपराधियों द्वारा बेखौफ होकर जिस प्रकार श्री बाजपेई की निर्मम हत्या की गई है, उससे पत्रकार जगत स्तब्ध और भयभीत भी है। उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन जनपद बहराइच इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए मांग की है कि उत्तर प्रदेश में शीघ्र पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए, मृतक पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए तथा गंभीरतापूर्वक पैरवी कर मुलजिमो को फांसी की सजा दिलाई जाए। मृतक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए, मृतक पत्रकार राघवेंद्र वाजपई के परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दिलाई जाए, उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा आयोग का गठन किया जाए। उपरोक्त मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर पत्रकारों की सुरक्षा एवं अभिव्यक्ति की आजादी को बरकरार रखने के तहत लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूती प्रदान करने हेतु उचित प्रयास किए जाएं।

ज्ञापन देने वालों में शादाब हुसैन मंडल अध्यक्ष, सैय्यद अकरम सईद मंडल उपाध्यक्ष, आनंद प्रकाश गुप्ता जिला अध्यक्ष बहराइच, महेंद्र कुमार मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, आफताब वारसी जिला उपाध्यक्ष, रोहित कुमार श्रीवास्तव, जगत मलिक, मंशाद अहमद, रितेश मलिक, बिन्नू बाबा, खालिद खान, मोहम्मद बिलाल, रियाज अहमद, संजीव कुमार श्रीवास्तव, गुलशन अवस्थी व इरशाद अली आदि मौजूद रहे।

# सीतापुर में पत्रकार की हत्या से अमेठी के पत्रकारों में आक्रोश

## प्रेस क्लब ने पत्रकार की हत्या पर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित छह सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




अमेठी । सीतापुर जिले के महोली कस्बे के पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या से खफा अमेठी जनपद के पत्रकारों ने प्रेस क्लब के अध्यक्ष शीतला मिश्रा की अगुवाई में सोमवार को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। जिलाधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या की घटना बहुत ही दर्दनाक है।उन्हें महोली से सीतापुर आते समय रास्ते में पहले चार पहिया वाहन से बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया गया और उसके बाद उनको गोलियों से छलनी कर दिया गया। इस घटना से अमेठी जिले के पत्रकार दुःखी हैं।ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या की सीबीआई जांच कराई जाय और आरोपियों को सलाखों के पीछे किया जाय। मृतक पत्रकार के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और परिवार को पच्चीस लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाये। पीड़ित परिवार की मांग पर शस्त्र लाइसेंस दिया जाय। प्रेस क्लब अमेठी ने यह भी मांग की है कि प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा हेतु कठोर नियम बनाये जाएं और इस सम्बंध में प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किया जाये। इसके अलावा, शस्त्र लाइसेंस के इच्छुक पत्रकारों को सुरक्षार्थ शस्त्र लाइसेंस प्रदान करने हेतु प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया जाय। प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी निशा अनंत से जिले के शस्त्र लाइसेंस के इच्छुक पत्रकारों को लाइसेंस जारी करने का भी अनुरोध किया जिस पर उन्होंने विचार करने के लिये कहा।जिलाधिकारी निशा अनंत ने ज्ञापन लेकर मुख्यमंत्री को भेजने के लिये आश्वस्त किया। ज्ञापन देने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में ही दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शान्ति के लिये दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से महामंत्री योगेन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विशम्भर तिवारी, मोहम्मद तौफीक, संजय सिंह, कंचन सिंह, डॉ नृपेन्द्र त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी रणदीप सिंह, रमन पाण्डेय, सचिन मौर्य, लक्ष्मीकांत, सर्वेश श्रीवास्तव,, के के सिंह, अनिल भदौरिया, सी पी मौर्य, अनिल तिवारी, नौशाद अहमद, हम्माद सिद्दीकी, आदित्य शुक्ल, उदयभान तिवारी, नूर आलम सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# पाँच सौ एक सुहागिनों ने ग्रहण किया अवसान मैया का प्रसाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड धनपतगंज के सेवरा गांव में दुखदुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक युवा सत्य सेना सामाजिक संगठन के अध्यक्ष संतोष पांडेय (रिंकू) ने गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में क्षेत्र की ग्राम पंचायत की लगभग 501महिलाओं को आमत्रंण देकर अवसान मैया का प्रसाद ग्रहण कराया, सुहागिन महिलाओ ने परिवार तथा क्षेत्र व विश्व कल्याण की कामना की।दुखदुरिया कार्यक्रम में 501 सुहागिन महिलाओं ने अवसान मैया का विधिवत पूजन अर्चन अनुष्ठान को पूर्ण करते हुए अवसान मैया की कथा सुनाई तथा आरती उतारी। कार्यक्रम आयोजक ने अनुष्ठान में सम्मिलित महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ऊषा पांडेय, विमलेश पांडेय, सुमन पांडेय, ममता मिश्रा, नीलम मिश्रा, मीना पांडेय, गीता देवी, रीना देवी, पार्वती देवी,अंकित पांडेय, नितिन मिश्र,योगेश मौर्य,अजय यादव, रोहित शुक्ल, चंद्र प्रकाश मिश्र,सहित सैकड़ो महिला एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## किसान नेताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत।जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी पीलीभीत संजय कुमार सिंह को किसानों की समस्याओं का ज्ञापन सौंप कर निस्तारण की मांग की गई। यदि किसानों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण नही होता है तो दिनांक 17 मार्च को प्रान्तीय आव्हान पर विशाल किसान पंचायत जिला मुख्यालय पर होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।इस मौके पर जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह, जिला प्रभारी दिनेश कुमार, तहसील अध्यक्ष पूरनपुर कुलवंत सिंह सोनी ,सदर तहसील अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रेश्मा वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार, जिला सचिव गुरतेज सिंह, सर्वेश कुमार, जुगलकिशोर,शमीम अली,बूटा सिंह, रामगोपाल वर्मा, बेनीराम,आदि थे।

# सांसद ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पेट्रोल पम्प का किया उद्घाटन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शुकुल बाजार अमेठी । सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कस्बा शुकुल बाजार के ठाकुरगंज बाजार में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ एक पेट्रोल पम्प का उदघाटन किया गया उक्त पेट्रोल पम्प की नींव स्वर्गीय राजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा रखी गई थी। अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि यह पम्प स्थानीय लोगों को बेहतर पेट्रोल डीज़ल की सेवाएं प्रदान करेगा जिससे क्षेत्र के किसानों और वाहनों के संचालन में आसानी होगी।उन्होंने क्षेत्र की समृद्धि के लिये बेहतर कार्य करने की बात कही है। विक्रम पेट्रोल पम्प के मालिक जितेन्द्र विक्रम सिंह व भूपेन्द्र विक्रम सिंह ने सांसद किशोरी लाल शर्मा सहित अन्य अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया।इस मौके पर पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी,राजेश विक्रम सिंह,भूपेंद्र विजय सिंह, राजकुमार चौहान,सर्वेश सिंह,वासुदेव शुक्ल, अश्वनी तिवारी,पी के तिवारी, मजहर बाबू, इफ्तिखार अहमद, संदीप शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पत्रकार की हत्या से उपजा आक्रोश, सड़क पर उतरे पत्रकार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। सीतापुर में पत्रकार की बदमाशों द्वारा घेरकर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाते हुए हत्या किए जाने के मामले को लेकर नाराज जिले के पत्रकारों ने प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र डीएम को सौपा।पत्रकारों ने 9 सूत्रीय मांगों के माध्यम से पत्रकार के परिजनों को मुआबजा देने सुरक्षा के इंतजाम करने पत्रकार आयोग का गठन करने माफियाओं की जाँच करने कठोर कार्यवाही संबंधी मांगे शामिल है। यहाँ पत्रकार डॉ अवधेश शुक्ल ने कहा उत्तर प्रदेश के सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के दोषियों को कठोर सजा दिलाने धान खरीद में हो रहे गड़बड़ झाले व चावल माफिया के खेल की सीबीआई जांच कराने, प्रदेश भर में भ्रष्टाचार का पर्याय बने रजिस्ट्री विभाग के काले कारनामों की जांच करने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराए जाने के संबंधित मांग दिया गया है। अलिन द्विवेदी व अंकित राय ने कहा वर्तमान प्रदेश व केंद्र की सरकार द्वारा नागरिक सुरक्षा व कानून व्यवस्था का ढिंढोरा पीटा जा रहा है इसके उलट पूरे प्रदेश में अपराध व अपराधियों की बाढ़ सी आ गई है शासन सत्ता की सह पर यह बेखौफ अपराधी तरह-तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पत्रकार यदि उनके काले कारनामों की जानकारी लगने पर पुख्ता सबूत के बाद अपने अखबारों के माध्यम से इन्हें सरकार व शासन के सामने नंगा करते हैं तो यह बेखौफ अपराधी किसी भी बड़ी घटना को अंजाम दे रहे है माफियाओं अपराधियों की ऐसी फौज जिन्हें कहीं ना कहीं सरकार का संरक्षण प्राप्त है गंभीर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं ये तरह-तरह के भ्रष्टाचार में लिप्त है गरीबों का शोषण कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में बीते दिनों वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की बदमाशों द्वारा घेर कर ताबड़तोड़ गोलियां वर्षा कर की गई हत्या से सभी साथियों ने आक्रोश है इस हत्याकांड से पूरे प्रदेश के पत्रकार निष्पक्ष पत्रकारिता से डर गए है उन्हें खौफ सताने लगा है।हमारा पत्रकार साथी अपने जिले में अपने ब्लॉक में इन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रहा है राजदेव शुक्ल ने कहा सरकार को पत्रकारों की आंख से उसके विभागों के अंदर होने वाली गड़बड़ी लूट भ्रष्टाचार दिखाई देने चाहिए पर सरकार माफिया का संरक्षण करने पर तुली हुई है जनप्रतिनिधि भी कहीं न कहीं लाभ लालच के लिए ऐसे लोगों को लगातार मदद दे रहे हैं शरण दे रहे हैं और उनका बचाव कर रहे हैं। ऐसे में हम सभी राज्यपाल से कठोर कदम उठाने और हम लोगों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कानून बनाने का अपेक्षा रखते हैं।यहाँ अरुण जयसवाल मनोज मिश्र राकेश तिवारी संजय तिवारी सूर्य प्रताप सिंह श्री प्रकाश पांडेय सत्य प्रकाश श्रीवास्तव किशन पाठक पवन मिश्र विजय तिवारी अवधेश गुप्ता सतीश मिश्र राम जी वदूद खां अरविंद यादव शुभम श्रीवास्तव उमेश तिवारी रज़ा हैदर बृजेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

'जिले के पत्रकारों ने उठाई मांग'

सुल्तानपुर के पत्रकारों ने उत्तर प्रदेश में पत्रकार आयोग का गठन करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू कराये जाने, मृतक राघवेंद्र वाजपेई के परिवार को एक करोड रुपए का मुआवजा दिलाये जाने परिवार को एक सरकारी नौकरी दिये जाने,पेपर कटिंग के आधार पर सीबीआई जांच के आदेश दिये जाने पीड़ित परिवार को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराये जाने धान खरीद में धांधली की न्यायिक जांच होने किसानो की खतौनियों का परीक्षण किये जाने माफिया राइस मिलर व अवैध व्यापारियों के गठजोड़ की जांच करने पत्रकार आयोग का गठन करने पत्रकारों के लिए सामूहिक बीमा योजना शुरू किये जाने रजिस्ट्री विभाग में हो रहे स्टांप घोटाले भू माफियाओं के मकड़ जाल को तोड़ने के लिए पुलिस व प्रशासन की संयुक्त एक अलग टीम खड़ी करने संबंधी मांगे शामिल है।

# महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं : डॉ सीमा सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। राणा प्रताप पी जी कॉलेज के बी एड़ विभाग द्वारा एक विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय समसामयिक भारत में महिलाओं की भूमिका रखा गया था। संगोष्ठी में विषय रखते हुए डॉ संतोष सिंह अंश ने कहा कि भारतीय महिलाएं ऊर्ज़ा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा का स्त्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए है। भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका हैं। डॉ सीमा सिंह ने कहा कि महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। इसलिए यह इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता है। इस संगोष्ठी में बी एड़ प्रशिक्षणार्थियों में से अंशिका सक्सेना,आभा शर्मा, फ़रूख निशात, मारुत कुमार, सौरभ निषाद ने विचार व्यक्त किये। सभी के प्रति आभार ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफ़ेसर शांतिलता कुमारी ने करते हुए कहा कि बिना महिला के समाज अधूरा है। स्वस्थ्य ,शिक्षित और शशक्त बनें। महिलाओं को अपने अधिकारों को पहचान अपनी भूमिकाओं का सफलतापूर्वक निर्वहन करना चाहिये। संगोष्ठी का सफल संचालन यशस्वी गुप्ता ने किया।

# विद्याकलश विद्यालय के भवन पर डीआईओएस ने राष्ट्रीय ध्वज का किया आरोहण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर के गांव खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाई स्कूल के शैक्षिक भवन पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 राजेश द्विवेदी ने छह फुट लम्बे और नौ फुट चौड़े आकार के भव्य राष्ट्रीय ध्वज को फहराकर स्थापित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबन्धक डॉ0 आलोक तिवारी ने की।डॉ 0 आलोक तिवारी ने बताया कि विद्यालय में स्थापित यह गौरवशाली ध्वज चौबीस घण्टे फहरता रहेगा और हमारे विद्यालय के बच्चों को नित्य राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत करता रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 राजेश द्विवेदी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुये विद्यालय की इस पहल की सराहना की और बच्चों को ध्वज एवं चक्र की दो दर्जन तीलियों से प्रेरित होकर चौबीस घण्टे राष्ट्र चिंतन व अपने भविष्य को बनाने का आहवाहन किया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य नित्यानन्द त्रिपाठी ने पुष्प गुच्छ भेंटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया एवं प्रबन्धक डॉ0 आलोक तिवारी ने स्मृति चिह्न व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के खेल प्रशिक्षक राहुल शुक्ला एवं रेडक्रास प्रभारी राहुल यादव ने किया।

## दुकान में लगी आग में सामग्री जलकर हुई राख

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के कस्बा शुकुल बाजार के सांईगंज चौराहे पर बीती रात बिजली की शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से दुकान का सारा सामान जल कर राख हो गई।साईगंज चौराहे पर बीती रात अचानक आग लग गयी. देखते-देखते दुकान में लगी आग ने भयानक रूप ले लिया. आग की लपटे उठती देख लोग आग बुझाने में लग गये परन्तु आग इतनी तेज थी की दुकान मे रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। दुकानदार सूरज गुप्ता निवासी हुसैनगंज ने बताया की दुकान के अंदर लगभग पांच लाख का सामान रखा था जो कि जलकर राख हो गया है।

## पुलिस ने अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना अमेठी पुलिस द्वारा एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बारह बोर के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को उप निरीक्षक मंजीत सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अमित सिंह पुत्र राजेश सिंह उर्फ राजकुमार निवासी ग्राम शहरी थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब इक्कीस वर्ष को समय करीब आठ बजे सुबह में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को तलाशी के दौरान उक्त युवक के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बारह बोर बरामद हुआ है।थाना अमेठी पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

## फुरसतगंज पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा कर चोर को भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना फुरसतगंज द्वारा चोरी की दो जोडी पायल,दो जोडी बिछुआ सफ़ेद धातु व पन्द्रह ग्राम स्मैक के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम में उप निरीक्षक रामवीर सिंह मय हमराय द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान चोरी के मामले में प्रकाश में आये जगदीश महावत पुत्र टिन्नी निवासी ग्राम खटहा मजरे निगोहां थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब पचपन वर्ष को रात्रि में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से दो जोडी पायल,दो जोडी बिछुआ व पन्द्रह ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवक ने बताया कि करीब बीस दिन पहले ग्राम वादे सिंह पुरवा में एक मकान से मैने यह पायल व बिछुआ चोरी किया था। इस सम्बंध में थाना फुरसतगंज पर अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

## 20 मार्च को चमार महासभा निकालेगी विरोध प्रदर्शन रैली

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय चमार महासभा ने आगामी 20 मार्च 2025 को समाजहित और विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर एक विरोध प्रदर्शन रैली आयोजित करने की घोषणा की है। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी और अंत में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें संगठन की प्रमुख मांगों को प्रस्तुत किया जाएगा। संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार ने जिलाधिकारी को संबोधित एक पत्र में प्रशासन से इस प्रदर्शन की अनुमति देने और आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए, ताकि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारी और समर्थक प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे, जिसमें उनकी मांगों और प्रस्तावों का उल्लेख किया जाएगा। महासभा ने जिलाधिकारी से इस अवसर पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने का भी अनुरोध किया है। संगठन का कहना है कि यह रैली समाज के दबे-कुचले और वंचित वर्गों की समस्याओं को उजागर करने के लिए निकाली जा रही है, ताकि उनकी आवाज़ सरकार और प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सके।

# घर में घुसकर मांगी करोड़ो की रंगदारी ,छेड़छाड़ सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज, मचा हड़कंप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पुरनपुर। नगर निवासी एक महिला ने शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा कि नवीन कुमार मित्तल उर्फ नवीन अग्रवाल पुत्र सुरेश कुमार अग्रवाल निवासी मोहल्ला गणेशगंज पूरनपुर खुद को हिंदुस्तान समाचार पत्र का संवाददाता बताता है। गृह बनाकर लोगों से रंगदारी वसूलता है पीड़िता के पुत्र रितेश गुप्ता व अभिषेक गुप्ता के विरुद्ध 3 वर्ष पूर्व नितिश अग्रवाल पुत्र अनिल कुमार अग्रवाल निवासी मोहल्ला बमनपुरी ने हिंदुस्तान समाचार पत्र के स्थानीय संवाददाता नवीन कुमार मित्तल के बहकावे में आकर एक फर्जी मुकदमा कोतवाली पूरनपुर में लिखवाया था।जिसे समझौता 18 अक्टूबर 2021 को गुरुभाग सिंह और नवीन कुमार मित्तल एवं अन्य संभ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति में हो गया था। समझौतेनामे पर नवीन कुमार मित्तल के हस्ताक्षर भी हैं। विवेचना पूरनपुर कोतवाली ने अपनी फाइनल रिपोर्ट लगाकर पीलीभीत न्यायालय को भेज दी थी। न्यायालय में अंतिम रिपोर्ट की पुष्टि की कई तारीखे लग चुकी हैं। किंतु नितिश अग्रवाल नवीन कुमार मित्तल के भड़कने पर एक भी बार न्यायालय में नहीं गया है। जिस कारण इस मुकदमे का निस्तारण नहीं हो सका नितिश अग्रवाल और नवीन कुमार मित्तल आपस में मुंह बोले चाचा और भतीजे हैं। दोनों की नगर के दबंग एवं सर्कस झगड़ालू प्रवृत्ति के लोगों में आते हैं।विगत वर्षों में पीड़िता व पीड़िता के पुत्रों ने जब से नवीन कुमार मित्तल के पुत्रों ने जब भी नवीन कुमार मित्तल से नीतीश अग्रवाल को न्यायालय में हाजिर करने का अनुरोध किया तो हिंदुस्तान समाचार पत्र के संवाददाता नवीन कुमार मित्तल रंगदारी की मांग करने लगा पीड़िता के पुत्रों द्वारा रंगदारी देने से मना करने पर पीड़िता के पुत्रों को जान से मारने की धमकी देते हैं जिसकी वजह से पीड़िता का परिवार मानसिक रूप से परेशान है। और बीमार है पिछले साल 28 अगस्त 2023 को नवीन कुमार मित्तल पीड़िता के घर पर आकर 10 लख रुपए की मांग की और पीड़िता द्वारा मना किए जाने पर पीड़िता के साथ गाली-गलौज की वह जान से मारने की धमकी दी जिस पर पीड़िता की पुत्रवधू खुशबू गुप्ता पत्नी अभिषेक गुप्ता ने उनके सामने हाथ जोड़े तो उसका दुपट्टा खींच लिया धक्का दिया और दुपट्टा खींच लिया चीख पुकार होने पर तुझे घर से उठा ले जाने की धमकी देकर चला गया जिस वजह से पीड़िता सदमे में आ गई और हार्ट अटैक आ गया नीतिश अग्रवाल के ऊपर दहेज,मारपीट,अपनी पत्नी व छोटे भाई अभय अग्रवाल की पत्नी को प्रताड़ित करने सहित कई मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। इसके सूत्रधार पत्रकार नवीन कुमार मित्तल हैं। नीतीश अग्रवाल व अभय अग्रवाल की पत्तियों व उनके मायके पछ पर फर्जी मुकदमे लगवा कर इनका प्रताड़ित किया किया कि उन्होंने अपने मुकदमे वापस ले लिए हैं।मुकदमे निस्तारण करने के बाद यह गिरोह जिसके मुखिया नवीन कुमार मित्तल एवं उनके सहयोगी नीतिश अग्रवाल, अभय अग्रवाल, अंतरिक्ष देवल, सूर्यांश वर्मा निवासी मोहल्ला चौक पूरनपुर सक्रिय होकर पीड़िता के पुत्रों को मनगढ़ंत एवं फर्जी मुकदमे लिखवाने लगे हैं। और कहते हैं।यदि मुकदमों का निस्तारण करना चाहते हो तो एक करोड रुपए हमें देने पड़ेंगे नहीं तो ऐसे ही मुकदमे में फसे रहोगे। पीड़िता का छोटा पुत्र पिछले 15 वर्षों से मर्चेंट नेवी में उच्च पद पर कार्यरत रहकर दिल्ली में निवास करता है। 22 अगस्त 2024 को सूर्यांश वर्मा द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र की जानकारी हुई तो उसने आत्महत्या करने का प्रयास किया इस घटना की जानकारी जैसे ही मेरे छोटे पुत्र के मित्रों को हुई तो वह तत्काल दिल्ली से वापस घर पूरनपुर ले आए।

## नारी शक्ति क्लब द्वारा आयोजित हुई अंताक्षरी प्रतियोगिता

पूरनपुर।नारी शक्ति क्लब पूरनपुर ने महिला दिवस और होली उत्सव धूम धाम से मनाया कार्यक्रम की शुरुआत क्लब की सदस्य संगीता गुप्ता ने सदस्यों से मन भावन गीत सुनकर स्वागत किया।उसके बाद राधा कृष्ण के आगे दीप प्रजलित कर सुगंध अग्रवाल ने महिषासुर मर्दिनी स्त्रोत को गया।सारे मेंबर के बीच टीम बनाकर अंताक्षरी प्रतियोगिता हुई जिसमें दमदार टीम की रानो माटा ,रुचि मल्होत्रा अंजली गुप्ता और दीपिका गुप्ता जी विजय हुई।होली थाल सज्जा प्रतियोगिता में सभी सदस्यों की थाल बहुत सुंदर ढंग से सजी हुई थी जिसमें अर्चना सिंघल ,प्रभा गुप्ता ,स्मिता गुप्ता विजई हुई।नीता अग्रवाल और प्रभा गुप्ता की पहेलियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।सदस्यों ने होली लोकगीतों पर नृत्य किया। महिला दिवस का केक काट कर सभी को उपहार दिए गए।कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष रानो माटा,सचिव अंजली गुप्ता और कोषाध्यक्ष सलोनी गुप्ता के नेतृत्व में हुआ है।क्लब की पूर्व अध्यक्ष मोनिका गुप्ता, सुधा गुप्ता,मंजरी गुप्ता ,स्मिता गुप्ता ,सरिता सिंह,डॉ रंजीत कौर चन्दी,राजन ,रीटा आदि सदस्य उपस्थित रहे हैं।

# डिजिटल आर्ट के उभरते क्षेत्र में बनाएं भविष्य

देश में हर क्षेत्र में एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है, उसे देखते हुए भारत में डिजिटल आर्ट के क्षेत्र में कैरियर की जबर्दस्त संभावनाएं उभरी हैं। यहां एनीमेशन, गेमिंग, फिल्म, विज्ञापन और सोशल मीडिया इंडस्ट्रीज की मांग लगातार बढ़ रही है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और वीआर (वर्चुअल रिएलिटी) के विकास के साथ डिजिटल आर्ट भविष्य के लिए एक प्रोमिसिंग क्षेत्र बनकर उभरा है। अगर साल 2025 से 2030 के बीच अनुमान लगाएं तो भारत में अकेले गेमिंग इंडस्ट्री ही 10 से 12 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर चुकी होगी। साल 2024 में ही यह 3 बिलियन टर्नओवर का सालाना आंकड़ा पार कर चुकी थी। गेमिंग इंडस्ट्री बड़े पैमाने पर डिजिटल आर्टिस्टों को अपने यहां नौकरी देती है, जबकि एनीमेशन और वीएफएक्स की मांग भी लगातार बढ़ रही है, जिसकी वजहें बिल्कुल रियल एक्सपीरियंस देने वाला ओटीटी प्लेटफॉर्म, विज्ञापन उद्योग और फिल्में हैं। इंस्टाग्राम, यू-ट्यब और दूसरे डिजिटल प्लेटफॉर्म में डिजिटल आर्टिस्टों की खूब मांग है। इस फील्ड में फ्रीलांस के भी अच्छे मौके हैं। इस क्षेत्र में प्रोमिसिंग कैरियर हासिल करने के लिए कुछ डिग्री पाठ्यक्रम और संस्थान श्रेष्ठ हैं। बता दें कि डिजिटल डिजाइन और विचुअल आर्ट में अहमदाबाद स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन में बेहतरीन कोर्स उपलब्ध हैं। यह डिग्री कोर्स करने के बाद नौकरी की हर तरफ संभावनाएं रहेंगी। वहीं सी-डैक संस्थान से मल्टीमीडिया और डिजाइन टेक्नोलॉजी से जुड़े कई सर्टिफिकेट कोर्स किये जा सकते हैं, जिसके बाद डिजिटल आर्ट में कैरियर की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसके अलावा आईआईटी बॉम्बे के आईडीसी स्कूल ऑफ डिजाइन से इंट्रैक्शन डिजाइन और डिजिटल आर्ट के बेहतरीन कोर्स कर सकते हैं। इसके साथ ही एनीमेशन और वीएफएक्स पर केंद्रित कोर्स माया एकेडमी ऑफ एडवांस सिनेमेटिक्स से कर सकते हैं। इसी तरह पर्ल एकेडमी ऑफ दिल्लीध्मुंबई से डिजिटल आर्ट और डिजाइनिंग में डिग्री और डिप्लोमा कोर्स करके डिजिटल आर्ट क्षेत्र में कैरियर बनाया जा सकता है। डिजिटल आर्ट के क्षेत्र में काम करना है तो विदेश में भी कई संस्थान बेहतर हैं। जैसे डिजिटल मीडिया विजुअल आर्ट्स में अमेरिका स्थित रोड आइसलैंड स्कूल ऑफ डिजाइन विश्व स्तरीय संस्थान है। अमेरिका में ही एनीमेशन और गेम आर्ट के लिए सेवंथ कॉलेज ऑफ आर्ट एंड डिजाइन प्रसिद्ध है। अगर फ्रांस में पढ़ना चाहते हैं तो यहां वीएफएक्स और डिजिटल एनीमेशन में विश्व स्तरीय संस्थान मौजूद है, जिसका नाम गोबलिन्स एल इकोड डी ला इमेज है। इसी तरह लंदन स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ आर्ट्स से भी डिजिटल आर्ट, ग्राफिक डिजाइन और थ्री डी आर्ट में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। गेमिंग कंपनियां जैसे यूवी सॉफ्ट, रॉक स्टार गेम्स, ईए स्पोर्ट्स, जिंगा और नजारा टेक्नोलॉजी जैसी कंपनियां कई तरह की नौकरियां देती हैं। इसी तरह फिल्म और वीएफएक्स इंडस्ट्री में रेड चिलीज वीएफएक्स, एमटीसी, डीएनजीई, प्राइम फोकस और फ्रेम स्टोर जैसी कंपनियां नौकरी देने में आगे हैं। मीडिया विज्ञापन क्षेत्र में ऑगेलिग, वंडरमैन, थॉमसन, लियोवर्नेट आदि एड एजेंसियां काफी नौकरियां देती हैं। इसी तरह एआई और स्टार्टअप्स क्षेत्र में भी टीसीएस, इनफोसिस, विप्रो जैसी कंपनियां यूएक्सध्यूआई डिजाइन के लिए डिजिटल आर्टिस्ट हायर करती हैं। सबसे पहले स्किल सीखें यानी फोटोशॉप, इलेस्ट्रेटर, ब्लैंडर, प्रो-क्रिएट, यूनिटी, अनरियल इंजन जैसे टूल्स में मास्टरी हासिल करें, अपना पोर्टफोलियो बनाएं, इंटरनशिप करें। फ्रीलांस प्रोजेक्ट्स लें और नेटवर्क बनाएं। प्रारंभिक कैरियर के लिए ये उपाय फायदेमंद हैं। इस क्षेत्र में फ्रेशर को 4 से 8 लाख रुपये का पैकेज मिल जाता है। अगर 3 से 7 साल तक का अनुभव है तो 8 से 20 लाख रुपये का पैकेज पा सकते हैं। सीनियर डिजिटल आर्टिस्ट को 20 से 50 लाख रुपये तक का पैकेज मिल सकता है, जबकि फ्रीलांस और एनएफटी सेल्स के जरिये भी लोग 10 लाख रुपये तक सालभर में कमा लेते हैं। कैरियर काउंसलरों का मानना है कि साल 2025 से 2030 के बीच डिजिटल आर्ट का क्षेत्र बहुत उन्नति करेगा। लेकिन इसके लिए अच्छे संस्थानों में पढ़ाई और रणनीति बनाना जरूरी है।

# सवाल संसदीय परंपरा का ही

**आआपा के दिल्ली पर शासन के दौरान दिल्ली में तीन उप राज्यपाल बने और तीनों से उनकी लड़ाई चलती ही रही। आआपा ने कई नई परंपराएं शुरू करके संवैधानिक व्यवस्थाओं को खतरे में डाल दिया था। 2012 में नई पार्टी बनकर पहले 2013 में अल्पमत सरकार नियमों के खिलाफ बिना उप राज्यपाल की अनुमति से जन लोकपाल विधेयक विधानसभा में न लाने देने पर 49 दिन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया। नियमों से परे जाकर सार्वजनिक अवकाश के दिन रामलीला मैदान में विधानसभा बुलाने पर केजरीवाल अड़े रहे। यह अलग बात है कि दो बार भारी बहुमत से सरकार बनने बाद दोबारा उनकी सरकार ने जन लोकपाल की चर्चा भी नहीं की गई। खुद अपने लोकपाल को पार्टी से ही विदा कर दिया। विधान में विधानसभा की बैठक अधिकतम छह महीने पर बुलाने का प्रावधान है। इसी के चलते लोकसभा से विधानसभा तक साल में तीन सत्र होते हैं। साल के शुरू में होने वाली बैठक को बजट सत्र कहा जाता है और उसकी शुरुआत संसद में राष्ट्रपति और दिल्ली में उप राज्यपाल के अभिभाषण से होता है।**

लगातार दो बार प्रचंड बहुमत से दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने वाली आम आदमी पार्टी (आआपा) आसानी से इस बार विधानसभा चुनाव में हुई हार को पचा नहीं पा रही है। जिसके कार्यकाल में विधानसभा और संसदीय मर्यादा तार-तार हुई हो उसी पार्टी ने विधानसभा की पहली ही बैठक में उसके शासन के भ्रष्टाचार के कारनामों से जुड़े सीएजी (कैग) रिपोर्ट सार्वजनिक करने से बौखला कर विधानसभा को दंगल बनाने की असफल कोशिश की। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने आआपा विधायकों को विधानसभा के साथ-साथ विधानसभा परिसर से निकाल दिया तो पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी समेत आआपा नेताओं ने इसे संसदीय लोकतंत्र पर हमला बताया। उनके अपने कार्यकाल में न तो नियमों के हिसाब से विधानसभा की बैठक बुलाई जाती थी और न ही विपक्ष को किसी सत्र में ढंग से बोलने दिया जाता था। विपक्ष यानी भाजपा के सदस्य ज्यादातर बैठकों में सदन से बाहर ही रहे। 1993 में दिल्ली विधानसभा का मौजूदा स्वरूप बनने के बाद इसकी नियमावली बनानेवाले दिल्ली विधानसभा और लोकसभा के पूर्व सचिव सुदर्शन कुमार शर्मा का कहना है कि विधानसभा से निष्कासन का मतलब विधानसभा परिसर से निष्कासन हो सकता है- इस पर चर्चा हो सकती है लेकिन वे कैसे सवाल उठा सकते हैं, जिन्होंने विधानसभा में कोई नियम ही लागू नहीं होने दिया। तभी तो दिल्ली संशोधन विधेयक पर बिल पास करवाने से पहले केन्द्रीय गृह मंत्री ने चेतावनी दी थी कि कहीं नियमों को न मानने वालों की सरकार विधानसभा से ही हाथ धो बैठे। आआपा के दिल्ली पर शासन के दौरान दिल्ली में तीन उप राज्यपाल बने और तीनों से उनकी लड़ाई चलती ही रही। आआपा ने कई नई परंपराएं शुरू करके संवैधानिक व्यवस्थाओं को खतरे में डाल दिया था। 2012 में नई पार्टी बनकर पहले 2013 में अल्पमत सरकार नियमों के खिलाफ बिना उप राज्यपाल की अनुमति से जन लोकपाल विधेयक विधानसभा में न लाने देने पर 49 दिन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया। नियमों से परे जाकर सार्वजनिक अवकाश के दिन रामलीला मैदान में विधानसभा बुलाने पर केजरीवाल अड़े रहे। यह अलग बात है कि दो बार भारी बहुमत से सरकार बनने बाद दोबारा उनकी सरकार ने जन लोकपाल की चर्चा भी नहीं की गई। खुद अपने लोकपाल को पार्टी से ही विदा कर दिया। विधान में विधानसभा की बैठक अधिकतम छह महीने पर बुलाने का प्रावधान है। इसी के चलते लोकसभा से विधानसभा तक साल में तीन सत्र होते हैं। साल के शुरू में होने वाली बैठक को बजट सत्र कहा जाता है और उसकी शुरुआत संसद में राष्ट्रपति और दिल्ली में उप राज्यपाल के अभिभाषण से होता है। परंपरा के तौर पर सरकार के कामकाज को ही अभिभाषण में जगह दी जाती है। उस सत्र में इस प्रस्ताव को पास करवाने से लेकर बजट पास किया जाना मुख्य काम रहता है। जुलाई-अगस्त में होने वाले सत्र को मानसून और नवंबर-दिसंबर में होने वाले सत्र को शीतकालीन सत्र कहा जाता है। हर सत्र को बुलाने और सत्रावसान करने के लिए मंत्रिमंडल अपना प्रस्ताव उप राज्यपाल को भेजती है। अमूनन उस पर उप राज्यपाल की तुरंत मंजूरी आ जाती है। विशेष परिस्थिति में विशेष सत्र की भी इजाजत उसी तरह से ली जाती है। पिछली सरकारें गिनती के लिए विशेष बैठक बुलाई थी। दिल्ली में विधानसभा बनने पर 1993 में पहली सरकार भाजपा की बनी। पांचों साल भाजपा सरकार ने नियमों का पालन करके अधिकतम तीन-तीन बार बैठक बुलाई। 1998 में शीला दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस की सरकार बनी। 15 साल के शासन में कांग्रेस सरकार ने तीन बार एक-एक दिन का विशेष सत्र भी नियमों के हिसाब से उप राज्यपाल की अनुमति लेकर बुलाई। आआपा ने तो कोई नियम और परंपरा के हिसाब से चलना स्वीकार नहीं किया। पूरे दस साल आआपा सरकार साल के शुरू में उप राज्यपाल का अभिभाषण कराना अनिवार्य होने से एक सत्र नियमानुसार बुलाती थी। बाद में उसी का विस्तार करके केवल विधानसभा अध्यक्ष को कह कर कई-कई बैठकें बुलाती थी। नियमित सत्र एक होता था और विशेष अनगिनत। आआपा सरकार ने साल 2015 और 2017 में सात-सात बार, 2016 में छह बार और 2023 में पांच बार बैठक हुई लेकिन सत्र एक ही रहा। सत्र का सत्रावसान इसलिए भी जरूरी है कि जब सत्र न चल रहा हो तो आपात काल में सरकार अध्यादेश ला सके। जब प्राकृतिक या कोई आपदा होगी तब सत्र बुलाना संभव वहीं होगा। सत्रावसान के बिना कोई फैसला पहले सदन में लिया जाता है और फिर उसे लागू किया जाता है। सत्रावसान हुआ नहीं और सदन चल रहा नहीं, ऐसे में तो आआपा सरकार ने सदन को भी मजाक बना दिया था। सत्र शुरू तो होता था लेकिन सत्रावसान होता ही नहीं था। जिस उप राज्यपाल के नाम पर विधानसभा की बैठक बुलाई जाती है, उनकी निंदा करने के लिए बैठक बुलाई गई। एक बार तो सारी मर्यादाएं तोड़ दी गई जब विधानसभा के भीतर उप राज्यपाल को हटाने के लिए सारी रात धरना दिया गया। विधानसभा परिसर में पहली बार आआपा विधायकों ने धरना देकर विधानसभा की परंपरा और मर्यादाओं को तार-तार किया। जुलाई, 2018 को सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने4 अगस्त, 2016 के दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को पलटते हुए कहा कि गैर आरक्षित विषयों में दिल्ली की सरकार फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि दिल्ली सरकार का मतलब उप राज्यपाल है। तब तक दिल्ली सरकार की उप राज्यपाल से इस कदर टकराव बढ़ा थी कि उप राज्यपाल ने आरक्षिक विषयों पर सरकार और विधानसभा में चर्चा करानी तक बंद करवा दी थी। उसके बाद पिछले साल मार्च महीने में संसद के दोनों सदनों से 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (संशोधन)-2021' विधेयक पास करवाकर उप राज्यपाल को पहले से ज्यादा ताकतवर बना दिया। इसी बदलाव के चलते हर फैसले में उप राज्यपाल की सहमति जरूरी है। लोकसभा में दिल्ली सरकार में काबिज आआपा का कोई सांसद न होने के चलते इस संशोधन विधेयक का विरोध कांग्रेस जैसे विरोधी दल ही कर पाए, राज्य सभा में अन्य विपक्षी दलों के साथ-साथ आआपा के सांसदों ने विरोध किया। उसके जवाब में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अन्य बातों के अलावा यह भी कह दिया कि नगर निगम एकीकरण के ज्यादा विरोध में कहीं अपनी सरकार न गंवा बैठें। वैसे बाद में इस पर न तो कोई सफाई आई न चर्चा हुई लेकिन पिछले कुछ सालों से चल रहे हालात से यह चर्चा तेज हो गई थी कि कहीं विधानसभा खत्म हो जाए और फिर से महानगर परिषद् जीवित हो जाए। जिसे खत्म करके ही 1993 में विधानसभा दी गई थी। संविधान के जानकार सुदर्शन कुमार शर्मा ने तभी कहा था कि संविधान के जिस 69 वे संशोधन के तहत दिल्ली को विधानसभा मिली, उसमें यह भी लिखा हुआ है कि इसमें कोई भी संशोधन मूल विधान में संशोधन माना जाएगा। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ज्यादा बदलाव कर पाएगी, इसमें संदेह है। यही हुआ भी। आजतक उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ। एक समय यह था कि विधानसभा की 1993 में नियमावली बनाते समय तब के उप राज्यपाल पीके दवे ने दिल्ली की पहली निर्वाचित सरकार के अनुरोध पर आरक्षित विषयों- जमीन (दिल्ली विकास प्राधिकरण), कानून- व्यवस्था और दिल्ली पुलिस के कामकाज पर भी विधानसभा में उसी तरह से चर्चा करने के लिए विधान बनाने की आजादी दी जैसे अन्य विषयों में चर्चा करने का प्रावधान नियमावली में बन रहा था। विधानसभा में आराम से आरक्षित विषयों पर चर्चा होती थी। जिस तरह बाकी विभाग प्रमुख प्रश्नकाल या चर्चा के समय विधानसभा के अधिकारी दीर्धा में मौजूद रहते थे उसी तरह से दिल्ली पुलिस आयुक्त, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) उपाध्यक्ष आदि मौजूद रहते थे। आआपा सरकार के दिनों में तो यह कोई सोच ही नहीं सकता था। इतना ही नहीं, तब के मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना के अनुरोध पर दिल्ली सरकार के आलाधिकारियों के एसीआर (सालाना गोपनीय रिपोर्ट) लिखने का अधिकार मुख्यमंत्री और मंत्रियों को दे दिया था। उप राज्यपाल केवल कुछ अधिकारियों के रिपोर्ट को रिव्यू (फिर से जांच) करते थे। जबकि अधिकारी यानी सेवाएं आरक्षित विषय है। शायद दिल्ली में 27 साल बाद बाजपा सरकार बनने और केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में मजबूत सरकार होने के चलते लोगों में यह उम्मीद जग रही है कि दिल्ली विधानसभा में फिर से 1993-98 वाले दिन लौटें। दिल्ली में 27 साल बाद पिछले महीने रेखा गुप्ता की अगुवाई में भाजपा सरकार बनी है। 24 फरवरी से तीन मार्च तक विधानसभा की पहली बैठक विधायकों के शपथ लेने, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव के अलावा उपराज्यपाल के अभिभाषण के लिए बुलाई गई थी। लगे हाथ आआपा सरकार में सार्वजनिक करने से रह गई सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा करवा दी गई। अभी कई विभागों की रिपोर्ट इस महीने होने वाले बजट सत्र में लाने की चर्चा है। सीएजी रिपोर्ट ने कट्टर ईमानदार होने का फर्जी दावा करने वाली आआपा सरकार के भारी भ्रष्टाचारी होने पर मुहर लगा दी। पार्टी के एकछत्र नेता अरविंद केजरीवाल खुद विधानसभा चुनाव हार कर सदन से बाहर हो गए हैं। ऐसे में पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और अन्य नेताओं के पास विधानसभा में हंगामा करने के अलावा कोई रास्ता बचा नहीं है। कभी किसी महापुरुष के फोटो का स्थान बदलने पर तो कभी परिसर में प्रवेश को मुद्दा बनाकर शोर मचाकर मीडिया में अपनी उपस्थिति बनाए रखना चाहते हैं। ये वही नेता हैं जो मीडिया के बूते सड़क से सरकार में आए और आते ही मीडिया पर तमाम पाबंदियां लगा दी। मीडिया की दिल्ली सचिवालय तक में निर्बाध पाबंदी रोक दी गई। अब अपने को पीड़ित बताकर फिर से उसी मीडिया के कंधों पर सवार होकर सत्ता की सीढ़ी चढ़ना चाहते हैं। जिन लोगों ने संसदीय मर्यादाओं का उल्लंघन किया, उसे मजाक बनाया, वही नेता अपनी मनमानी रोकने पर संसदीय मर्यादाओं की दुहाई देकर मीडिया और जनता से सहानुभूति पाना चाहते हैं। -मनोज कुमार मिश्र

# रंगभरे कैनवस पर रची गयी फिल्में

**कैलाश सिंह**

साल का यह समय वह है, जब फिजा में लाल, गुलाबी, पीले व हरे रंग बिखरे हुए हैं। इसके लिए होली का शुक्रिया अदा करना जरूरी है। रंगों के इस उत्सव का भारतीय संस्कृति में जबरदस्त महत्व है और इस अवसर की मौज-मस्ती का बॉलीवुड फिल्मकारों ने भरपूर फायदा उठाया है। रोमांस, ड्रामा व जज्बाती उतार-चढ़ाव की कहानियों को पेंट करने के लिए होली का इस्तेमाल कैनवस के रूप में किया गया। अनेक फिल्मों में कहानी आगे बढ़ाने के लिए होली पृष्ठभूमि के तौरपर प्रयोग की गयी। होली कब है? इस डायलॉग को गब्बर सिंह (अमजद खान) ने बोला था ताकि वह होली के अवसर पर रामगढ़ पर हमला कर सके। इस तरह कहानी को दिशा देने के लिए फिल्म में होली की उमंग व पृष्ठभूमि का प्रयोग किया गया। यही नहीं, रंगों का यह उत्सव वीरू (धर्मेंद्र) व बसंती (हेमा मालनी) के बीच प्रेम की पींगें बढ़ाने के लिए भी प्रयोग किया गया और इस अवसर पर जो गीत 'होली के दिन दिल खिल जाते हैं' गाया गया वह तो होली प्लेलिस्ट का हिस्सा बन गया है।

यश चोपड़ा की फिल्म 'सिलसिला' में होली का सीन और चर्चित गीत 'रंग बरसे' भी है, जो कहानी को महत्वपूर्ण मोड़ देने में भूमिका निभाता है। जैसे ही होली की तरंग सिर चढ़कर बोलती है वैसे ही अमित (अमिताभ बच्चन) और चांदनी (रेखा) अपनी शर्म, संकोच को भूल जाते हैं। उनका प्रेम जगजाहिर हो जाता है और अमित की पत्नी शोभा (जया बच्चन) और चांदनी का पति डॉ. आनंद (संजीव कुमार) इस प्रेम लीला को देखते रहते हैं। यहीं से फिल्म के किरदारों में तनाव उत्पन्न होने लगता है। फिल्म 'मोहब्बतें' में होली उत्प्रेरक का काम करती है, जिससे रीति-रिवाजों पर प्रेम को विजय हासिल करने का अवसर मिल जाता है। विद्रोही राज आर्यन मल्होत्रा (शाहरुखद्य खान) एहतियात को ताक पर रखकर अपने छात्रों को होली का जश्न मनाने के लिए ले जाता है। छात्र नाचते-गाते हुए प्रेम में गिरफ्तार हो जाते हैं और यह बात गुरुकुल के प्रधानाचार्य नारायण शंकर (अमिताभ बच्चन) को पसंद नहीं आती है। लेकिन तब तक होली की वजह से गुरुकुल में विद्रोह का बिगुल बज चुका होता है। अयान मुखर्जी फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में बन्नी (रणबीर कपूर) और नैना (दीपिका पादुकोण) के जीवन में नया मोड़ आता है। नैना को बन्नी गंभीर व पढ़ाकू समझता था, लेकिन जब होली जश्न में वह नैना को बिंदास, मस्त रूप में देखता है तो उसका नैना के प्रति नजरिया बदल जाता है। हमें दोस्ती और मस्ती के पल 'बलम पिचकारी' की धुन पर देखने को मिलते हैं। इसी तरह 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' फिल्म में जब राम (रणवीर सिंह) और लीला (दीपिका पादुकोण) रंगों के बादलों में फ्लर्ट करते हैं, तो उनमें प्यार खिलने का अवसर मिल जाता है। फिल्म 'दामिनी' की कहानी का आधार ही होली पर हुई घटना थी। एक गरीब घर की दामिनी (मीनाक्षी शेषाद्री) को एक रईस लड़का (ऋषि कपूर) नाचते हुए देखता है। अपने परिवार का विरोध करते हुए भी उससे शादी कर लेता है। लड़की उस खोखले समाज में अपने को मिसफिट पाती है, पर बर्दाश्त करती रहती है। लेकिन उसके सब्र का बांध उस समय टूट जाता है, जब होली पर उसके पति का छोटा भाई दोस्तों के साथ मिलकर घर की नौकरानी से सामूहिक बलात्कार करता है, और बाद में हत्या भी, जिसे दामिनी देख लेती है और अदालत से दोषियों को सजा दिलाती है। तो होली न सिर्फ रंगों व मस्ती का त्योहार है बल्कि प्रेम व्यक्त करने का अवसर भी। जाहिर है ऐसी सिचुएशंस फिल्म वालों को बहुत पसंद आती हैं, इसलिए बहुत सी फिल्मों की कहानियों का ताना-बाना होली के इर्दगिर्द बुना गया और होली पर फिल्मी गानों की तो एक लम्बी सूची है। हालांकि फिल्मों में अब होली गाने न के बराबर हो गये हैं। हालांकि पहले की हिंदी फिल्मों में ऐसे बहुत ही कम वर्ष हैं कि जिस साल कोई न कोई हिट गीत होली पर न आया हो। हिंदी फिल्मों में होली के गीत देने का ट्रेंड महबूब खान की फिल्म 'औरत' (1940) से शुरू हुआ, जिसमें होली के एक नहीं बल्कि दो गीत थे। पहला गीत था 'जमुना तट श्याम खेले होरी' और दूसरा था 'आज होली खेलेंगे साजन के संग'।

## सेहत मंत्र

# आनुवांशिक कारणों से होता है सिकल सेल रोग

सिकल सेल रोग खून से जुड़ी एक बीमारी है, जो बच्चे में अपने माता या पिता या दोनों से आनुवंशिक रूप से आती है। इस बीमारी में खून में पर्याप्त संख्या में लाल रक्त कोशिकाएं (आरबीसी/ रेड ब्लड सैल्स) नहीं होतीं, जो शरीर में ऑक्सीजन ले जाने के लिए जरूरी हैं। आमतौर पर यह बीमारी अफ्रीका, अरब और भारतीय प्रायद्वीप में पाई जाती है। इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स में पीडिएट्रिक ओंकोलोजी एवं हीमेटोलोजी की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अमिता महाजन ने कहा, अगर माता-पिता में से एक में भी सिकल सैल का जीन है तो बच्चे में यह बीमारी होने की संभावना होती है। यानी इन बच्चों में हीमोग्लोबिन का एक जीन सामान्य होता है, लेकिन दूसरा जीन दोषयुक्त होता है। ऐसे बच्चों के शरीर में दोनों तरह का हीमोग्लोबिन बनता है-सामान्य हीमोग्लोबिन और सिकल सैल हीमोग्लोबिन। इनमें कुछ सिकल सैल्स हो सकती हैं, लेकिन आमतौर पर बीमारी के लक्षण नहीं होते। उन्होंने कहा, यह बच्चे रोग के वाहक होते हैं, यानी इनका दोषयुक्त जीन अगली पीढ़ी में इनके बच्चों में जा सकता है। अगर माता-पिता दोनों में रोग का जीन है तो बच्चा निश्चित रूप से बीमारी से पीड़ित होता है। उन्होंने बताया कि सिकल सैल जीन सबसे पहले 1952 में उत्तरी तमिलनाडु की नीलगिरी की पहाड़ियों में सामने आया, आज केन्द्रीय भारत के डेक्कन पठार में बड़ी संख्या में लोगों में यह जीन मौजूद है। तमिलनाडु और केरल के उत्तरी इलाकों में भी इसकी कुछ हद तक मौजूदगी है। उत्तरी केरल एवं तमिलनाडु इलाकों में बड़ी संख्या में आदिवासी लोगों में यह जीन मौजूद हैं, ऐसे में माना जाता है कि आदिवासी आबादी में एचबीएस जीन की संभावना अधिक होती है। हालांकि यह आदिवासी एवं गैर-आदिवासी दोनों तरह की आबादी में पाया जाता है। डॉ. अमिता महाजन ने इसके लक्षण के बारे में बताया, सिकल सैल रोग के मरीज में हीमोग्लोबिन पर्याप्त मात्रा में नहीं बनता, ऐसे में इन मरीजों को खून चढ़ाने की जरूरत होती है। जीवन के पहले साल से ही मरीज में बीमारी के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। बीमारी के लक्षण हैं-दर्द, बार-बार न्यूमोनिया, हाथों और पैरों में दर्द के साथ सूजन, प्लीहा/ स्प्लीन (अंग जो संक्रमण से लड़ने में मदद करता है) में अचानक सूजन, स्ट्रोक, देखने में परेशानी, शरीर का विकास ठीक से न होना या हड्डियों में अन्य जटिलताएं।

## धर्म मंत्र

# शिव पार्वती से छीन कर विष्णु जी ने बद्रीनाथ को बनाया था अपना धाम

उत्तराखंड राज्य में स्थित अलकनंदा नदी के किनारे बद्रीनाथ धाम है। इसे बदरीनारायण मंदिर भी कहते हैं। हिंदू शास्त्रों के मुताबिक एक बार भगवान विष्णु काफी लंबे समय से शेषनाग की शैया पर विश्राम कर रहे थे। ऐसे में उधर से गुजरते हुए नारद जी ने उन्हें जगा दिया। इसके बाद नारद जी उन्हें प्रणाम करते हुए बोले कि प्रभु आप लंबे समय से विश्राम कर रहे हैं। इससे लोगों के बीच आपका उदाहरण आलस के लिए दिया जाने लगा है। यह बात ठीक नहीं है। नारद जी की बातें सुनकर भगवान विष्णु ने शेषनाग की शैया को छोड़ दिया और तपस्या के लिए एक शांत स्थान ढूंढने निकल पड़े। इस प्रयास में वे हिमालय की ओर चल पड़े,तब उनकी दृष्टि पहाड़ों पर बने बद्रीनाथ पर पड़ी। विष्णु जी को लगा कि यह तपस्या के लिए अच्छा स्थान साबित हो सकता है। जब विष्णु जी वहां पहुंचे तो देखा कि वहां एक कुटिया में भगवान शिव और माता पार्वती विराजमान थे। अब विष्णु जी सोच में पड़ गए कि अगर वह इस स्थान को तपस्या के लिए चुनते हैं तो भगवान शिव क्रोधित हो जाएंगे। इसलिए उन्होंने उस स्थान को ग्रहण करने का एक उपाय सोचा, और एक शिशु का अवतार लिया और बद्रीनाथ के दरवाजे पर रोने लगे। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर माता पार्वती का हृदय द्रवित हो गया और वह उस बालक को गोद में उठाने के लिए बढ़ने लगीं। शिव जी ने उन्हें मना भी किया कि वह इस शिशु को गोद न लें लेकिन वह नहीं मानी। वह शिव जी से कहने लगी कि आप कितने निर्दयी हैं और एक बच्चे को कैसे रोता हुए देख सकते हैं। इसके बाद पार्वती जी ने उस बच्चे को गोद में उठा लिया और उसे लेकर घर के अंदर आ गईं। उन्होंने शिशु को दूध पिलाया और उसे चुप कराया। बच्चे को नींद आने लगी तो पार्वती जी ने उसे घर में सुला दिया। इसके बाद वे दोनों पास के एक कुंड में स्नान करने के लिए चले गए।

## पर्यटन



# छुट्टियां बिताने के लिए एकदम परफ़ेक्ट जगह है लक्षद्वीप

नीला आसमान, चारों तरफ नीला पानी, सरसराती तेज हवाएं, सुनहरे समुद्री तट, नारियल के घने जंगल, जादुई लैगूनों, बहुत कम आबादी, पर्यटकों से प्राय अछूता। टूना मछली के लिए दुनिया में मशहूर ये द्वीप समूह पर्यटकों की आवाजाही पर काफी नियंत्रण होने की वजह से दूसरी सैरगाहों से काफी अलग है। ये स्थान केरल से 250 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जो छुट्टी बिताने के लिए एक परफ़ेक्ट जगह है। लक्षद्वीप जो पहले लक्कादीवस के नाम से जाना जाता था, 39 द्वीपों और छोटे द्वीपों का एक समूह है, जो तेजी से एक पर्यटक आकर्षण बन गया है, विशेष रूप से ये जगह उन लोगों के लिए जो प्रकृति को पसंद करते हैं और एकांतमय सूरज और रेत के आसपास छुट्टी मनाने का विचार कर रहे हैं। इस द्वीप को लक्षद्वीप के प्रवेश द्वार के नाम से भी जाना जाता है साथ ही ये यहाँ आने वालों के लिए एक बहुत ही लोकप्रिय स्थल है, ये द्वीप इतना खूबसूरत है कि अगर आप लक्षद्वीप आएं और यहाँ न घूमें तो आपकी यात्रा अधूरी होगी। यहाँ आने के लिए आपको लक्षद्वीप के किसी भी हिस्से से बोट हमेशा तैयार मिलेंगी। मुख्यतः नौकाएँ ही यहाँ यातायात का मुख्य माध्यम है। इसके अलावा, अगाती ही पूरे लक्षद्वीप द्वीप समूह में घरेलू हवाई अड्डा प्रदान करता है जहाँ से आसानी से कोचीन और बंगलौर के लिए प्रस्थान किया जा सकता है। ये एयरपोर्ट अगाती द्वीप के दक्ष?िण में बना हुआ है और लक्षद्वीप की ये अकेली हवाई पट्टी है। 4000 फीट लंबाई वाली ये छोटी सी हवाई पट्टी देखने में जितनी सुंदर लगे लेकिन यहां जहाज उतारना काफी ख़तरनाक है। मलिकु द्वीप जिसे मिनिकॉय या मलिकु एटोल के नाम से भी जाना जाता है, लक्षद्वीप द्वीप समूह का दक्षिणी द्वीप है। ऐतिहासिक दृष्टि से आज एक अलग राष्ट्र के रूप में जाने जाना वाला मालदीव का एक हिस्सा है, मिनिकॉय दोनों तरह से जैसे सांस्कृतिक और भाषायी समानताएं मालदीव के साथ रखता है। यह एक अपेक्षाकृत छोटा द्वीप है जो लंबाई में 10 किलोमीटर के आसपास है और इसके विस्तृत क्षेत्र 1 किलोमीटर के आसपास है। इस द्वीप को 1976 में भारत और मालदीव के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद भारत को सौंपा गया था। 1982 में मालदीव के उच्च नेताओं द्वारा कुछ टिप्पणी करने के कारण कुछ समय के लिए ये स्थान विवाद केंद्र था, लेकिन यह मामला जल्दी ही सुलझा दिया गया था।

# सीतापुर में पत्रकार की निर्मम हत्या के विरोध में पत्रकार लामबंद, एसडीएम को दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी।जनपद सीतापुर के महोली तहसील के संवाददाता राघवेंद्र बाजपेई की निर्मम हत्या पर जनपद बाराबंकी की तहसील रामनगर के दर्जनो पत्रकारों ने इसे बहुत ही कायराना कृत्य करार देते हुए रविवार को 2 मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त किया था। सोमवार को रामनगर तहसील के सभी पत्रकार एकजुट होकर माननीय मुख्यमंत्री महोदय उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी रामनगर कार्यालय पहुंचकर न्यायिक तहसीलदार महिमा मिश्रा को दिया गया।

जिसमें ज्ञापन प्रेषित करते हुए बताया गया है जनपद सीतापुर के महोली क्षेत्र के दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की निर्मम हत्या पर तहसील रामनगर बाराबंकी के पत्रकार क्षुब्ध हैं भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो।पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। दूसरा बिंदु पत्रकार की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए तथा बच्चों व परिवार की सुरक्षा की जाए। तीसरा बिंदु पीड़ित पत्नी को सरकार के द्वारा एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। चौथा बिंदु पीड़ित सहमे पत्रकार समाज की सुरक्षा संरक्षा सुनिश्चित किया जाय।उक्त मांगों का ज्ञापन आज तहसील रामनगर में दर्जनों पत्रकारों ने पहुंचकर तहसील के मुख्य द्वार पर न्यायिक तहसीलदार महिमा मिश्रा को दिया गया।इस मौके पर दैनिक संदेश वाहक पत्रकार कृष्ण कुमार शुक्ल,दैनिक जागरण पत्रकार चंद्र प्रकाश चौरसिया, राम शंकर वर्मा ,संजय तिवारी, रामकुमार मौर्य , निरंकार त्रिवेदी, अशोक कुमार सिंह,पंकज चतुर्वेदी, एसपी शुक्ला, विशाल अवस्थी, विवेक शुक्ला, मुकेश शुक्ला, हरिओम अवस्थी, आफताब आलम, तौफीक, अनूप पांडे, चैतन्य चालू, जितेंद्र मिश्रा, गौरव मिश्रा ,बी त्रिपाठी, विनायक गिरी ,नीरज शुक्ल सहित भारी संख्या पत्रकार मौजूद रहे।

# फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव में एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटकता पाया गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव

को पीएम के लिए भेजा है सादुल्लापुर निवासी माता फ़ेर पुत्र राम उजागर का शव सोमवार की सुबह गांव से लगभग शव मीटर की दूरी पर खेत में नीम के पेड़ से लटकता पाया गया परिजन आनन फानन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी लेकर पहुंचे जांच के



उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । मृतक माताफ़ेर की शादी हो गई थी पत्नी से विवाद होने के कारण संबंध विच्छेद हो गया था जिसके चलते काफी परेशान रहता था मृतक का सबसे बड़ा भाई लक्ष्मी प्रसाद,करण और अरुण थे। मृतक के पिता राम उजागर ने बताया बीती रात मैच देखने के बाद माता फ़ेर घर पहुंचा था और उसने कहा कि उसके पेट में कुछ परेशानी है इसलिए खाना नहीं खाएगा दूध पीकर सोने चला गया सुबह पता चला कि गांव के बाहर फांसी के फंदे से लटक रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा हैवहीं घटना से परिजनों का रो रो का बुरा हाल है ।

## जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर ने 14वीं मंजिल से कूदकर दी जान

नोएडा। गाजियाबाद में तैनात जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर संजय सिंह ने सोमवार को नोएडा के सेक्टर 75 स्थित एपेक्स सोसाइटी की 14वीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या ली। गाजियाबाद में जीएसटी कार्यालय में तैनात डिप्टी कमिश्नर पर संजय सिंह एपेक्स सोसाइटी के 14वीं मंजिल के फ्लैट में रहते थे। आज सुबह करीब 11 बजे के बीच उन्होंने अपने फ्लैट की बालकनी से छलांग लगा दी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उनका एक बेटा ग्रेटर नोएडा स्थित एक यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा है। वे कैंसर की बीमारी से काफी परेशान चल रहते थे। परिजनों का कहना है कि इसी के चलते उन्होंने आत्महत्या की है। डीसीपी सेन्ट्रल शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि जीएसटी विभाग में तैनात एक अधिकारी के फ्लैट से कूदकर आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली थी।

# भाजपा नेता का बेटा बना डिप्टी जेलर नियुक्ति के बाद भव्य मंडरा आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । सिद्धौर में स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन पूर्व भाजपा प्रत्याशी अंबरीश रावत के पुत्र अंकित कुमार रावत के डिप्टी जेलर बनने की खुशी में किया गया।

मंदिर परिसर में सर्वप्रथम ओम नमः शिवाय का अखंड जाप हुआ। इसके बाद सोमवार की सुबह भंडारे का आयोजन किया गया। हैदरगढ़ के विधायक दिनेश रावत ने भंडारे का शुभारंभ किया। भाजपा नेता अंबरीश रावत ने मंदिर में स्थापित स्टालों पर धूपबत्ती जलाई। परिवार के सदस्यों ने सिद्धेश्वर महादेव शिवलिंग का पूजन-अर्चन किया और जलाभिषेक भी किया। भंडारे में सैकड़ों स्थानीय लोगों ने पूड़ी, सब्जी और बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर सिद्धेश्वर महादेव और भोलेनाथ के

**सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भंडारा, विधायक दिनेश रावत ने किया शुभारंभ**

जयकारों से गूंज उठा। देवपुरा मजरे शेषपुर के निवासी भाजपा नेता ने सभी क्षेत्रवासियों से आशीर्वाद की कामना की।इस मौके परअंकित रावत सीता शरण वर्मा रोहित विश्वकर्मा रामनाथ मौर्य हनुमान वर्मा दिनेश शर्मा महेंद्र सिंह रमाकांत संदीप पांडे अशोक रावत भूलन वर्मा जिला पंचायतअध्यक्ष राजरानी रावत हरख ब्लॉक प्रमुख रवि रावत समेत ऐसे तमाम लोग मौजूद रहे ।

# दरियाबाद में बह रही है विकास की गंगा : सतीश

**युवाओं का भविष्य उज्जवल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बनीकोडर बाराबंकी। विधानसभा दरियाबाद अन्तर्गत 1669.13 लाख लागत से 6.500 किमी लम्बे मार्ग का शिलान्यास खाद्य रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा द्वारा किया गया। समारोह में आए जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में विधानसभा दरियाबाद विकास क्रम में नित नए आयाम अर्जित कर रहा है। आने वाले समय मे जब इंडस्ट्रियल क्षेत्र का निर्माण पूरा होगा तो उसका सबसे अधिक लाभ क्षेत्र के नौजवान साथियों को होगा।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, विवेक तिवारी, बाजपुर प्रधान पिंकू सिंह,सनौली ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय वर्मा , राघोपुर प्रधान सन्तोष वर्मा, राजेपुर प्रधान रमेश चंद्र वर्मा, भवनियापुर खेवली प्रधान उदयराज रावत ,मऊ प्रधान प्रतिनिधि अजीत वर्मा सहित क्षेत्रीय गणमान्य उपस्थित रहे।



# एसडीएम न्यायालय के वाहर बजरंगदल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा की जमानत के दौरान हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव खानपुर चुकटिहाई के रहने वाले गुरनाम सिंह पुत्र गुरमीत सिंह के साथ फोन पर भारतीय बजरंगदल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने गालीगलौज करते हुए जान से मारकर गायब करने की धमकी व सिख धर्म के चिन्ह को लेकर विवादित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए मामले में सिख समुदाय के लोगों ने कोतवाली पहुचकर कार्रवाई की मांग को थी। पुलिस ने मामले में संजय मिश्रा सहित अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस ने संजय मिश्रा को हिरासत में लेकर एसडीएम न्यायालय में पेश किया था। जब इसकी जानकारी सिख समुदाय के लोगों को लगी तो वह तहसील पहुंच गए और जमानत को लेकर विरोध किया। इस दौरान पुलिस और सिख समुदाय के बीच नोकझोंक हो गई। जिसमें सिख समुदाय के लोगों ने पुलिस पर बजरंगदल को संरक्षण देने का आरोप लगाया। इस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई करने की बात की जिसके बाद सिख समुदाय के लोगों ने चंगेज खान व विधुत विभाग के जेई सहित अन्य मामलों में दर्ज मुकदमों में गिरफ्तारी न करने और पुलिस पर संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

# सीतापुर में पत्रकार की हत्या पूरनपुर के पत्रकारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।सीतापुर में पत्रकार की हत्या के विरोध में पूरनपुर के पत्रकारों ने सीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस ज्ञापन में पत्रकारों ने हत्यारोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की। पत्रकारों ने कहा कि यह घटना उनके पेशेवर सुरक्षा पर सवाल खड़ा करती है और सरकार से मांग की कि ऐसे मामलों में तुरंत सख्त कानूनन कार्रवाई की जाए। उत्तर प्रदेश श्रम जीवी पत्रकार यूनियन पीलीभीत के जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह के नेतृत्व में पूरनपुर इकाई के तहसील अध्यक्ष रामकरण शर्मा ने संगठन के तमाम पत्रकारों के साथ तहसील पहुंचकर सीतापुर में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या के विरोध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा। ज्ञापन में बताया है कि सीतापुर जिले में पत्रकार साथी राघवेन्द्र वाजपेयी की बेखौफ

**पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता दिलाएं जाने की मांग**

दबंगों ने दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। उनका कसूर इतना था कि राघवेन्द्र वाजपेयी घोटाले, दवंगों की करतूतों को उजागर कर रहे थे। कानून व्यवस्थ सुदृढ करने वाली आपकी सरकार में इस तरह पत्रकार का मारा जाना अराजकता को उजागर करता है। पत्रकार की हत्या से प्रदेश भर के पत्रकारों में रोष व्याप्त है। संगठन की तरफ से हत्यारोपियों का एनकाउंटर किए जाने के साथ पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है। साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू किया जाए। इसके साथ पत्रकारों के साथ अभद्रता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए कानून बनाया जाएं। तथा पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की हत्या की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया जाए। जिसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज द्वारा की जाए। मांग है कि इन जायज मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो जिले में पत्रकारों द्वारा व्यापक आन्दोलन शुरू किया जाएगा।पत्रकारों ने जिला प्रशासन से यह भी मांग की कि पत्रकारों के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित किया जाए और उनके खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा, दबाव या उत्पीड़न पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, पत्रकारों को सुरक्षा देने के लिए प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि पत्रकार स्वतंत्र रूप से बिना किसी डर के अपना कार्य कर सकें। इस मौके पर शैलेन्द्र शर्मा, अकील अहमद, मुकेश तिवारी, विकास सिंह, प्रशांत शर्मा, सद्दाम, इजहार खांन, दिनेश कुमार, वेदप्रकाश, फैजान, छुन्न खां,मीनू बरकाती,अरविन्द मिश्रा सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## रमजान व होली पर्व को लेकर जिला सुरक्षा संगठन हुआ सक्रिय

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला सुरक्षा संगठन कार्य समिति की एक आवश्यक बैठक संगठन के अध्यक्ष डॉ राजीव श्रीवास्तव के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में यह चर्चा हुई कि रमजान महीने व आने वाली होली पर्व को देखते हुए संगठन पूर्व की भांति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगा। 13 मार्च को चौक घण्टाघर पर सुबह से खेले जाने वाले रंग के समय संगठन के पदाधिकारी प्रातः 10 बजे वहां मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार उसी दिन रात में जलने वाली होलिका दहन के समय भी संगठन के लोग रात्रि 9.15 बजे नगर का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेंगे, ताकि कहीं भी किसी प्रकार की समस्या न होने पाए। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि सभी वार्ड अध्यक्ष भी अपने वार्ड में उपरोक्त की दृष्टि से निगरानी करेंगे। होली के दिन शुक्रवार होने के कारण चौक व शाहगंज क्षेत्र में स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने वाले लोगों को कोई परेशानी न होने पाए इसके लिए संगठन के पदाधिकारी नमाज के दौरान मौजूद रहेंगे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि होली बाद संगठन को और सक्रिय करने के लिए प्रत्येक शनिवार को 5 वार्डों की संयुक्त बैठक की जाएगी। जिस वार्ड के अध्यक्ष निष्क्रिय होंगे उनके स्थान पर दूसरे वार्ड अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। सम्बन्धित वार्ड की यदि कोई समस्या होगी उसका भी निस्तारण किया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ राजीव श्रीवास्तव, महासचिव हाजी मो0 इलियास खान, मुख्य संरक्षक सरदार बलदेव सिंह, संरक्षक आशीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल, संयोजक जाहिद आब्दी, कार्यालय सचिव कुलदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## संजय मिश्रा को जमानत मिलने को लेकर सिखों ने किया विरोध प्रदर्शन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुछ दिन पूर्व संजय मिश्रा और होटल स्वामी गुरनाम सिंह के बीच मामूली कहासुनी हो गई थी जिसको लेकर बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा को जेल भेजने की मांग को लेकर सिख समुदाय के सैकड़ों लोग तहसील में एकत्र हो गए और उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। सिख समुदाय के लोगों का कहना है कि कहीं ना कहीं प्रशासन संजय मिश्रा को संरक्षण प्रदान कर रहा है सिख समुदाय का कहना है कि संजय मिश्रा को जेल भेजा जाए सिखों ने एकत्र होकर पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश की उन्होंने कहा कि पुलिस ने जानबूझकर उसके खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

## शहर में अमन शांति व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर में अमन शांति व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया की अध्यक्षता में निकाले गए गए फ्लैग मार्च में लोगों से शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखने की अपील की गई। फ्लैग मार्च थाना से शुरू होकर पकड़िया चौराहे, माधोटांडा रोड, स्टेशन रोड,मेन बाजारों से होकर निकला। नरेश त्यागी ने बताया कि अमन शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के मकसद से सोमवार को फ्लैग मार्च निकाला गया है। इस फ्लैग मार्च में पुलिस थानों की पुलिस कर्मी सहित करीब 40 जवान शामित थे। कुछ अराजक तत्व शहर का माहौल खराब करने की कोशिश करते हैं तो उन्हें इस फ्लैग मार्च से संदेश दिया गया है कि अगर वह अमन, शांति सहित सौहार्द और भाईचारा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि बाजारों में किसी भी संदिग्ध वस्तु और संदिग्ध व्यक्ति को देखे जाने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। उन्होंने कहा कि शहर वासियों को सुरक्षा के मद्देनजर सहित शहर की सिक्योरिटी को पुख्ता करने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया है।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई संपन्न विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक का शुभारंभ सर्वप्रथम ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया उसके बाद खंड विकास अधिकारी ने ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा को पुष्प भेंट कर स्वागत किया राज्य मंत्री प्रतिनिधि का स्वागत एडीओ पंचायत पंचायत मेहरबान सिंह राणा ने किया सदस्यों का कोरम पूरा होने पर ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा द्वारा बैठक की कार्रवाई प्रारंभ जाने की अनुमति प्रदान की गई। सर्वप्रथम पूर्व बैठक की कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई इसकी पुष्टि उपस्थित सदस्यों द्वारा की गई। उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मरौरी डॉक्टर एसपी सिंह,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र न्यूरिया,बाल विकास परियोजना अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी बैठक में उपस्थित सदस्यों को दी गई खंड विकास अधिकारी द्वारा पंचम एवं 15 वां वित्त आयोग के अंतर्गत वित्त वर्ष 25 व 26 हेतु वार्षिक कार्य योजना तैयार किए जाने हेतु सदस्यों से निर्माण कार्यों के प्रस्ताव उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।बैठक में लगभग 182 कार्यों के 110 प्रस्ताव सदस्यों द्वारा दिए गए बैठक में 86 क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं 58 ग्राम प्रधान उपस्थित रहे है।

# न्याय प्रणाली की रीढ़ है अधिवक्ता समाज: राम बाबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौली गौसपुर बाराबंकी। तहसील स्थित बार भवन में सोमवार को आयोजित अधिवक्ता सम्मान समारोह में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया और न्याय व्यवस्था में उनके योगदान की सराहना भी की गई। भाजपा के कद्दावर नेता रामबाबू ने सीतापुर में पत्रकार हत्याकांड की कड़ी निंदा की।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है।दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।रामबाबू द्विवेदी ने भाजपा सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत किया गया है।उन्होंने कहा भाजपा सरकार ऐसी सरकार है जहां सभी को न्याय मिलता है।अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा और जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस अवसर पर सिरौलीगौसपुर बार एसोसिएशन के सदस्यों ने अधिवक्ताओं के योगदान की प्रशंसा की और उन्हें सम्मानित किया।अधिवक्ता समाज को न्याय प्रणाली की रीढ़ बताते हुए द्विवेदी ने कहा कि अधिवक्ता ही कानून के पालन और न्याय दिलाने की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम में सिरौलीगौसपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष स्थानीय भाजपा नेता और अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर गौरी केदारेश्वर की आरती,बरसाए अबीर-गुलाल

वाराणसी। भारतीय क्रिकेट टीम के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर नमामि गंगे के सदस्यों के साथ युवाओं ने सोमवार को भगवान गौरी-केदारेश्वर की आरती उतारी। बाबा विश्वनाथ के गौना उत्सव रंगभरी एकादशी पर केदारघाट जुटे युवाओं ने पूरे विश्व में देश का सम्मान बढ़ाने वाली भारतीय टीम को बधाई देकर बाबा विश्वनाथ का आभार जताया। भारतीय क्रिकेटरों की तस्वीर लेकर नमामि गंगे के सदस्यों ने गौरी-केदारेश्वर का विधिवत अबीर-गुलाल से पूजन किया। महादेव के पूजन के पश्चात नमामि गंगे टीम ने केदार घाट गंगा तट की सफाई भी की। भगवान शिव और माता पार्वती द्वारा दिए गए पर्यावरण संरक्षण के संदेश को प्रसारित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों के साथ उनके गुरुओं की कड़ी मेहनत और समर्पण ने करोड़ों भारतीयों को गौरवान्वित किया है। जिसके लिए पूरे टीम व उनके गुरु का धन्यवाद है । हमने बाबा गौरी केदारेश्वर की आरती और पूजन कर भारतीय टीम के जीत पर उनका आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में मंदिर के महंत व पुजारी राजकुमार पाण्डेय, सोमनाथ ओझा, राकेश पाण्डेय आदि ने भी भागीदारी की।

# आईसीसी प्रतियोगिताओं में पिछली हार से सबक सीखा: कोहली

एजेंसी



दुबई। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि आईसीसी प्रतियोगिताओं में अतीत में नॉकआउट चरण में मिली हार से सीखे गए सबक का ही परिणाम है कि टीम 12 महीने के अंदर दूसरा बड़ा खिताब जीतने में सफल रही।

भारत ने पिछले साल जून में टी20 विश्व कप जीता था और रविवार को उसने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इन जीत में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कोहली ने आधिकारिक प्रसारक से कहा, ''हमें चैंपियंस ट्रॉफी जीते हुए लंबा समय हो गया था और यह प्रारूप वास्तव में बहुत अच्छा है। इसे जीतना हमारा लक्ष्य था। ऑस्ट्रेलिया के कड़े दौरे के बाद हम यहां आए और हमने बड़ा टूर्नामेंट जीता जिससे एक टीम के रूप में हमारा मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा, ''पूरे टूर्नामेंट में अलग-अलग मैच में अलग-अलग खिलाड़ियों ने आगे बढ़कर चुनौती का डटकर सामना किया। अतीत की प्रतियोगिताओं में हम मैच का सकारात्मक अंत नहीं कर पा रहे थे या महत्वपूर्ण मौकों का फायदा नहीं उठा पा रहे थे। लेकिन इस बार हमने उन अनुभवों से सीख लेकर अच्छा प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में रोहित और केएल राहुल का अनुभव काम आया जिससे भारतीय टीम मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकलकर जीत हासिल करने में सफल रही। कोहली ने कहा, '' यही वजह है कि आप अनुभवी खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं। वे अतीत में इस तरह की परिस्थितियों का सामना कर चुके होते हैं और जब आप उन सीख को साथ में लेकर आगे बढ़ते हो और कड़ी मेहनत करते हो तो आप मैच का पासा पलट सकते हो। उन्होंने कहा, ''राहुल ने जिस तरह से पिछले दो मैच का अच्छा अंत किया उससे उनका अनुभव पता चलता है। जब आप अतीत में इस तरह की परिस्थितियों का सामना कर चुके होते हैं और मैच का सकारात्मक अंत नहीं कर पाते हो तो आप फिर से उस तरह की परिस्थितियों का सामना करके उसका अच्छा अंत करना चाहते हो और हमने ऐसा ही किया। भारत का टीम संयोजन बहुत अच्छा रहा और दुबई की परिस्थितियों में चार स्पिनर के साथ खेलने का फैसला सही साबित हुआ। कोहली ने कहा,, '' हमने पूरे टूर्नामेंट में अपने कौशल पर ध्यान दिया। हमने इस पर ध्यान नहीं दिया कि विरोधी टीम कितनी अच्छी है। हमने इस पर ध्यान दिया कि हमारी टीम कितनी अच्छी है। तमाम चुनौतियों के बावजूद इन बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने के लिए ही आप खेलते हो। वन डे विश्व कप 2011 और चैंपियंस ट्रॉफी 2013 को जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे कोहली ने कहा, ''चार आईसीसी खिताब जीतना वास्तव में किसी आशीर्वाद से कम नहीं है। मैं इतने लंबे समय तक खेलने और इसे हासिल करने के लिए खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं।

# मोटेरा के जख्मों पर दुबई में मरहम लगाकर राहुल ने बदली अपनी और टीम की तकदीर

एजेंसी

नयी दिल्ली। आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में विजयी छक्का जड़ने वाले केएल राहुल ही थे और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में संकटमोचक की भूमिका निभाकर भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी जिताने में उनका योगदान अनदेखा नहीं किया जा सकता।

यह वही केएल राहुल हैं जिन्होंने 19 नवंबर 2023 को आस्ट्रेलिया के हाथों वनडे विश्व कप फाइनल में भारत की हार के बाद सबसे ज्यादा लानत मलामत झेली थी। जब लगातार दस जीत के साथ फाइनल में पहुंची भारतीय टीम अहमदाबाद में आखिरी मुकाबले में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 240 रन पर आउट हो गई और 107 गेंद में 66 रन बनाने पर राहुल आलोचकों का कोपभाजन बने। टी20 विश्व कप के लिये भारत की टीम में भी उन्हें जगह नहीं मिली। मोटेरा के उस फाइनल के सत्रह महीने बाद जब दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर भारत ने तीसरी बार खिताब जीता तो अंत तक डटे रहे राहुल को जिस तरह कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और हार्दिक पंड्या ने गले से लगाया, उसने साबित कर दिया कि इस जीत में उनकी क्या अहमियत है। कभी पारी का आगाज करने वाले राहुल टीम की जरूरत के मुताबिक बल्लेबाजी क्रम में छठे नंबर पर उतरे और आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 34 गेंद में नाबाद 42 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। ग्लेन मैक्सवेल को जड़ा उनका विजयी छक्का क्रिकेटप्रेमियों के जेहन में उसी तरह चस्पां रहेगा जैसे वानखेड़े स्टेडियम पर विश्व कप फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ महेंद्र सिंह धोनी का छक्का। भले ही विराट कोहली की तरह वह शतक नहीं जड़ पाये या रोहित शर्मा की तरह बड़ी पारी नहीं खेली लेकिन उनके 30 . 40 रन ऐसे मुकाम से टीम को जीत तक ले गए जहां से नतीजा कुछ भी हो सकता था। न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में श्रेयस अय्यर के आउट होने के बाद 39वें ओवर में जब वह क्रीज पर आये तब टीम को जीत के लिये 69 रन की जरूरत थी। उन्होंने मिचेल सेंटनेर को छक्का लगाकर रन और गेंद का अंतर कम किया। दूसरे छोर से अक्षर पटेल और हार्दिक पंड्या के विकेट गिरने के बावजूद वह एक छोर संभालकर डटे रहे और जीत तक पहुंचाकर ही दम लिया। कप्तान रोहित ने तो उनके योगदान की सराहना करते हुए यह भी कहा ,'' राहुल का दिमाग काफी दृढ है और वह दबाव को खुद पर हावी नहीं होने देता। वह खुद तो शांत रहता ही है, साथ ही ड्रेसिंग रूम में भी वह शांति लाता है। हमें मध्यक्रम में उसकी जरूरत थी ताकि दूसरे खिलाड़ी खुलकर खेल सकें। विराट, रोहित, जडेजा जैसे बड़े सितारों के बीच अपनी जगह बनाना आसान नहीं था लेकिन राहुल ने अपने प्रदर्शन से उन जख्मों पर मरहम लगा दिया होगा जो नासूर बनकर पिछले डेढ साल से उन्हें चुभ रहे थे। उन्होंने बदली हुई भूमिका में खुद को ढाला और ओपनर से फिनिशर तक का सफर सुगमता से तय किया।

# रोहित ने मैच हमारी पहुंच से दूर किया: सेंटनर

दुबई। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने स्वीकार किया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की असाधारण पारी ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया और चार विकेट की हार को उन्होंने 'कड़वा-मीठा अंत' करार दिया। रोहित ने 83 गेंद में 76 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने रविवार को यहां 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करीबी जीत दर्ज की। सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''मुझे लगता है कि रोहित शर्मा ने जिस तरह से खेला उससे मैच हमारी पहुंच से दूर हो गया। भारत ने दुबई की परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छा क्रिकेट खेला। मुझे लगता है कि यह कड़वा-मीठा अंत रहा। सेंटनर ने कहा कि खिताबी मुकाबले में हार के बावजूद उन्हें अपनी टीम पर 'गर्व' है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि फाइनल में हमारा सामना एक अच्छी टीम से हुआ। हमने इस पूरे मैच में कई बार चुनौती दी, जो सुखद था और मुझे लगता है कि शायद कुछ ऐसे छोटे-मोटे पल भी रहे, जब हमने इसे अपने से दूर जाने दिया। सेंटनर ने कहा, ''लेकिन हां, इस पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह से हमने इस टीम के साथ खेला है, उस पर मुझे बहुत गर्व है। सेंटनर ने कहा कि उनकी टीम दुबई की पिच और परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार थी जो लाहौर से काफी अलग थी जहां उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में हराया था। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम भारत के खिलाफ लगातार खेल रहे हैं जो हमेशा एक चुनौती होती है। हमें पता था कि परिस्थितियां सेमीफाइनल से थोड़ी अलग होंगी लेकिन हम इसके लिए तैयार थे।

# हैरी ब्रूक ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ अनुबंध खत्म किया, लग सकता है दो साल का प्रतिबंध

एजेंसी



लंदन। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है जिसके लिए उन पर इस टूर्नामेंट में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लग सकता है। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि इंग्लैंड के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध रखा है। इसके लिए उन्होंने फ्रेंचाइज़ी और उसके समर्थकों से माफ़ी मांगी। ब्रूक ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''मैंने आईपीएल के अगले सत्र से हटने का बहुत मुश्किल फैसला किया है। मैं दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से बिना शर्त माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा , ''यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी श्रृंखला की तैयारी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहता हूं। ब्रूक ने कहा, ''इसके लिए मुझे अपने अब तक के करियर के सबसे व्यस्त दौर के बाद तरोताजा होने के लिए समय चाहिए। मैं जानता हूं कि हर कोई इसे नहीं समझेगा और मैं उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करता हूं, लेकिन मुझे वह करना होगा जो मुझे लगता है कि सही है और अपने देश के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता है और मेरा पूरा ध्यान इसी पर है। ब्रूक ने अपनी दादी के निधन के कारण आईपीएल के पिछले सत्र से भी नाम वापस ले लिया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के आईपीएल से जुड़े नियमों के अनुसार अगर कोई विदेशी खिलाड़ी नीलामी में चुने जाने के बाद अनफिट नहीं होने की स्थिति में इस टूर्नामेंट में नहीं खेलता है तो उस पर आईपीएल में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। बीसीसीआई के पिछले साल टीमों के साथ साझा किए गए दस्तावेज़ के अनुसार, ''कोई भी (विदेशी) खिलाड़ी जो नीलामी के लिए पंजीकरण करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सत्र की शुरुआत से पहले खुद को अनुपलब्ध घोषित करता है तो उसे दो सत्र के लिए आईपीएल और आईपीएल नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

## अगर आप मैदान नहीं छोड़ते, तो आपके पास मौका होता है: पंड्या

दुबई। हार्दिक पंड्या को जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में चैंपियन्स ट्रॉफी में नई गेंद से गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी और इस ऑलराउंडर ने कहा कि उनकी संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं ने उन्हें नई भूमिका में ढलने में मदद की। हालांकि टूर्नामेंट में पंड्या पर अधिक भार नहीं रहा क्योंकि भारत ने मुख्य रूप से चार स्पिनरों के साथ गेंदबाजी की। पंड्या ने पांच मैच में सिर्फ 24.3 ओवर गेंदबाजी की और चार विकेट लिए। पंड्य ने भारत की खिताबी जीत के बाद मिक्स्ड जोन में कहा, गेंदबाजी अपना काम खुद करती है। यह साल सीखने और चुनौतियों से भरा रहा। मेरी मानसिकता ने मुझे कभी चुनौतियों से भागना नहीं सिखाया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर चुनौतियां कठिन हैं तो इसका डटकर सामना करो। उन्होंने कहा, ''अगर आप मैदान नहीं छोड़ते हैं, तो आपके पास मौका होता है।

# स्विएटेक ने यास्त्रेम्स्का को हराकर इंडियन वेल्स के चौथे दौर में बनाई जगह

एजेंसी



नई दिल्ली। गत चैंपियन इगा स्विएटेक ने रविवार को डयाना यास्त्रेम्स्का को 6-0, 6-2 से हराकर इंडियन वेल्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। यह उनकी लगातार दूसरी प्रभावशाली जीत थी, इससे पहले उन्होंने अपने पहले मुकाबले में कैरोलिन गार्सिया को 6-2, 6-0 से हराया था।

दूसरी वरीयता प्राप्त स्विएटेक इस टूर्नामेंट को तीसरी बार जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने की कोशिश में हैं। पोलैंड की इस स्टार खिलाड़ी ने मैच में जबरदस्त प्रदर्शन किया और सिर्फ 65 मिनट में यूक्रेनी प्रतिद्वंद्वी को मात दी। उन्होंने लगातार 10 गेम जीतकर मुकाबले को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। मैच के बाद उन्होंने कहा, ''अंत में मैं थोड़ा थक गई थी, ऐसे मैच को खत्म करना हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन मैं खुश हूं कि मैंने आखिरी गेम में भी अपनी तीव्रता बनाए रखी,मैं शुरुआत से ही मैच पर नियंत्रण बनाए हुए थी, इसलिए इस प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्विएटेक ने 2024 में रोलां गैरोस जीतने के बाद से अब तक कोई खिताब नहीं जीता है। यह 2020 में अपना पहला बड़ा खिताब जीतने के बाद उनकी सबसे लंबी ट्रॉफी सूखी रही है। चौथे दौर में स्विएटेक का सामना 15वीं वरीयता प्राप्त कैरोलीना मुचोवा या कतेरीना सिनीआकोवा से होगा। टॉमी पॉल ने मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में 50वीं जीत दर्ज की लोकप्रिय अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल ने ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को 6-3, 7-5 से हराकर मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अपनी 50वीं जीत हासिल की।

# असम सरकार ने 2025-26 के लिए 2.63 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया

एजेंसी

गुवाहाटी। असम के वित्त मंत्री अजंता नियोग ने सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2.63 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह 620.27 करोड़ रुपये के घाटे का बजट है। बजट में राज्य के सभी कामकाजी लोगों के लिए 15,000 रुपये तक की मासिक आय पर पेशेवर कर से छूट का भी प्रस्ताव है। नियोग ने कहा, पेशेवर कर से छूट के कारण 1.43 लाख से अधिक करदाताओं को लाभ होगा और उनकी खरीद क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने चाय उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों को कम करने के लिए हरी चाय की पत्तियों पर कर छूट को दो और वर्षों के लिए बढ़ाने की घोषणा की। नियोग ने कहा कि मेहनतकश मध्यम वर्गीय परिवारों को सहायता देने के लिए बजट में असम व्यवसाय, व्यापार और रोजगार कराधान अधिनियम, 1947 के तहत 15,000 रुपये प्रति माह तक कमाने वाले व्यक्तियों के लिए व्यावसायिक कर में छूट का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा, ङ्कमैं असम कराधान (निर्दिष्ट भूमि पर) अधिनियम, 1990 के तहत हरी चाय की पत्तियों पर कर छूट को एक जनवरी, 2025 से दो साल के लिए बढ़ाने की भी घोषणा करती हूं। असम में विधानसभा चुनाव अगले साल मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है, जिससे यह राज्य में हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व वाली दूसरी भाजपा सरकार का अंतिम पूर्ण बजट होगा। नियोग ने कहा, 2025-26 के बजट अनुमानों में राज्य की समेकित निधि के तहत 1,55,428.75 करोड़ रुपये की प्राप्ति दिखाई गई है। लोक लेखा के तहत 1,05,485.17 करोड़ रुपये और आकस्मिकता निधि के तहत 2,000 करोड़ रुपये की प्राप्ति को जोड़ने के बाद, कुल प्राप्तियां 2,62,913.92 करोड़ रुपये हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में समेकित निधि से कुल व्यय 1,55,985.14 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

# संक्षिप्त समाचार

## होंडा ने ताकाशी नाकाजिमा को होंडा कार्स इंडिया का नया सीईओ बनाया

**नयी दिल्ली।** जापानी वाहन विनिर्माता होंडा ने सोमवार को कहा कि उसने ताकाशी नाकाजिमा को होंडा कार्स इंडिया का नया अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया है। होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड के प्रबंधन में बदलाव के तहत नाकाजिमा एक अप्रैल, 2025 से कार्यभार संभालेंगे। कंपनी ने एक एक बयान में कहा कि नाकाजिमा, ताकुया त्सुमुरा की जगह लेंगे, जो भारत में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद होंडा मुख्यालय में जापान चले गए हैं। नाकाजिमा 2021 से होंडा मोटर रूस के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

## वित्त मंत्रालय ने इरडा चेयरमैन पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बीमा नियामक इरडा के चेयरमैन पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। मौजूदा चेयरमैन देवाशीष पांडा का कार्यकाल 13 मार्च को खत्म हो रहा है। इस पद के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख छह अप्रैल, 2025 है। पांडा ने वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग में सचिव के रूप में काम किया था और उन्होंने 14 मार्च, 2022 को तीन साल के लिए इरडा चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाला। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) की विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार आवेदकों के पास कम से कम 30 वर्ष का प्रासंगिक कार्य अनुभव होना चाहिए। अधिसूचना के मुताबिक निजी क्षेत्र के आवेदकों को किसी बड़े वित्तीय संस्थान के सीईओ या समकक्ष स्तर पर काम का अनुभव होना चाहिए। आवेदक की उम्र 63 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## रियल मनी गेमिंग' उद्योग निकायों ने केवाईसी खर्च सीमा तय करते हुए आचार संहिता जारी की

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन 'रियल मनी गेमिंग' कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले उद्योग निकायों ने संयुक्त रूप से एक आचार संहिता पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें एआईजीएफ, ईजीएफ और एफआईएफएस शामिल हैं। सोमवार को एक संयुक्त बयान में कहा गया कि इस आचार संहिता के तहत सदस्य कंपनियां केवाईसी सत्यापन और खर्च सीमा तय करने जैसी उपयोगकर्ता सुरक्षा और जिम्मेदार गेमिंग प्रथाओं को बढ़ावा देंगी। इन गेमिंग उद्योग निकायों के सदस्यों में ड्रीम11, माई11सर्किल, खेलो फैंटेसी लाइव, एसजी11 फैंटेसी, विनजो, गेम्स 24X7 और जंगली गेम्स शामिल हैं। ऑल इंडिया गेमिंग फ़ेडरेशन (एआईजीएफ), फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस) और ई-गेमिंग फ़ेडरेशन (ईजीएफ) ने सोमवार को संयुक्त रूप से एक आचार संहिता (सीओई) पर हस्ताक्षर किए। बयान में कहा गया कि सीओई का उद्देश्य जिम्मेदार गेमिंग और विज्ञापन नीतियों को लागू करके पूरे उद्योग में उपयोगकर्ता सुरक्षा के सही मानकों को लागू करना और जवाबदेही तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।

## नये आयकर विधेयक के तहत सिर्फ छापों के दौरान डिजिटल, सोशल मीडिया खातों की जांच

**नयी दिल्ली।** नए आयकर विधेयक के तहत कर अधिकारी सिर्फ छापों के दौरान ही डिजिटल क्षेत्र या कंप्यूटर उपकरण तक पहुंच हासिल कर सकेंगे। आयकर विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रावधान का मकसद आम करदाताओं की ऑनलाइन गोपनीयता का उल्लंघन करना नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर किसी करदाता का मामला जांच के दायरे में आ जाए, तो भी उसकी गोपनीयता बरकरार रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की शक्तियां 1961 के अधिनियम में 'पहले से मौजूद' थीं, और इन्हें केवल 2025 के आयकर विधेयक में दोहराया गया है। अधिकारी ने कुछ मीडिया रिपोर्ट और विशेषज्ञों के इस दावे को खारिज किया कि कर अधिकारियों को करदाताओं के ईमेल, सोशल मीडिया हैंडल और क्लाउड स्टोरेज स्पेस सहित इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड तक पहुंच हासिल करने के अतिरिक्त अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने कहा, ऐसी खबरें डर फैलाने के अलावा कुछ नहीं हैं। कर विभाग करदाता के सोशल मीडिया खाते या ऑनलाइन गतिविधियों की जासूसी नहीं करता है। अधिकारी ने बताया, इन अधिकारों का इस्तेमाल केवल तलाशी या छापेमारी अभियान के दौरान किया जाना चाहिए। छापों के दौरान भी ऐसा तब किया जाएगा, जब करदाता डिजिटल स्टोरेज ड्राइव, ईमेल, क्लाउड और व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे संचार मंचों के पासवर्ड साझा करने से इनकार करेगा। आयकर विधेयक, 2025 इस समय संसद के समक्ष है।

# एआई के विकास में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व के कारण पूर्वाग्रह का खतरा: माइक्रोसॉफ्ट अधिकारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व से भविष्य की प्रौद्योगिकियों में प्रचलित सामाजिक पूर्वाग्रहों के कायम रहने का जोखिम है। माइक्रोसॉफ्ट भारत और दक्षिण एशिया की मुख्य भागीदार अधिकारी हिमानी अग्रवाल ने यह आशंका जाहिर की। उनका मानना है कि समावेशन एक साझा जिम्मेदारी है और यदि एआई को विविध दृष्टिकोणों के बिना आकार दिया जाता रहा, तो आज के पूर्वाग्रह कल की प्रौद्योगिकी में शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने कहा, यह केवल एक संख्या की समस्या नहीं है। यह उस भविष्य के बारे में है, जिसे हम बना रहे हैं। यदि एआई दुनिया को आकार दे रही है, तो एआई को आकार देने वाले लोगों को भी दुनिया की विविधता के अनुरूप होना चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो आज के पूर्वाग्रह कल की तकनीक में जड़ जमा सकते हैं। उन्होंने बातचीत में कहा, इसलिए हमें जल्दी शुरू करने की जरूरत है- युवा लड़कियों में जिज्ञासा जगाना, मार्गदर्शक तंत्र को मजबूत करना और यह सुनिश्चित करना कि महिलाओं के पास एआई को आगे बढ़ाने के लिए कौशल और नेतृत्व के अवसर हों। यह चिंता विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि एआई स्वास्थ्य सेवा और वित्त से लेकर शिक्षा और रोजगार तक, जीवन के विभिन्न पहलुओं को तेजी से आकार दे रहा है। मुख्य रूप से मौजूदा सामाजिक असंतुलन को दर्शाने वाले आंकड़ों पर प्रशिक्षित एक एआई उन्हीं असंतुलनों को कायम रख सकता है, जिससे पूर्वाग्रह का चक्र बन सकता है। उन्होंने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यबल में महिलाओं की संख्या 31.6 प्रतिशत है, और कंपनी बेहतर समावेशन की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,700 रुपये से लेकर 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,390 रुपये से लेकर 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# नौकरी की मानसिकता बदलें युवा, रोजगार पाने की बजाय रोजगार उत्पन्न करने वाले बनें : राष्ट्रपति

एजेंसी



हिसार। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने विद्यार्थी वर्ग से अग्राह किया है कि वे शिक्षा हासिल करके रोजगार पाने की मानसिकता को बदलें और रोजगार पाने की बजाय रोजगार उत्पन्न करने वाले बनें। यदि हम ऐसा करते हैं तो यह समाज कल्याण व देश की उन्नति में बहुत बड़ा कदम होगा।

राष्ट्रपति मुर्मु सोमवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों, डिग्री व गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थियों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अपने ज्ञान व कौशल के बल पर विद्यार्थी समाज का कल्याण करें और देश की तरक्की में अपना योगदान दें। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि दीक्षांत समारोह में पीएडी की डिग्री लेने वालों में बेटियों की संख्या 60 प्रतिशत से ज्यादा व पदक लेने वालों में बेटियों की संख्या 75 प्रतिशत से ज्यादा है। इसके लिए उन्होंने उपलब्धि प्राप्त बेटियों, उनके परिजनों व शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि यह केवल हरियाणा ही नहीं बल्कि देश के विकास व समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि गुरु जम्भेश्वर जी, जिनके सम्मान में इस विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है, महान संत, दार्शनिक व वैज्ञानिक सोच के धनी थे। उनकी नैतिक जीवन शैली व पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी सोच को नमन करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि प्रकृति की रक्षा, जीवों के प्रति करूणा, दया का भाव रखना व उन्हें संरक्षण प्रदान करना मानव का नैतिक दायित्य है। वर्तमान में हम जिन पर्यावरण संबंधी समस्याओं का हल खोज रहे हैं, उनमें गुरु जम्भेश्वर जी की शिक्षाएं प्रासंगिक हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी गुरु जम्भेश्वर की शिक्षाओं पर चलकर समाज व देश की तरक्की में अपना योगदान देते रहेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत को ग्लोबल नॉलेज सुपर पावर के रूप में स्थापित करने में उच्च शिक्षण संस्थाओं में किए गए शोध अहम भूमिका निभाएंगे। हाल ही में राष्ट्रपति भवन में हुए एक कार्यक्रम में उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थाओं में शिक्षण के साथ-साथ शोध कार्यों को बढ़ावा देने का आग्रह किया था। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की 30 वर्ष की यात्रा में यहां के विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों के विभिन्न शोध व अनुसंधान परियोजनाओं ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। इस बात की भी खुशी है कि शोध व रोजगार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय में कई विशेष विभाग बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बदलती ग्लोबल डिमांड के अनुसार युवा पीढ़ी को तैयार करना उच्च शिक्षण संस्थाओं के समक्ष बड़ी चुनौती है। देश के संतुलित व सतत विकास के लिए ये भी जरूरी है कि एजुकेशन व टेक्नोलॉजी का लाभ गांव–गांव पहुंचें। इस बात की खुशी है कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में 60 प्रतिशत बच्चे गांव या छोटे शहरों से हैं। ऐसे में गांवों तक शिक्षा व तकनीक पहुंचाने में यह विश्वविद्यालय सहायक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने गांवों व छोटे शहरों से आने वाले विद्यार्थियों से भी अपील की कि वे शिक्षा के महत्व का प्रचार-प्रसार करें।

## सोशल मीडिया का दुरूपयोग रोकने के लिए सख्त कानून बनाये जाने की मांग उठी रास में

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा में सोमवार को सोशल मीडिया के दुरूपयोग पर गंभीर चिंता जताते हुए इस पर रोक के लिए सख्त कानून बनाये जाने की मांग की गयी।

भारतीय जनता पार्टी की कल्पना सैनी ने शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर लोगों को निशाना बनाकर उनके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल और गाली दी जाती है। उन्होंने कहा कि इससे पीड़ित व्यक्ति को काफी पीड़ा पहुंचती है और कई बार वह अवसाद का भी शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस दुरूपयोग को रोकने के लिए सख्त कानून बनाये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों को इस कंटेंट को हटाने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए और लोगों को भी जागरूक किये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतों से समाज में वैमनस्य और असुरक्षा का माहौल बन सकता है।

आम आदमी पार्टी के विक्रमजीत सिंह साहनी ने धर्म परिवर्तन के नाम पर लोगों को डराने और धमकाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ये लोग पैसे कमाने के लिए लोगों को डराते और धमकाते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए अंधविश्वास और काले जादू का इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने इस पर रोक लगाने के लिए कानून बनाये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों को अपराध घोषित कर लोगों को शोषण से बचाया जाना चाहिए। भाजपा की डॉ. मेधा विश्राम कुलकर्णी ने पुणे को हाई स्पीड ट्रेन से जोड़ने की मांग की। उन्होंने कहा कि तेजस और राजधानी तथा अन्य तेज गति की ट्रेनें पुणे के लिए उपलब्ध नहीं है। अभी पुणे जाने वाली ट्रेन में 26 घंटे का समय लगता है। इससे पहले सदन ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य दिवंगत शमशेर सिंह मन्हास को श्रद्धांजलि अर्पित की। उप सभापति हरिवंश ने बताया कि श्री मन्हास ने सदन में जम्मू-कश्मीर का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि श्री मन्हास के निधन से देश ने जम्मू-कश्मीर के विकास के प्रति समर्पित एक योग्य सांसद खो दिया है। सदन ने भारतीय क्रिकेट टीम को आईसीसी चैम्पियंस ट्राफी जीतने पर मेजें थपथपा कर बधाई दी।

## पुरातत्व सर्वेक्षण ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण को दे रहा है महत्व: सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने कहा है कि वह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के जरिये ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और उनकी पहचान के लिए निरंतर काम कर रही है और जहां किसी स्थान विशेष को चिह्नित कर सूचीबद्ध किया गया है, उस पर ही खुदाई आदि का काम होता है। संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि एएसआई का काम बराबर चलता है और सरकार धरोहर के संरक्षण के लिए लगातार काम कर रही है। ऐसे संभावित स्थान जहां धरोहर की पहचान की गई है, उन विरासतों की और प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध हो, इस बारे में निरंतर काम चल रहा है। कई स्थानों पर संग्रहालय भी स्थापित किए जा रहे हैं और खोजी गई धरोहरों के बारे में साहित्य का प्रकाशन किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक महत्व की धरोहर की पहचान और उनको सबके सामने लाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग निजी और सरकारी मोड पर भी काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि किस क्षेत्र में धरोहर है, इनकी पहचान कर उसे सूची में शामिल कर उस स्थान की खुदाई की जाती है। सूची में शामिल करने की भी एक प्रक्रिया है और जब वह प्रक्रिया पूरी होती है तो उसके बाद ही उसे पर आगे की कार्रवाई की जाती है। एक अन्य सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि तमिलनाडु के द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य सदन में सवाल पूछने पर भी राजनीति करते हैं। वे भाषा के नाम पर राजनीति करते हैं और दलीय राजनीति करते हैं, जिससे बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। इस पर द्रमुक सदस्यों ने भारी हंगामा किया और सदन के बीचों-बीच जाकर सरकार विरोधी नारेबाजी भी की।

## विपक्ष ने रेलवे में सुरक्षा, सुविधा के बजाय महंगी ट्रेने चलाने को प्राथमिकता देने का लगाया आरोप

एजेंसी

नयी दिल्ली। विपक्ष ने सोमवार को राज्य सभा में सरकार पर रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा पर ध्यान देने के बजाया वंदेभारत जैसी चमकीली रेलगाड़ियों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।

रेल अधिनियम 1989 में संशोधन के लिए रेल (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा कर इसको पारित करने के रेल मंत्री अश्चिनी वैषण की ओर से पेश प्रस्ताव पर चर्चा में विपक्षी सदस्यों ने यह भी कहा कि सरकार ने रेलवे बोर्ड की स्वायत्ता समाप्त कर दी है और अलग रेलवे बजट की परंपरा को बंद कर रेलवे के कामकाज की पारदर्शिता को खत्म कर दिया गया है। कोविड-19 महामारी के दौरान बुजुर्गों और पत्रकारों के लिए खत्म की गयी सब्सिडी को बहाल नहीं किया गया है तथा रेलवे के किराए मनमाने तरीके से बढ़ा जाने लगे हैं। इस विधेयक को लोक सभा की मंजूरी मिल चुकी है। विधेयक पर रेल मंत्री श्री वैष्णव के प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कंग्रेस पार्टी के सदस्य विवेक तन्खा ने कहा कि यह विधेयक रेलवे में सुधार का एक बड़ा अवसर हो सकता था, जिसे सरकार ने खो दिया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को उद्धरित करते हुए कहा, ल्लरेलवे केवल रेलवे का इंजन और पटरियां नहीं हमारे देश को जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा , 'रेलवे में आज हम सुविघाओं के मनदंड पर खरे नहीं उतर रहे हैं। एयरलाइनों की तरह रेलवे यत्रियों के अधिकार को नोटीफाई किया जाना चाहि जो अब तक शायद इस लिए नहीं हुआ है। रेलवे में गरीब भारत सफर करता है। श्री तन्खा ने शिकायत की कि कोविड के नाम पर पत्रकारों और बुजुर्गों की सुविधा अब तक बहाल नहीं की गयी है । उन्होंने महिलाओं के लिए हर ट्रेन में एक डिब्बा लगाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि , ' रेलवे में कास्मेटिक नहीं, अचछे सुधार की जरूरत है। भारत में तेज गति और अच्छी सुविधा वाली ट्रेने हों पर उनके किरास तर्कसंगत हों। कंग्रेस सदस्य ने कहा कि रेलवे कोई व्यवसायिक संगठन नहीं संस्था है, एक आंदोलन है, गरीबों का वाहन , देश का जान देश की अर्थव्यवस्था की धमनी है। उन्होंने कहा, आप ने केवल सतही बदलाव किया है, आप जनता के बारे में सोचिए । महिलाओं, बुजुर्गों और गरीबों के बारे में सोचिए। उन्होंने रेलवे बजट पेश किए जाने की परंपारा को समाप्त कर उसे आम बजट में मिलाने की आलोचना करते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता खत्म हो गयी है। उन्होंने रेलवे में यत्री सुरक्षा की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि रेलवे में गाड़ियों की टक्कर रोकने के लिए रक्षा-कवच नाम के उपरकरण की घोषणा 2001 के बजट में की गयी थी। लेकिन इसका सभी मार्गों पर इसका अनुपालन नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे में किराए बढ़ा दिए जाते हैं पर रेवले की व्यवस्था में सुधार नहीं दिखता।

श्री तनखा ने कहा कि इस सरकार ने रेलवे के बजट और रेलवे बोर्ड के महत्व को खत्म कर दिया है। रेलवे पर संसद की निगरानी खत्म हो गयी है। रेलवे बोर्ड का सरकारीकरण कर दिया गया है और इसको आज रेल मंत्री नौकरशाही के रवैए से चला रहे हैं। उन्होंने कहा आप विकसित भारत की सोच रखते हैं तो संस्थानों की स्वायत्तता जरूरी है। कंग्रेस सदस्य ने रेलवे बोर्ड को स्वायत्तता प्रदान करने की मांग की। श्री तन्खा ने कहा कि रेवले में सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय होना चाहिए लेकिन लगाता है कि सरकार का इस ओर ध्यान नहीं है। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में हुए विभिन्न रेल हादसों का जिक्र किया जिनमें फरवरी में महाकुंभ के समय नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 मौत की घटना का उल्लेख भी था। उन्होंने कहा, आज प्रौद्योगिकी के युग में ऐसी घटनाओं का दिखना यह सोचने पर मजबूर करता है कि हम किस युग में हैं। दिल्ली की मौतों की जिम्मेदारी क्या कुछ अधिकारियों पर छोड़ा जा सकता है। उन्होंने रेल मंत्री को रेल हादसों पर विगत में रेल मंत्रियों के इस्तीफ़े की पेशकश की याद भी दिलायी। श्री तन्खा ने आंकड़ों को हवाला देते हुए कहा कि चीन ने भारत को रेलवे को बहुत पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने रेलवे में किराए बढाए जाने की रफ्तार और तरीकों पर आपत्ति की कि यह निजी क्षेत्र की संस्था नहीं एक लोक सेवा संगठन है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत की स्पीड सामान्य ट्रेनों से कोई अधिक नहीं है जबकि किराया ज्यादा है। नयी दिल्ली से रीवा (मध्य प्रदेश) के लिए ट्रेन शुरू हुई है लेकिन प्रयाग राज से रीवा पहुंचने में पांच घंटे लग जाते हैं जिससे लोगा प्रयागराज में ट्रेन छोड़ कर सड़क मार्ग से यात्रा करना अच्छा समझते हैं। उन्होंने विभिन्न नीति आयोग और कुछ समितियों की सिफारिशों का उल्लेख करते हुए कहा कि रेलवे के परिचालन में सुधार के लिए रेलवे बोर्ड और रेलवे जोनों की स्वायत्तता महत्वपूर्ण है। तृणमूल कंग्रेस की सुश्री सुष्मिता देब ने कहा कि 2014 से 2023 के बीच 678 रेल दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 781 लोगों की मौत हुई तथा 1500 लोग घायल हुए जिनमें कर्मचारी भी शामिल थे।

## मतदाता सूची पर उठाये जा रहे सवालों को लेकर सदन में चर्चा करायी जानी चाहिए : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची को लेकर विपक्ष के उठाये जा रहे सवालों को लेकर सोमवार को कहा कि सदन में इस पर चर्चा करायी जानी चाहिये। श्री गांधी ने शून्य काल के दौरान मतदाता सूची में गड़बड़ियों को लेकर विपक्षी सदस्यों की ओर से उठायी गयी आपत्तियों के बीच कहा कि पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठा रहा है और आपत्तियां दर्ज करा रहा है। इस मुद्दे पर सदन में चर्चा करायी जानी चाहिये। इससे पहले तृणमूल कंग्रेस के सौगत राय ने कहा कि मतदाता सूची को लेकर जैसा हरियाणा और असम में किया गया, वैसा ही अन्य राज्यों में करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापक छानबीन के बाद मतदाता सूचियों को संशोधित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ठीक ढंग से काम करेंगे, तो सब ठीक रहेगा। तृणमूल कांग्रेस के ही कल्याण बनर्जी ने कहा कि जो खामी वाली मतदाता सूचियां हैं, वे गैरकानूनी हैं और हमारे लिये चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात और हरियाणा से मतदाता बंगाल में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों से चुनाव पारदर्शी नहीं हो रहे हैं।

### 'आसन को धमकी' पर बिरला ने दयानिधि मारन को दी चेतावनी

नयी दिल्ली। लोकसभा में सोमवार को अध्यक्ष ओम बिरला ने द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सदस्य दयानिधि मारन को आगाह किया कि उन्होंने यदि आसन को धमकी देने का प्रयास किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। श्री बिरला ने शून्य काल के दौरान भाषा के मुद्दे पर द्रमुक सदस्यों के शोरगुल के बीच श्री मारन की एक टिप्पणी पर उन्हें चेतावनी देते हुए कहा, ल्लआप आसन को धमकी दे रहे हैं, कोई भी यदि संसद की मर्यादा का उल्लंघन करेगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। मैंने सुश्री कनिमोझी (द्रमुक सदस्य) को मौका दिया है, मैंने मंत्री को मौका दिया है। सदन में शोरगुल के कारण श्री मारन की टिप्पणी सुनाई नहीं पड़ी। द्रमुक सदस्य को अध्यक्ष की चेतावनी के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अध्यक्ष सदैव निष्पक्षता से काम करते हैं और भाषा के मुद्दे पर भी उन्होंने निष्पक्षता से काम करते हुये सभी पक्षों को अपनी बात रखने का मौका दिया है। श्री रिजिजू ने कहा कि श्री मारन ने आज आसन को लेकर जो टिप्पणी की है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है, वह उसकी निंदा करते हैं। इस मामले में सदन की भावना का संज्ञान लेकर कार्रवाई के बारे में विचार किया जायेगा। इससे पहले द्रमुक सदस्य कनिमोझी ने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द प्रधान ने भाषा के मुद्दे पर तमिलनाडु सरकार के बारे में जो टिप्पणी की है, वह उचित नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत त्रिभाषा फार्मूला तमिलनाडु को स्वीकार्य नहीं है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज करायी हैं। उन्होंने कहा कि सभी भाषाओं का सम्मान किया जाना चाहिये। शिक्षा मंत्री प्रधान ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि उनकी किसी बात से किसी की भावना को ठेस पहुंची है, तो वह अपने शब्द वापस लेते हैं।

## उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं करने को लेकर शीर्ष अदालत ने अधिकारियों की खिंचाई की

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दैनिक वेतनभोगियों को नियमित करने के मामले में उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं करने को लेकर जम्मू कश्मीर के अधिकारियों की खिंचाई की और इसे ''हठधर्मिता का स्पष्ट उदाहरण'' बताया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग में 14 से 19 वर्ष तक काम करने वाले दैनिक वेतनभोगियों को नियमित करने के उच्च न्यायालय के 2007 के आदेश का पालन करने के बजाय राज्य अधिकारी उन्हें परेशान करने के लिए 'समझ से परे आदेश' पारित करते रहे। पीठ ने 7 मार्च को अपने आदेश में कहा, ''हम यह कहने के लिए बाध्य हैं कि वर्तमान मामला राज्य के अधिकारियों/प्राधिकारियों द्वारा प्रदर्शित हठधर्मिता का स्पष्ट उदाहरण है, जो स्वयं को कानून की पहुंच से परे समझते हैं। अदालत ने कहा कि प्राधिकारियों की 'निष्क्रियता चौंकाने वाली और प्रथम दृष्टया अवमाननापूर्ण' थी, जिन्होंने 3 मई, 2007 के 'उच्च न्यायालय के सरल आदेश' का अनुपालन करने में लगभग 16 वर्ष लगा दिए। इसलिए, पीठ ने उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा लगाए गए 25,000 रुपये के जुर्माने में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि अधिकारियों के साथ 'सख्ती' से निपटा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसका मानना है कि उच्च न्यायालय द्वारा लगाया गए ''प्रतीकात्मक जुर्माने' में किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। दैनिक मजदूरों द्वारा 2010 में दायर अवमानना ??याचिका पर एकल न्यायाधीश के 16 अक्टूबर, 2024 के आदेश के खिलाफ केंद्र शासित प्रदेश को राहत देने से उच्च न्यायालय ने 4 दिसंबर, 2024 को इनकार कर दिया था और कहा था कि अधिकारियों ने 2007 के आदेश का पालन नहीं किया है। प्रशासन के वकील ने कहा कि एकल न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों की गिरफ्तारी का आदेश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''एकल न्यायाधीश ने सही किया है।'' पीठ ने कहा कि मामला ''दोषी अधिकारियों पर अनुकरणीय जुर्माना लगाने के साथ ही उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश करने के लिए उपयुक्त भी है। पीठ ने कहा, ''हालांकि, हम वर्तमान में ऐसा करने से खुद को रोक रहे हैं, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि अवमानना कार्यवाही अभी भी एकल न्यायाधीश के समक्ष लंबित है। इसलिए, हम एकल न्यायाधीश से साप्ताहिक आधार पर अवमानना मामले की सुनवायी करने और यह सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हैं कि कानून की गरिमा और शुचिता अच्छी तरह से बनी रहे। ग्रामीण विकास विभाग में काम करने वाले दैनिक वेतनभोगियों के एक समूह ने 2006 में उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके अपनी नौकरियों को इस आधार पर नियमित करने का अनुरोध किया था कि उन्होंने 14 से 19 वर्षों के बीच काम किया है।

### भारत में विमान निर्माण के लिए एसपीवी स्थापित किया जाएगा: नायडू

नयी दिल्ली। केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार क्षेत्रीय परिवहन विमान बनाने के लिए एक विशेष प्रयोजन इकाई (एसपीवी) स्थापित करने की प्रक्रिया में है। श्री नायडू ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत में विमानों और इसके घटकों के निर्माण के लिए आवश्यक नीतियां मौजूद हैं। मंत्री ने आगे की रणनीति के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सरकार ने एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है और क्षेत्रीय परिवहन विमान के विनिर्माण के लिए एक विशेष प्रयोजन इकाई (एसपीवी) स्थापित करने की प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा, ल्लहमारे पास पांच साल के लिए एक एसपीवी बनाने की योजना है, जो सभी आवश्यक हितधारकों को लाएगी। देश की मौजूदा स्थिति का अध्ययन करेगी और एक रोडमैप तैयार करेगी। उन्होंने विमान घटक विनिर्माण और एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल) गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुये कहा कि इन पर एक समान एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागरिक विमानन बाजारों में से एक है और घरेलू वाहकों ने 1,500 से अधिक विमानों के ऑर्डर दिए हैं।

## पेज एक का शेष

### नोएडा पावर कंपनी...

को कम आपूर्ति हुई है तो इसका मुआवजा भी उपभोक्ताओं को दिलवाया जाए। अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि एनपीसीएल के पांच साल के आंकड़े सामने आने के बाद कम आपूर्ति का मामला अपने आप खुल जाएगा।

### 10 से 25 हजार...

महाविद्यालय, बुलंदशहर परिसर में अब तक नर्सिंग कॉलेज के लिए भूमि उपलब्ध नहीं थी। मंत्रिमण्डल की बैठक में सैफई (इटावा) स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में ऑब्स एंड गायनी ब्लॉक के निर्माण के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 300 बेड के अस्पताल में पीडियाट्रिक ब्लॉक को भी शामिल किया गया है। इसके लिए 23,217.17 लाख रुपये के वित्तीय एवं प्रशासकीय प्रस्ताव को मंत्रिमण्डल ने स्वीकृत कर लिया है। चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यूपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम कॉरिडोर के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की 8,684.68 वर्ग मीटर भूमि को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किया गया है। वहीं द्वितीय कॉरिडोर के लिए गृह विभाग की 20,753 वर्ग मीटर भूमि को भी आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को निःशुल्क दिया गया है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग 90 वर्ष की लीज पर और 30-30 वर्ष के नवीनीकरण के प्राविधानों के सहित एक रुपये प्रतीक मूल्य पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को भूमि हस्तांतरित करेगा। इसे लेकर मंत्रिमण्डल की स्वीकृति मिल गई है। राज्य स्मार्ट सिटी योजना को दो साल के लिए बढ़ाने का निर्णय मंत्रिमण्डल की बैठक में लिया गया है। यह योजना प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों के लिए लागू होगी। पहले यह योजना पांच साल के लिए थी, लेकिन अब इसे राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत विस्तार दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने 2019-20 में प्रदेश में 10 स्मार्ट सिटी का चयन किया था, जबकि प्रदेश सरकार ने सात शहर, गाजियाबाद, मेरठ, फिरोजाबाद, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, शाहजहांपुर और गोरखपुर को भी इसमें शामिल किया था। इस विस्तार से शहरी विकास को नई गति मिलेगी। योगी मंत्रिमण्डल की बैठक में पैक्सफ़ेड ग्रुप के अंतर्गत उप्र सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी कताई मिलों की 451.20 एकड़ भूमि के औद्योगिक प्रयोग के लिए यूपीसीडा को निःशुल्क हस्तांतरित करने को स्वीकृति प्रदान की गई है। उप्र सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी इकाइयों में महमूदाबाद (सीतापुर) में 71.02 एकड़, फतेहपुर में 55.31 एकड़, मऊआइमा (प्रयागराज) में 85.24 एकड़, बहादुरगंज (गाजीपुर) में 78.92 एकड़, कम्पिल (फर्रुखाबाद) में 82.15 एकड़ और बुलंदशहर में 78.56 एकड़ भूमि यूपीसीडा को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। इन जमीनों पर नई औद्योगिक इकाईयों की स्थापना की जाएगी। कैबिनेट की बैठक में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड के अंतर्गत डीटीआईएस की स्थापना के लिए एसपीवी को 0.8 हेक्टेयर भूमि निःशुल्क हस्तांतरित करने को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई है। डीटीआईएस फैसिलिटी का विकास एक कॉमन टेस्टिंग फैसिलिटी सेंटर के रूप में किया जाएगा। इसमें लखनऊ नोट के अंतर्गत स्थापित रक्षा इकाईयों द्वारा अपने उत्पादों का परीक्षण एवं सर्टिफिकेशन के लिए किया जाएगा। मंत्रिमण्डल की बैठक में हरदोई की तहसील सदर परगना गोपामऊ के ग्राम दही में महर्षि दधीचि कुण्ड के आस पास पर्यटन विकास के लिए बंजर श्रेणी की 0.850 हेक्टेयर शासकीय भूमि को पर्यटन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित करने को स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा साइंस एंड टेक्नोलॉजी परिषद् में 25 साल से कार्यरत सात कर्मचारियों को परिषद् कार्मिकों की भांति सातवें वेतन आयोग का लाभ देने का फैसला भी बैठक में लिया गया।

### संभल में भाजपा ...

गुलफाम सिंह यादव की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मृतक गुलफाम सिंह यादव का पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घटना की जांच के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरो को खंगाला जा रहा है। कुछ अहम सुराग भी पुलिस के हाथ लगे हैं। आरएसएस से सामाजिक जीवन की शुरुआत करने वाले गुलफाम सिंह यादव वर्ष 2004 के उपचुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के विरुद्ध गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े थे। गुलफाम सिंह यादव जिला बदायूं के भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य तथा उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भी रहे थे।

### उत्कृष्ट विधायिका...

पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन के तत्वावधान में संपन्न होगा। इससे पूर्व कानपुर में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड की महिला विधायकों का सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है। सीपीए इंडिया रीजन के ज़ोन-1 में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को सम्मिलित किया गया है। श्री महाना ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का हाल ही में संपन्न हुआ बजट सत्र अत्यंत सफल रहा। यह सत्र लंबी अवधि तक चला और इसमें न्यूनतम व्यवधान हुए। इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण एवं बजट पर कुल 298 विधायकों ने अपने विचार व्यक्त किए। बीते तीन वर्षों में केवल दो अवसरों पर ही सदन स्थगित किया गया। सदन में जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई, जिससे यह प्रमाणित होता है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा, पूरे देश के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

### वानुआतु के प्रधानमंत्री...

उच्चायोग में आवेदन किया है। इसकी जांच मौजूदा नियमों और प्रक्रियाओं के आलोक में की जाएगी। हमें यह भी बताया गया है कि उन्होंने वानुआतु की नागरिकता हासिल कर ली है। हम कानून के तहत उनके खिलाफ मामले को आगे बढ़ाते रहेंगे। ललित मोदी आईपीएल के प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान करोड़ों रुपये के गबन में कथित संलिप्तता के लिए भारत में वांछित हैं।

# देसंविवि में कुलपताका फहराने के साथ उत्सव-25 का हुआ शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

■ उत्सव जो उमंग से भर दे: डॉ. चिन्मय पण्ड्या
क्रिकेट मैच में कुलाधिपति एकादश को हराकर छात्र एकादश ने मैच जीता

हरिद्वार। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में क्षमता एवं प्रतिभा को नई पहचान देने और सम्मानित के करने के उद्देश्य से उत्सव-2025 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने विवि में ध्वजारोहण के साथ खेल के नियमों का पालन करने की प्रतिज्ञा दिलवाई। इस दौरान राजपथ पर परेड में चयनित एनसीसी और एनएसएस के प्रतिभागियों ने खेल मशाल को लेकर ग्राउंड की परिक्रमा की। उत्सव-2025 के प्रथम दिन क्रिकेट, मेंहदी प्रतियोगिता, बॉलीबाल सहित विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साह एवं उमंग के साथ भागीदारी की।

शुभारंभ के अवसर पर प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि उत्सव-2025 हम सभी में उत्साह व उमंग भर दे। खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम को सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में मनाने से एक दूसरे के प्रति आत्मीयता का भाव उत्पन्न होता है, जो पारिवारिकता के लिए सर्वोपरि है। प्रतिभागियों को दिये अपने संदेश में देसंविवि के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं कुलसंरक्षिका शैलदीदी ने कहा कि विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक एवं मानसिक विकास करना है, ताकि वे समाज में अपनी भूमिका को समझें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें। उन्होंने कहा कि वे इस उत्सव का हिस्सा बनकर अपने अंदर की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारें और एक दूसरे के साथ मिलकर इस अद्भुत वातावरण का आनंद लें। खेल अधिकारी नरेन्द्र सिंह के अनुसार देसंविवि के 23वें वार्षिकोत्सव उत्सव-2025 के



प्रथम सत्र में क्रिकेट मैच कुलाधिपति एकादश व विद्यार्थी एकादश के बीच हुआ। टॉस जीतकर कुलाधिपति एकादश ने निर्धारित 12 ओवर में 98 रन बनाये। प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कई खूबसूरत शॉट लगाये। प्रतिकुलपति ने 35 तथा व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरि ने 15 रन का योगदान दिया। जवाब में विद्यार्थी एकादश 12वें ओवर के अंतिम गेंद में छक्का लगाकर मैच जीत लिया। जेवलिन थ्रो के छात्रा वर्ग में निशिका आर्य को हराकर वसुंधरा कश्यप ने 25.3 मीटर के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में वसुंधरा को प्रथम एवं दिव्यांशी को दूसरा स्थान मिला। सांस्कृतिक विभागाध्यक्ष डॉ. शिवनारायण प्रसाद ने बताया कि शास्त्रीय संगीत, एकल गायन, समूह गायन, नृत्य, वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि के प्रथम चरण में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इन प्रतियोगिताओं का फायनल 12 मार्च को होगा।

इस अवसर पर कुलपति शरद पारधी, प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या, कुलसचिव बलदाऊ देवांगन सहित विवि परिवार, शांतिकुंज व ब्रह्मवर्चस शोध संस्थान के अंतेवासी कार्यकर्त्ता गण मौजूद रहे।

## गाजीपुर में गोली मारकर युवक की हत्या, आक्रोशित परिजनों ने लगाया जाम

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली जिले के गाजीपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर फूल मंडी के पास बीती रात रोहित (32) नामक एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके विरोध में आक्रोशित परिजनों ने सोमवार सुबह जाम लगा दिया, जिसे बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर खुलवाया। पूर्वी जिले के डीसीपी अभिषेक धानिया ने आज यहां बताया कि गाजीपुर गांव का निवासी रोहित बीती रात गोली लगने से घायल हो गया था। उसे एलबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रदर्शन किया और जाम लगा दिया। इसके कारण एनएच-24 पर लम्बा जाम लग गया, और आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया और जाम खुलवाया। पुलिस ने उक्त मामले में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल स्थानीय पुलिस के अलावा जिले की अन्य यूनिट को भी जांच में लगाया गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस हत्याकांड के मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

# उत्तराखंड भाजपा ने 17 जिलों में नए जिलाध्यक्ष किए नियुक्त, सूची जारी




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तराखंड के 17 जिलों में नए जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने सूची जारी करते हुए भरोसा जताया कि नव नियुक्त जिलाध्यक्ष पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी के लिए कार्य करेंगे।

घोषित सूची के अनुसार, उत्तरकाशी में नागेन्द्र चौहान, चमोली में गजपाल बाल, रुद्रप्रयाग में भारत भूषण भट्ट, टिहरी में उदय सिंह रावत, देहरादून ग्रामीण में मीता सिंह, देहरादून महानगर में सिद्धार्थ अग्रवाल, ऋषिकेश में राजेंद्र तडियाल, हरिद्वार में आशुतोष शर्मा, पौड़ी में कमल किशोर रावत, कोटद्वार में राजगौरव नौटियाल, पिथौरागढ़ में गिरीश जोशी, बागेश्वर में प्रभा गडिया, अल्मोड़ा में महेश नयाल, चंपावत में गोविंद सामंत, नैनीताल में प्रताप सिंह बिष्ट, काशीपुर में मनोज पाल और उधमसिंहनगर में कमल कुमार जिंदल को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। रुड़की समेत कुछ अन्य जिलों में जिलाध्यक्षों की घोषणा अभी शेष है।

# महिलाओं को अधिकारों व कृषि तकनीकों पर जागरूक करने हेतु कार्यशाला का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। बायफ डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में निकटवर्ती गांव रसूलपुर शिवदासपुर में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने जानकारी दी कि किसान की प्रमुख फसलों में एक गन्ने की 0238 किस्म में लगातार बीमारियां बढ़ने से गन्ने की फसल खराब हो रही है। साथ ही गन्ने में बढ़ रही बीमारियों का प्रभाव मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। किसानों को गन्ने को बीमारियों से बचाने के लिए बीज को उपचारित कर बुवाई करनी चाहिए तथा



किसानों को गन्ने की नर्सरी अवश्य तैयार करनी चाहिए। नर्सरी तैयार करने से ही गन्ने को बीमारियों से बचाया जा सकता है। उन्होंने किसानों को स्वस्थ गन्ने का बीज उपयोग करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इन दिनों गेहूं की फसल में प्रमुख रूप से येलो रस्ट बीमारी का प्रकोप बढ़ रहा है, इससे फसल को बचाने के लिए किसानों को प्रॉपिकॉनाजोल दवाई का स्प्रे करना चाहिए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष रीता सैनी ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। देश की प्रगति में महिलाओं की समान भागीदारी है। उन्होंने सभी महिलाओं से अपनी बच्चियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने पर भी जोर दिया। वायफ परियोजना अधिकारी रामकृष्ण ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने संस्था द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी किसानों को दी। साथ ही फार्मर्स फील्ड स्कूल की महिला किसानों के साथ प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई और प्रश्नोत्तरी जितने वाली महिलाओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## चरस के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी सीज

हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस व सीआईयू की संयुक्त टीम ने अलग-अलग स्थानों से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो किलो से अधिक चरस बरामद की है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत ज्वालापुर कोतवाली पुलिस व सीआईयू की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नेहरू युवा केंद्र के पास निकट सेक्टर 2 ज्वालापुर से आरोपित अफजाल उम्र 34 वर्ष पुत्र यामीन निवासी ग्राम इक्कड खुर्द थाना पथरी जनपद हरिद्वार के पास से 1.110 किलो ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को भी सीज कर दिया है।

## एफबीआई वांछित अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया पंजाब के तरनतारन में गिरफ्तार

तरनतारन। पंजाब में तरनतारन पुलिस ने अमेरिकी के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) द्वारा वांछित एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान शहनाज़ सिंह उर्फ शॉन भिंडर के तौर पर की गयी है। वह एक वैश्विक नारकोटिक्स सिंडिकेट का प्रमुख सदस्य था, जो कोलंबिया से अमेरिका और कनाडा में कोकीन की तस्करी करता था। डीजीपी ने बताया कि यह कार्रवाई गत 26 फरवरी को अमेरिका में उसके सहयोगियों की गिरफ़्तारी के बाद की गई, जिनकी पहचान अमृतपाल सिंह उर्फ अमृत उर्फ बाल, अमृतपाल सिंह उर्फ चीमा, तकदीर सिंह उर्फ रोमी और सरबसित सिंह उर्फ सबी, और फर्नांडो वलाडारेस उर्फ फ्रैंको के तौर पर हुई है।

# मंत्री ने अंबेडकर आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूर्वी चंपारण। जिले के सुगौली प्रखंड के सुगांव स्थित राजकीय अंबेडकर आवासीय विद्यालय का सोमवार को बिहार सरकार के एससी एसटी कल्याण मंत्री जनक चमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने स्कूल में पढ़ने वालो बच्चों से स्कूल की व्यवस्था,पढ़ाई छात्रावास व भोजन के बारे में विस्तृत जानकारी ली। मंत्री ने स्वयं रसोई रूम में जाकर बन रहे भोजन को देखा और भोजन में दिए जाने वाले व्यंजन के बारे में जानकारी ली। छात्रावास का निरीक्षण करते हुए कमरे की साफ-सफाई व रख-रखाव का जायजा लिया। बच्चों को सरकार से मिलने वाली सामग्री व पाठ्य पुस्तक के बारे में जानकारी ली। साथ ही मौके पर मौजूद जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि



विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को किसी तरह की दिक्कत नही होने चाहिए। स्कूल में बेहतर पढ़ाई के साथ ही यहां आवासित बच्चों को मेनू के अनुसार बेहतर भोजन मिले।स्कूल में साफ सफाई ठीक से हो।विद्यालय में किसी तरह की अनियमितता हुई तो विभागीय कार्रवाई होना तय है।इस दौरान उन्होने एचएम को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि विद्यालय में ससमय बेहतर शिक्षा व्यवस्था हो।बच्चों को किसी तरह की दिक्कत नही होनी चाहिए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सर्राफ,जिला कल्याण पदाधिकारी,विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षक मौजूद थे।

## नमाज अदा कर लौट रहे व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

■ पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने घटनास्थल का किया निरीक्षण, रक्सौल डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूर्वी चंपारण। जिले के रामगढवा थाना क्षेत्र में तरावीह की नमाज अदा कर लौट रहे व्यक्ति के सीने में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। घटना रविवार की रात रामगढ़वा थाना के बैरिया पंचायत के आर्यानगर की है। जहां बदमाशों ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। मृतक की पहचान 53 वर्षीय शेख नुरेन के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची रामगढ़वा थाना पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।स्थानीय लोगो के मुताबिक रविवार रात 9.30 बजे के आसपास बदमाशों ने शेख नुरेन के सीने में गोली मारी और घटना को अंजाम देने के बाद पैदल ही भाग निकले। बदमाशों की संख्या दो बताई जा रही है। गोली लगते ही शेख नुरेन जमीन पर गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सोमवार को पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद मीडिया को बताया कि घटना को लेकर रक्सौल डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। प्रथम दृष्टया आपसी दुश्मनी में घटना की बात सामने आ रही है। घटना में दो अपराधी शामिल हैं।

# गायक कुमार सानू ने कैंची धाम में टेका माथा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नैनीताल। प्रसिद्ध गायक कुमार सानू सोमवार सुबह अपने परिवार के साथ जिले में स्थित कैंची धाम पहुंचे और बाबा नींब करौरी महाराज के दर्शन किए। इससे पहले रविवार को भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने भी कैंची धाम पहुंचकर बाबा नींब करौरी का आशीर्वाद लिया था।

फिल्म जगत के गायक कुमार सानू अपने परिवार के साथ सुबह कैंची धाम मंदिर पहुंचे। पूजा अर्चना के दौरान कुमार सानू ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और देश की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। यहां ग्राम प्रधान पंकज निगलटिया ने उनका स्वागत किया और मंदिर की दिनचर्या को लेकर चर्चा की। कुमार सानू ने कहा कि उन्होंने बाबा के बारे में बहुत सुना था, लेकिन आज पहली बार उनके दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि बाबा का आशीर्वाद हमेशा उनके साथ रहता है और यहां आकर उन्हें मानसिक शांति मिली। उन्होंने यह भी कहा कि वे



जल्द ही दोबारा बाबा के दर्शन के लिए आएंगे। कैंची धाम में दर्शन के दौरान सैकड़ों प्रशंसकों ने कुमार सानू के साथ सेल्फी ली और यादगार पल साझा किए। बाबा के कैंची धाम में हर रोज देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए यहां पहुंचते हैं। उल्लेखनीय है कि शनिवार को भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी रिंकू सिंह भी नैनीताल पहुंचे थे। रिंकू सिंह ने यहां रिंग हॉल में टेबल टेनिस खेला और फिर पास में ही मैगी का स्वाद लिया। रविवार सुबह उन्होंने कैंची धाम में बाबा नींब करौरी का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर रिंकू सिंह ने कहा कि बाबा के प्रति उनकी गहरी आस्था है और जब भी समय मिलता है, वह दर्शन के लिए जरूर आते हैं। रिंकू सिंह ने कहा कि आगामी आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन के लिए वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं और प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।इस दौरान उनके साथ हल्द्वानी के क्रिकेटर आर्यन जुयाल, नैनीताल क्रिकेट सचिव रवि जोशी, दीप कुंवर समेत कई अन्य साथी भी मौजूद रहे।

## होली से परहेज तो क्यों बेचते हैं रंग गुलाल मुस्लिम : हरिभूषण ठाकुर

पटना। बिहार विधानमंडल के परिसर में बजट सत्र के सातवें दिन आज भाजपा के फायरब्रांड विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने होली में रंग गुलाल और अबीर की बिक्री मुस्लिम समुदाय के लोगों को नहीं करने की नसीहत दी है। भाजपा के विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा है कि होली में रंग-गुलाल और अबीर के बिक्री मुस्लिम समुदाय के लोग ना करें। रंग-गुलाल लगवाने से मुसलमानों को परहेज होता है, तो बिक्री क्यों करते हैं ? होली जुम्मे (शुक्रवार) के दिन है, हिंदुओं को होली मनाने दें, अगर रंग से आपत्ति है तो उसे दिन घर से ना निकलें। वैसे भी साल में 52 जुम्मा (शुक्रवार) होता है। एक दिन नहीं ही निकलें और बड़ा दिल दिखाएं । भाजपा विधायक के विवादित बयान पर राज्य में सहयोगी पार्टी जदयू ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि उनके व्यक्तिगत बयान से हम लोग सहमति नहीं रखते । सबको, सब तरह की दुकान चलाने का अधिकार है। बिहार में बिहार मॉडल चलता है, अब तो देश में भी बिहार मॉडल चलता है। सभी धर्म-समप्रदाय के लोग आपस में भाई हैं। हरिभषण ठाकुर के बयान पर राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह ने कहा है कि यह लोग समाज में वैमनस्यता फैलते हैं, उनके बयान के झांसे में कोई अब आने वाला नहीं है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063